सुप्रभात
रांची, गुरुवार
20.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 10

12 परमार ने स्विमिंग पूल के किनारे फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### रेल यात्रियों को ₹20 में मिलेगा पूड़ी, सब्जी-अचार

**नयी दिल्ली।** देश में चुनावी मौसम शुरू होते ही भारतीय रेलवे को गरीबों की याद आने लगी है। इसी क्रम में अब जनरल डिब्बे में यात्रा करने वालों के लिए मात्र 20 रुपये में पूड़ी–सब्जी उपलब्ध कराने का फैसला किया है।

### टीएसपीसी का जोनल कमांडर रोहित धराया

**रांची।** टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के जोनल कमांडर रोहित गंझू को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि टीपीसी जोनल कमांडर विनोद महतो उर्फ मुरारी गिरोह का सक्रिय सदस्य रोहित गंझू बुढ़मू बाजार आया हुआ है।

### पार्थ चटर्जी के खिलाफ जांच की मिली अनुमति

**कोलकाता।** शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई को पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ जांच शुरू करने की अनुमति मिल गयी है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सीबीआई को मुकदमा शुरू करने का आदेश दे दिया है।

### रांची : स्कूल बस दुर्घटना में कई बच्चे हुए गंभीर

**रांची।** शहर के ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित इरबा में बुधवार को माउंट कारमेल स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसमें बस सवार 12 से अधिक बच्चे घायल हो गये। सभी बच्चे क्योरेस्टा ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराये गये हैं। इनमें तीन की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

### सेना के टेंट में आग से एक अधिकारी की मौत

**नयी दिल्ली।** लद्दाख के सियाचिन में बुधवार को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में एक टेंट में आग लगने से सेना के एक कैप्टन की मौत हो गयी, जबकि एक लेफ्टिनेंट कर्नल सहित तीन अन्य सैनिक घायल हो गये।

### एनडीए-इंडिया से अलग हैं 11 राजनीतिक दल

**नयी दिल्ली।** देश के 65 राजनीतिक दलों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग/ एनडीए) और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) दोनों में से किसी एक मोर्चे का साथ चुन लिया है, लेकिन 11 महत्वपूर्ण दल ऐसे भी हैं जो अब तक किसी पाले में नहीं हैं। इन 11 दलों के कुल 91 सांसद हैं।

### परिजनों से दुर्व्यवहार में खूंटी का डॉक्टर सस्पेंड

**खूंटी।** मरीज के परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करने पर सदर अस्पताल के डॉ विपिन फुलजेंस खलखो को निलंबित कर दिया गया है। जिला प्रशासन की अनुशंसा पर सरकार के संयुक्त सचिव विद्यानंद शर्मा ने आदेश जारी किया है।

### पटना लाठीचार्ज की रिपोर्ट अध्यक्ष को सौंपी

**नई दिल्ली /रांची।** बिहार के पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के घायल होने और एक कार्यकर्ता की मौत के संबंध में गठित जांच कमेटी ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को सौंपी।

### गवर्नर ने लिया स्टेट गेस्ट हाउस का जायजा

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कांके रोड स्थित राजभवन के मदरा मुंडा राजकीय अतिथिशाला का अवलोकन किया। साथ ही वहां व्याप्त सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

**संसद का मानसून सत्र आज से, विपक्ष ने कसी कमर, सर्वदलीय बैठक में गिनाये मुद्दे**

# सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले मानसून सत्र से पहले बुधवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने मणिपुर की स्थिति पर पीएम मोदी मोदी के बयान की मांग, ओडिशा रेल हादसे, भारत-चीन सीमा स्थिति, महंगाई, संघीय ढांचे पर प्रहार जैसे मुद्दों पर चर्चा कराने एवं महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने कहा। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार मणिपुर की स्थिति के बारे में चर्चा कराने की विभिन्न दलों की मांग पर सरकार को कोई आपत्ति नहीं है। आसन की अनुमति एवं संबंधित नियमों के तहत सदन में सभी मुद्दों पर चर्चा करायी जा सकती है। केंद्र सरकार की तरफ से बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में सत्र से संबंधित कई मुद्दों पर विमर्श हुआ। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो कर 11 अगस्त तक चलेगा।



**ताली एक हाथ से नहीं बजती :** सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने के बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ताली एक हाथ से नहीं बजती। अगर सरकार सदन चलाना चाहती है तो उसे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका देना चाहिए। कांग्रेस ने सरकार से मणिपुर की स्थिति एवं ओडिशा रेल हादसे जैसे मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग की। विपक्ष ने मणिपुर स्थिति पर पीएम के बयान की भी मांग की। उन्होंने कहा कि हम पहले दिन इस मुद्दे पर सदन में कार्यस्थगन प्रस्ताव लाना चाहते हैं क्योंकि मणिपुर की स्थिति खराब हो रही है। बीजद के राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा ने कहा कि उनकी पार्टी ने महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने की मांग की, जिसे कई दलों का समर्थन मिला।

(शेष पेज 11 पर)

### कार्य मंत्रणा समिति की बैठक

शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल ने संवाददाताओं से कहा कि लोगों का पैसा बर्बाद नहीं होना चाहिए और सदन में कामकाज चलना चाहिए। सूत्रों ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलायी गयी कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में कहा कि सरकार मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में चर्चा को तैयार है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 20 जुलाई को होगी। सत्र 11 अगस्त तक चलना प्रस्तावित है। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें प्रस्तावित हैं। सत्र शुरू होने के पहले सर्वदलीय बैठक की परंपरा रही है।

# भारत-ए ने पाकिस्तान को आठ विकेट से रौंदा

**इमर्जिंग एशिया कप**

- साई सुदर्शन ने ठोका शतक सेफा में पहुंची टीम इंडिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** धाकड़ बल्लेबाज साई सुदर्शन के शानदार शतक की बदौलत भारत ए ने इमर्जिंग एशिया कप में पाकिस्तान-ए को 8 विकेट से रौंद कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। 21 जुलाई को भारत का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। भारत की इस टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है। सुदर्शन 110 गेंद पर 104 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाये। यश ढुल की कप्तानी में भारत ए की युवा टीम लगातार छठे मैच में जीती है। टॉस जीत कर पहले खेलते हुए पाकिस्तान को भारतीय गेंदबाजों ने 205 के स्कोर पर समेट दिया था। इंडिया-ए टीम की तरफ से ऑलराउंडर राजवर्धन हेंगरगेकर ने



कमाल ने पांच विकेट लेकर पाकिस्तान के बैटिंग ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया। आठ ओवरों की गेंदबाजी में उन्होंने 42 रन खर्च कर सर्वाधिक पांच विकेट हासिल किये।

(शेष पेज 11 पर)

**गैंगस्टर्स पर नकेल की रणनीति तैयार, डीजीपी ने ली एसपी की क्लास**

# राज्य की जेलों से तड़ीपार होंगे मोस्ट वांटेड अपराधी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की जेलों से अपराध की हुकूमत चला रहे अपराधियों को अब तड़ीपार किया जायेगा। डीजीपी अजय कुमार सिंह की ओर से राज्य भर के आइपीएस अधिकारियों की बुलाई गई हाईलेवल मीटिंग के दौरान यह फैसला लिया गया। इस बाबत सभी एसपी को सक्रिय अपराधियों की सूची मांगी गई है, ताकि उस पर जल्द कार्रवाई की जा सके।

**झारखंड के कुख्यात अपराधियों को दूसरे राज्य में शिफ्ट करने की तैयारी** : झारखंड में हाल के दिनों में बड़ी आपराधिक घटनाओं को देखते हुए डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुलिस मुख्यालय में हाई लेवल समीक्षा बैठक की।

**डीएसपी-दारोगा पर गोलीबारी को लेकर मुख्यालय गंभीर :** पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम कसने को लेकर रणनीति पर मंथन किया गया। पुलिस मुख्यालय ने पतरातू में एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और दरोगा सोनू कुमार पर फायरिंग के केस को काफी गंभीर माना है। बैठक के दौरान अमन साव गिरोह के अलावा वे सभी गिरोह जो झारखंड पुलिस को चुनौती दे रहे हैं उनकी गतिविधियों पर लगाम लगाने को लेकर फैसले लिया गया।




**कौन कौन से गिरोह निशाने पर :** राज्य पुलिस मुख्यालय के द्वारा अमन साव, अमन श्रीवास्तव, अमन सिंह, विकास तिवारी, सुजीत सिन्हा, अखिलेश सिंह, सुधीर दूबे, प्रिंस खान समेत अन्य आपराधिक सरगना व उनके गिरोह निशाने पर हैं। पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक में डीजीपी के अलावा राज्य के सभी पुलिस विंग के प्रमुख, सभी एडीजी, आईजी अभियान, सभी रेंज आईजी, डीआईजी और सभी जिलों के एसपी शामिल थे।

**सीएम ने 188 योजनाओं की दी सौगात, लाभुकों में बांटी परिसंपत्ति**

# बेहतर शिक्षा के साथ खेलों पर भी सरकार का जोर : हेमंत

- राज्य के विकास को गति दे रही है झारखंड सरकार
- राज्य में शुरू हुई नियुक्ति प्रक्रिया अब चलती रहेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/गिरिडीह।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यह सरकार हर किसी की बात सुनती है और उसका समाधान करती है। उन्होंने कहा कि अब निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा सरकारी विद्यालय में देने की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिये हैं। वहीं राज्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास की दिशा में भी कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। राज्य में बेरोजगार के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। सीएम श्री सोरेन बुधवार को गिरिडीह के डुमरी में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के साथ लगातार संवाद कर रही है। मैं भी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहा हूं, ताकि योजनाओं की जमीनी हकीकत के साथ आपकी समस्याओं को जान-समझ सकूं।

(शेष पेज 11 पर)

### लटकाना नहीं समाधान का काम हो रहा है



सीएम ने कहा कि झारखंड बने दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं, पर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार एवं कई अन्य क्षेत्र में राज्य वासियों की उम्मीदें पूरी नहीं हो सकी हैं। हमारी सरकार विभिन्न चुनौतियों के बीच लगातार राज्य के विकास को गति दे रही है। बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया हमने शुरू कर दी है। यह आगे भी यह जारी रहेगी। प्रतियोगिता परीक्षाओं का रिजल्ट समय पर प्रकाशित हो और इसमें पूरी पारदर्शिता का ख्याल रखा जाये, इस बाबत अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये गये हैं। कहा कि हमारी सरकार समस्याओं को लटकाने की बजाये, उसके निपटारे की नीति पर कार्य कर रही है। पारा शिक्षकों और सहायिका-सेविका के वर्षों से लंबित मांगों को पूरा करने का काम किया है। सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना फिर से बहाल कर दी गयी है।

# डीएसपी को गोली मारने वाला बॉबी साव गिरफ्तार

**लोहरदगा में एक पुलिस के घर से एटीएस ने दबोचा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रामगढ़ जिले के पतरातू में डीएसपी नीरज कुमार और दरोगा सोनू साव को गोली मारने वाला अपराधी बॉबी साव को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद बॉबी और उसकी पत्नी बिनीता मंगलवार रात को लोहरदगा के भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों गांव में अपने फूफा ससुर शिशिर प्रजापति के घर छिपा था। शिशिर झारखंड पुलिस में आरक्षी चालक के पद पर कार्यरत है। एटीएस टीम को इसकी भनक लग गयी थी। इसके बाद बॉबी को पकड़ने के लिए एटीएस और पतरातू पुलिस भौंरो गांव पहुंची। उस वक्त घर में शिशिर की पत्नी, बेटी और बेटा मौजूद था। एटीएस की टीम ने बॉबी को गिरफ्तार किया और अपने साथ रांची ले आयी। इसके बाद बुधवार की सुबह बॉबी की पत्नी वापस अपने घर चली गयी।

(शेष पेज 11 पर)

### कोयला कारोबारी गोलीकांड में भी था शामिल



गत सात जुलाई को रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता को गोली मारने में अमन साहू गिरोह का शार्प शूटर चंदन साव के साथ बॉबी खान भी शामिल था। गिरफ्तार अपराधी जेल में बंद अमन साहू के नाम पर कोल कंपनियों के अधिकारियों और अन्य व्यापारियों को जान से मारने की धमकी देकर उनसे मोटी रंगदारी वसूलने का काम करते थे।

### झारखंड में बढ़ रहे अपराध पर हर हाल में लगायें लगाम : गृह सचिव

**रांची।** झारखंड के गृह सचिव अविनाश कुमार ने बुधवार को सभी जिलों के एसपी के साथ बैठक कर कहा कि पुलिस नये अपराधियों पर विशेष निगरानी रखे। जमीन के विवाद सहित बुजुर्गों की समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करें। गृह सचिव सभी जिलों में अपराध नियंत्रण के लिए की गयी कार्रवाई की अद्यतन जानकारी भी ली। उन्होंने ड्रग्स नेटवर्क का पता कर संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। संगठित रूप से किये जाने वाले अवैध उत्खनन (कोयला, आयरन ओर, बालू और पत्थर) पर पूर्णतः रोक लगाने, शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास बेचे जाने वाले ड्रग्स पैडलर्स को चिह्नित कर गिरफ्तार कर उसपर रोक लगाने का निर्देश दिया।

**समय और स्थान बदलकर वाहन चेकिंग कराने के निर्देश :** डीजीपी ने सभी जिला में समय और स्थान बदलकर वाहन चेकिंग कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, टेंपो स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों के आस-पास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। ताकि अपराधियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं लगे और छोटे-छोटे अपराधों पर भी लगाम लगाया जा सके।

# नमामि गंगे प्रोजेक्ट में करंट से 16 की मौत, न्यायिक जांच के आदेश

एजेंसी

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली में बुधवार अलकनंदा नदी के तट पर नमामि गंगे प्रोजेक्ट के निर्माणाधीन सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में करंट फैलने से 16 लोगों की मौत हो गयी। करीब एक दर्जन लोग झुलस गये हैं। गंभीर रूप से घायल 6 व्यक्तियों को एयर लिफ्ट कर हायर सेंटर ऋषिकेश एम्स भेजा गया है। सीएम धामी ने हादसे पर दुख जताते हुए, घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दे दिये हैं। घटना के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीएम धामी से फोन पर बात कर हालात की जानकारी ली और पूरी मदद का भरोसा दिया। हादसे पर राष्ट्रपति, पीएम समेत तमाम नेताओं ने शोक जताया है।



**मृतकों में 4 पुलिस जवान भी :** मृतकों में पीपलकोटी चौकी प्रभारी प्रदीप रावत और होमगार्ड मुकंदी लाल सहित 4 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। घटना सुबह 11.35 में हुई। सीएम धामी ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश के साथ ही मुआवजे का ऐलान कर दिया है। हादसे के बाद वह चमोली जा रहे थे, पर खराब मौसम के कारण लौटना पड़ा। सीएम ने कहा कि हादसे के लिए जो भी दोषी होंगे, उन पर सख्त एक्शन होगा। चमोली जिले के प्रभारी मंत्री धन सिंह रावत ने मृतकों की पुष्टि की। एडीजी कानून व्यवस्था वी मुरुगेशन ने भी करंट लगने से 16 की मौत की पुष्टि की। बताया कि एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर और 3 होम गार्ड भी हादसे के शिकार हुए हैं। (शेष पेज 11 पर)

# मुझे किसी पद का लालच नहीं : नीतीश

एजेंसी

**नालंदा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किसी भी तरह की नाराजगी की खबरों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि उनको किसी पद का कोई लालच नहीं है। 26 दलों के नेताओं के बीच अच्छी बातचीत हुई है। मुझे पूरा भरोसा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बेहतर परिणाम आयेगा। बेंगलुरु में विपक्षी दलों की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में नीतीश कुमार के मौजूद नहीं रहने को लेकर लगातार कयास लग रहे थे कि वह नाराज हैं। बुधवार को नालंदा में उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि इस तरह की खबरें निराधार है। उन्होंने कहा कि अच्छे माहौल में सभी दलों के बीच बातचीत हुई है। भाजपा के नेताओं का काम ही है बेमतलब की बात करना, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। (शेष पेज 11 पर)



### अचानक तेजस्वी से मिलने राबड़ी आवास पहुंचे

बुधवार शाम अचानक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद प्रमुख लालू यादव और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से मिलने राबड़ी देवी के आवास पर पहुंचे। सीएम ने वहां तेजस्वी से करीब 20 मिनट तक बंद कमरे में बातचीत की। नीतीश बिना लाव-लस्कर के अचानक वहां पहुंचे थे। सूत्रों के मुताबिक राजगीर मेले के आयोजन को लेकर चाचा-भतीजे के बीच नाराजगी है। दरअसल, मलमास मेले में न तेजस्वी गये थे और न ही विभागीय मंत्री आलोक मेहता पहुंचे थे। खास बात ये है कि तेजस्वी यादव का विभाग इस सरकारी कार्यक्रम का आयोजक था, इसके बावजूद मेजबान ने अपने ही कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। पिछले दिनों राजगीर में लगे पोस्टर से भी डिप्टी सीएम गायब थे। इस मुलाकात के दौरान नीतीश ने लालू से कैबिनेट विस्तार को लेकर चर्चा की। कार्तिक सिंह और सुधाकर सिंह के इस्तीफे के बाद मंत्रिमंडल में राजद कोटे की दो सीट खाली है। वहीं कांग्रेस कोटे से भी एक या दो विधायक मंत्री बन सकते हैं। उन्हीं नामों को लेकर दोनों के बीच चर्चा हुई है। माना जा रहा है कि जल्द ही कैबिनेट का विस्तार हो सकता है। यह भी चर्चा है कि इंडिया की पहली संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नीतीश कुमार और लालू यादव मौजूद नहीं थे, उसको लेकर भी कई तरह के कयास लग रहे हैं। भाजपा का दावा है कि संयोजक नहीं बनाये जाने से नीतीश नाराज है।

## राज्यपाल ने लौटाया जैन यूनिवर्सिटी बिल, पूछा गड़बड़ियों की जांच कहां तक पहुंची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित जैन यूनिवर्सिटी बिल पर आपत्ति जताते हुए उसे राज्य सरकार को लौटा दिया है। उन्होंने सरकार से पूछा है कि राज्य में पहले से चल रही प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में गड़बड़ियों की जांच के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? सरकार और विधानसभा ने इसके लिए जो कमेटियां गठित की थी, उनकी रिपोर्ट कहां है और उन पर क्या कार्रवाई हुई है?

**हिंदी व अंग्रेजी संस्करण में थीं विसंगतियां :** राज्यपाल ने बिल के हिंदी-अंग्रेजी ड्राफ्ट में अंतर और कुछ तकनीकी पहलुओं पर भी सवाल उठाया है। जैन यूनिवर्सिटी की स्थापना का बिल विधानसभा ने 21 मार्च 2023 को बजट सत्र के दौरान पारित किया था। विधेयक पर राज्यपाल की आपत्तियों का उल्लेख करते हुए राजभवन ने उसे मुख्य सचिव और विधानसभा अध्यक्ष को भेज दिया है। राजभवन ने प्राइवेट यूनिवर्सिटीज को लेकर इसके पहले भी 16 जून और 13 जुलाई को सरकार को पत्र लिखकर जांच रिपोर्ट और कार्रवाई की जानकारी मांगी थी।

## खबर एक नजर में

### बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले सुदेश महतो



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने नई दिल्ली में बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान राज्य की वर्तमान स्थिति और अन्य विषयों पर चर्चा की।

### पूर्व मंत्री नलिन सोरेन की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** पूर्व मंत्री और सत्ताधारी दल जेएमएम के वरिष्ठ विधायक नलिन सोरेन की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सभी पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अब अदालत का क्या फैसला सुनाता है यह देखना महत्वपूर्ण होगा। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। विधायक नलिन सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता आरएस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने बहस की। उनकी ओर से दायर याचिका में कहा गया कि एक ही आरोप के लिए दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसे रद्द किया जाना चाहिए। नलिन सोरेन फिलहाल शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और बीज घोटाला केस में आरोपी हैं।

### टेरर फंडिंग मामले में डे टू डे गवाही जारी

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना के टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में डे-टू-डे गवाही जारी है। एनआईए के विशेष न्यायधीश एमके वर्मा की अदालत में बुधवार को जयराज बाजिया की गवाही दर्ज की गई। गवाह को बचाव पक्ष की ओर से जिरह किया गया। मामले में बिंदेश्वर गंझू, आधुनिक पावर के तत्कालीन महाप्रबंधक महेश अग्रवाल, बीकेबी ट्रांसपोर्ट के उपाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, सोनू अग्रवाल उर्फ अमित अग्रवाल, कारोबारी सुदेश केडिया, ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह, अजय सिंह, मास्टरमाइंड सुभान खान समेत अन्य आरोपी ट्रायल फेस कर रहा है। दाखिल चार्जशीट के अनुसार इनलोगों पर सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी व शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रहा था। तृतीय प्रस्तुति कमेटी को फंड देने की पुष्टि हुई है। टीपीसी को लेवी देने के लिए ही उसने ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई का ठेका लिया गया था। मालूम हो कि एनआइए चतरा जिले के टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी कर फरवरी 2018 को टेकओवर करते हुये 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी मनोज पुनामिया की याचिका खारिज, ट्रायल कोर्ट में होना पड़ेगा सशरीर हाजिर

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। मंगलवार को सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने मनोज पुनामिया की याचिका पर सुनवाई की। पुनमिया ने ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अदालत के इस फैसले के बाद उन्हें निचली अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान सशरीर हाजिर होना पड़ेगा। ईडी ने साल 2009 में इस मामले में मधु कोड़ा, अरविंद व्यास, मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया, अनिल बस्तावडे, विनोद सिन्हा और विकास सिन्हा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। फिलहाल ईडी कोर्ट में इसका ट्रायल चल रहा है।

## सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन का विजन डॉक्यूमेंट- नव निर्माण की ओर अग्रसर पुस्तक का विमोचन

# सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन तय करेगा झारखंड के विकास की नयी रूपरेखा : मुख्य सचिव

**झारखंड में रिन्यूएबल एनर्जी के माध्यम से पावर जेनरेट करने का लक्ष्य**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा है कि जस्ट ट्रांजिशन झारखंड में विकास की नई रूपरेखा तय करेगा। श्री सिंह बुधवार को होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह आयोजन वन विभाग एवं झारखंड राज्य प्रदूषण नियत्रंण पर्षद के सुयंक्त तत्वावधान में सीड द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते संकट को रोकने के लिए विजन 2070 के नेट-जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही गई है। इसमें टास्क फोर्स की भूमिका अहम होगी। नवंबर 2022 में ही झारखंड इस दिशा में टास्क फोर्स गठन करने वाला देश में पहला राज्य है। उन्होंने सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के विजन डॉक्यूमेंट नव निर्माण की ओर अग्रसर पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स राज्य ही नहीं, बल्कि भारत के क्लाइमेट चेंज से संबंधित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों और ग्रीन इकोनॉमी के रास्ते पर चलने के लिहाज से बेहद अहम है। यह टास्क फोर्स राज्य की भावी दशा और दिशा के लिए बेहद निर्णायक पहल है।

### अंडर कास्ट कर कोयला निकालने पर दिया बल

केन्द्रीय कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने ऑनलाईन माध्यम से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने विजन 2070 के नेट-जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर कदम बढ़ा दिया है। कोयले पर अपनी निर्भरता को कम कर रहा है। कुछ खदानों को भी बंद किया जा चुका है। उन्होंने कोयला खदानों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाने के उपायों को बताते हुये अंडर कास्ट कर कोयला निकालने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अंडर कास्ट के माध्यम से पर्यावरण को कम नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत कोयला ओपन कास्ट कर निकाले जाते हैं। इस अवसर पर आईएफएस अधिकारी एके रस्तोगी ने सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स की कार्यप्रणाली एवं इसके मुख्य उद्देश्यों की जानकारी दी। कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य जीवाश्म ईंधन पर आधारित मॉडल से अलग स्वच्छ ऊर्जा तंत्र के निर्माण के क्रम में आनेवाले प्रभावों का अध्ययन करना है। वन विभाग के अपर मुख्य सचिव एल ख्यांगते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. संजय श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सीएम की प्रधान सचिव वंदना दादेल, झारखंड राज्य प्रदूषण नियत्रंण पर्षद के सदस्य सचिव वाईके दास, सीड के रमापति कुमार मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि झारखंड में रिन्यूएबल एनर्जी के माध्यम से पावर जेनरेट करने का लक्ष्य है। जिसमें सोलर एनर्जी, हाईड्रोजन एनर्जी आदि महत्वपूर्ण स्रोत होंगें। राज्य में कोयला और थर्मल पावर प्लांट तथा इससे संबद्ध स्थानीय अर्थव्यवस्था, लघु-सूक्ष्म उद्योगों और असंगठित क्षेत्र से लाखों लोग जीविका प्राप्त करते हैं। जीवाश्म ईंधन पर आधारित कई शहरों के आर्थिक ढांचा को कैसे बिना आघात के नये बदलावों के अनुरूप तैयार किया जाये, यह बड़ी चुनौती होगी।

## राज्य को मिले 24 नये आइपीएस अधिकारी

### राज्य में कुल 45 आइपीएस का पोस्ट, 24 थे रिक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड को 24 आइपीएस मिल गए हैं। यूपीएसएसी ने इस संबंध में मुहर लगा दी है। सेलेक्शन कमेटी की बैठक में डीएसपी से एसपी रैंक में 24 अधिकारियों को प्रमोशन देने पर सहमति बनी थी। यूपीएससी की सेलेक्शन कमेटी की मिनट्स जारी होने के बाद इस संबंध में अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गई।

बता दें कि झारखंड में खेल कोटा से बहाल हुई सरोजनी लकड़ा और अमेल्डा एक्का भी आइपीएस बन गई हैं। वहीं सेकेंड बैच के डीएसपी रहे सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर को भी आइपीएस का 2017 बैच आवंटित किया गया है। थर्ड बैच से दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार-1, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेश नैथानी को आइपीएस 2019 बैच आवंटित किया गया है। जबकि अजय कुमार-1, आरिफ एकराम, डॉ विमल कुमार मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली और पीतांबर सिंह खेरवार को आइपीएस का 2020 बैच आवंटित किया गया है।

#### 19 जून को हुई थी सलेक्शन कमेटी की बैठक

गौरतलब है कि यूपीएससी में प्रमोशन के लिए सलेक्शन कमेटी की बैठक 19 जून को हुई थी। जेपीएससी के दूसरे और तीसरे बैच के वरीय अफसरों को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिली है। झारखंड पुलिस में 2017, 2018, 2019 और 2020 बैच की रिक्तियों को लेकर बैठक हुई थी। यूपीएससी के सलेक्शन कमेटी के द्वारा जारी अधिसूचना के बाद प्रोन्नति से भरे जाने वाले आईपीएस के सभी पद भर लिए गए हैं। इससे पूर्व राज्य सरकार के गृह विभाग ने डीएसपी रैंक के अफसरों की वरीयता सूची व एसीआर भी यूपीएससी को भेजी थी।

### वेंटिलेटर पर कानून व्यवस्था : भाजपा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा है कि राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त और सबसे निचले पायदान पर है। उन्होंने कहा कि अपराधियों में कानून का भय नहीं रहने के कारण आये दिन लॉ एंड ऑर्डर के लिए चुनौती बन रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि अपराधी कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देकर सरेआम तांडव मचा रहे हैं और सीएम बंगलुरू में विपक्षी गठबंधन की फिक्र करते हुए बैठक में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीएसपी और दारोगा पर भी सरेआम गोलियां चल जा रही है। बावजूद मुख्यमंत्री को झारखंड के लोगों की नहीं बल्कि परिवारवादी राजनीतिक गठबंधन की फिक्र है।

## मल्टी लेवल बिल्डिंग में फायर सेफ्टी नॉर्म्स का पालन हो : कोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि राज्य के सभी जिलों में बहुमंजिली इमारतों में फायर सेफ्टी नॉर्म्स का पालन सख्ती से होना चाहिए। सरकार को लगातार समय-समय पर इसकी रिव्यू भी करनी होगी। नेशनल बिल्डिंग कोड का पालन सुनिश्चित होना जरूरी है। राज्य सरकार को 7-8 बिंदुओं पर दिशा निर्देश देते हुए कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। इससे पहले कोर्ट के आदेश के आलोक में सभी जिला प्रशासन के द्वारा बहुमंजिला इमारतों के फायर सेफ्टी ऑडिट की रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिसे कोर्ट ने अपने रिकॉर्ड में ले लिया। जिला प्रशासन की ओर से कहा गया कि जिन बहुमंजिला इमारत ने फायर सेफ्टी नॉर्म्स का पालन नहीं किया है उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि फायर सेफ्टी को लेकर बिल्डिंग बनने से पहले संबंधित विभाग से एनओसी लेना चाहिए। फायर सेफ्टी को लेकर जो बाइलॉज और रेगुलेशन बने हैं उनका पालन होना चाहिए। फायर सेफ्टी के तहत नेशनल बिल्डिंग कोड बना है, उसका पालन सुनिश्चित होना चाहिए। बता दें कि बीते साल नवंबर में धनबाद के आशीर्वाद टावर और हाजरा क्लीनिक में आग लगने से 19 लोगों की मौत हो गई थी, कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

**मानदेय के लिए सुपरिटेंडेंट से गुहार**

## पोस्टल इंस्पेक्टर की प्रताड़ना से तंग आकर पोस्टल कर्मी ने छोड़ी नौकरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उग्रवाद प्रभावित चतरा जिले में अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आकर एक कर्मी ने नौकरी छोड़ दी। मामला जिले के हंटरगंज डाकघर की है, जहां सौरव कुमार सिंह नामक पोस्टल कर्मी पिछले 6 वर्षों से वैकल्पिक डाकपाल के रूप में काम कर रहा था। पिछले कुछ महीनों पहले पोस्टल विभाग के इंस्पेक्टर की बदली हो गई और नए इस्पेक्टर के रूप में रोहित वर्मा ने योगदान संभाला। योगदान के पश्चात सबसे पहले उन्होंने कर्मचारियों की मानदेय राशि पर रोक लगा दी और बाद में 20,000 रिश्वत की मांग के बाद मानदेय भुगतान का आश्वासन दिया। रोहित वर्मा ने रिश्वत नहीं देने वाले कर्मियों को या तो हटा दिया या तो मानसिक प्रताड़ना इतनी दी, कि लोग स्वतः नौकरी छोड़ने के लिए विवश हो गये। सौरव कुमार सिंह का मानदेय पिछले 7 महीना से रुका हुआ है। उन्होंने मानदेय भुगतान के लिए डाक अधीक्षक हजारीबाग से गुहार लगाई है। इस संबंध में उन्होंने स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह और मंत्री सत्यानंद भोक्ता से भी मानदेय दिलाने की गुहार लगाई है। चतरा जिला में हंटरगंज डाकघर सिर्फ एक उदाहरण है। ऐसे कई डाकघर हैं, जहां से प्रत्येक माह इंस्पेक्टर द्वारा लाखों रुपए की अवैध कमाई रिश्वत के रूप में की जा रही है। यदि इस तरह के मामले की उच्च स्तरीय जांच हो तो भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारी बेनकाब होंगे। ऐसे अधिकारियों के कारनामों के कारण है सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

## आदिम जनजाति को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा देगी सरकार, साढ़े चार करोड़ रुपये आवंटित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के आदिम जनजाति समुदाय बहुल गांव के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलंत ग्राम क्लीनिक का गठन किया गया है। इसके संचालन और प्रबंधन के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजना से 4 करोड़ 50 लाख 56 हजार रुपये का आवंटन किया गया है। सबसे ज्यादा राशि गढ़वा जिले को 1 करोड़ 68 लाख 96 हजार रुपए मिला है। वहीं राज्य के 8 जिलों पूर्वी सिंहभूम, धनबाद, बोकारो, सिमडेगा, देवघर, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ को क्रमशः 5 लाख 12 हजार रुपये का आवंटन किया गया है।

**21 जिलों के लिए आवंटित की गई है राशि, गढ़वा को मिला सबसे अधिक**



**अपर मुख्य सचिव होंगे राशि के नियंत्री पदाधिकारी**

राशि के नियंत्री पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे, जबकि निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे। वे राशि की एकमुश्त अग्रिम निकासी कर जिला स्वास्थ्य समिति के बैंक खाते में रखेंगे।

**कितनी राशि मिली**

| | |
|---|---|
| रांची | 2048000 (रुपयों में) |
| पू. सिंहभूम | 512000 |
| धनबाद | 512000 |
| बोकारो | 512000 |
| सरायकेला | 1024000 |
| सिमडेगा | 512000 |
| प. सिंहभूम | 1536000 |
| देवघर | 512000 |
| पलामू | 3584000 |
| चतरा | 512000 |
| दुमका | 2048000 |
| गोड्डा | 1024000 |
| गढ़वा | 16896000 |
| कोडरमा | 512000 |
| पाकुड़ | 4608000 |
| साहेबगंज | 4096000 |
| हाजारीबाग | 1024000 |
| लोहरदगा | 1024000 |
| रामगढ़ | 512000 |
| गिरिडीह | 1024000 |
| खूंटी | 1024000 |

## सरकार मुख्यमंत्री चला रहे हैं या नौकरशाह: प्रदीप वर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने राज्य सरकार की कार्यशैली को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने हालिया कुछ निर्णय और घटनाक्रम का उदाहरण देते हुये पूछा है कि सरकार मुख्यमंत्री चला रहे हैं या फिर नौकरशाह? सीएम को यह स्पष्ट करनी चाहिये। उन्होंने कहा है कितना हास्यास्पद है कि 206 नई एंबुलेंस सड़क पर चलने के लिए पूरी तरह तैयार भी नहीं और उसका उद्घाटन मुख्यमंत्री ने कर दिया। पहले तो 9 माह तक कबाड़ में इसे रखा गया और जब हैंडओवर लिया गया तो फिर यह स्थिति है। इन एंबुलेंस का ना रजिस्ट्रेशन, ना इंश्योरेंस, ना ड्राइवर। इसका उद्घाटन किया जाना आम जनता के साथ मजाक है। कितनी शर्मनाक बात है कि उदघाटन के बाद चालक की बहाली के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरा मामला बच्चों के बीच साइकिल वितरण का है। पिछले तीन सत्र तक सरकार इसके लिए टेंडर का खेल खेलती है। फिर मुख्यमंत्री 12 जुलाई को समीक्षा बैठक के बाद डीबीटी के माध्यम से साइकिल खरीद के लिए खातों में पैसे भेजने की घोषणा करते हैं। सिर्फ कमीशनखोरी के लिए तीन सालों तक बच्चों को इस योजना से वंचित रखा गया। अधिकारी टेंडर का लोभ छोड़ने को तैयार क्यों नहीं हैं, यह बताने की जरूरत नहीं है। बड़ा सवाल है कि सरकार चला कौन रहा है सीएम या अधिकारी।

### मानव तस्कर के मामले में एनआईए की गवाही जारी

**रांची।** मानव तस्कर पन्ना लाल महतो से जुड़े मामले में एनआईए की ओर से गवाही जारी है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में गवाह सीमा उरांव का बयान दर्ज किया गया। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 26 जुलाई निर्धारित की है। मामले में फरवरी 2022 में पन्ना लाल महतो के साथ उसकी पत्नी सुनीता कुमारी, भाई शिव शंकर गंझू एवं सहयोगी गोपाल उरांव के खिलाफ आरोप गठन किया गया था। मानव तस्कर पन्ना लाल व उसके सहयोगियों पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड के गरीब कमजोर और नाबालिगों को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है। एनआईए ने 2020 में खूंटी के एंटी मानव ट्रैफिकिंग यूनिट में 19 जुलाई 2019 को दर्ज केस को टेकओवर किया था।

## मार्केटिंग बोर्ड की बैठक में बाजार समितियों की आय बढ़ाने पर चर्चा, मिला आश्वासन

# बाजार समिति की दुकानों का बढ़ेगा किराया : चेयरमैन

**किसानों और एफपीओ को मिलेगी साइकिल, ट्राई साइकिल और ई-रिक्शा**

**बाजार समितियों में बनेगा मजदूरों के लिए रेन बसेरा और हाट बाजारों में किसानों के लिए मिनी कोल्ड स्टोरेज**

खबर मंत्र ब्यूरो



**एक नजर में किराया बढ़ोत्तरी (रुपये में)**

| कमेटी का नाम | पहले | बढ़ा किराया |
|---|---|---|
| डालटनगंज | 3.75 | 4.50 रुपये |
| गुमला | 3.50 | 10.00 और 35.00 रुपये |
| लोहरदगा | 3.50 | 11.00 रुपये |
| सरायकेला | 3.75 | 6.00 रुपये |
| चाईबासा | 3.75 | 14.00 रुपये |
| दुमका | 3.75 | 7.00 रुपये |

**रांची।** राज्य की बाजार समितियों के दिन बहुने वाले हैं। मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने इसके लिए कमर कस ली है। बाजार समितियों की स्थिति में सुधार, राजस्व वृद्धि और किसानों को बेहतर प्लेटफार्म दिलाने के उद्देश्य से बुधवार के राज्य के सभी कमेटी के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी और मार्केट सुपरवाइजर के साथ बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने बताया कि राज्य की बाजार समितियों को समृद्ध बनाने के लिए समिति के दुकानों और गोदामों का किराया बढ़ेगा। राज्य की कुछ कमेटियों ने पहले ही किराया बढ़ा दिया है। इनमें डालटेनगंज, गुमला, लोहरदगा, सराइकेला, चाईबासा और दुमका शामिल है। गुमला बाजार समिति का किराया 3.50 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया गया है। वहीं बाजार रोड का किराया बढ़ाकर 35 रुपये प्रति वर्ग फिट कर दिया गया है।

### 5 लाख किसानों को ई-नैम से जोड़ने का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि इसी तरह अन्य बाजार समितियों का किराया बढ़ाकर आमदनी बढ़ाई जाएगी। चेयरमैन ने कहा कि राज्य के 590 हाट बाजारों को भी अपनी टीम से जोड़ा जाएगा। इनमें चिन्हित हाट-बाजारों में मिनी कोल्ड स्टोरेज बनाया जाएगा, ताकि किसानों के बचे हुए उत्पाद को ग्रेडिंग पैकेजिंग कर अच्छे कीमत में भेजा जा सके। श्री सिंह ने बताया कि राज्य में 2,62000 किसान ई-नैम से जुड़े हैं। इसकी संख्या बढ़ाकर 5 लाख करने को कहा गया है। वहीं, 216 किसानों का समूह एफपीओ बनाया गया है। इनके बीच 9,000 कैरेट युक्त साइकिल, 760 ट्राई साइकिल और 860 ई-रिक्शा को-ऑपरेटिव के सहयोग से दिए जाएंगे। बेहतर ट्रांजैक्शन करने वाले किसानों को इसका लाभ दिया जाएगा, ताकि अन्य किसान भी ई-नैम के माध्यम से अपने उत्पाद को बेच सकें।

### बाजार समितियों में बनेगा रैन बसेरा

उन्होंने कहा कि किसानों और बाजार समिति में काम कर रहे मजदूरों के लिए रैन बसेरा भी बनाया जाएगा, ताकि लोगों को झुग्गी झोपड़ी बनाकर न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि बाजार समितियों की बेहतरी के लिए मार्केटिंग वोर्ड हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर भी इसकी बेहतरी के प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व की सरकार ने जो गलती की है उसे ठीक करने का काम चल रहा है। जल्द ही राज्य की बाजार समितियां पटरी पर लौट आएंगी।

### कोराना से जान गंवाने वाले कर्मियों के आश्रित 31 तक करें बीमा आवेदन

**रांची।** कोरोना में सेवा के दौरान जिन कर्मियों की मौत हुई, उनके परिजन अब प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीकेपी) के तहत बीमा के दावे के लिए 31 जुलाई 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस संबंध में 12 जुलाई को ही पत्र जारी कर दिया है। पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के अंतर्गत बीमा के दावे का निष्पादन की तारीख को बढ़ाकर 31 जुलाई 2023 तक कर दी गई है। बताते चलें कि पहले आवेदन की समय सीमा 15 जनवरी 2023 ही तय की गई थी।

**सभी दस्तावेज अविलंब उपलब्ध कराएं :** झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने बताया कि बीमा के दावे से संबंधित आवेदन चेक लिस्ट के अनुसार सभी दस्तावेज और उपायुक्त द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संबंधित जिले के सिविल सर्जन के माध्यम से अविलंब उपलब्ध कराएं, ताकि द न्यू एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को भेजा जा सके।

## 5 साल में पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुए 5897 मामले, 5749 गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में जनवरी 2018 से अप्रैल 2023 तक पॉक्सो एक्ट में 5897 मामले दर्ज किये गये हैं। जिनमें 5104 मामलों का निष्पादन झारखंड पुलिस द्वारा कर लिया गया है। वहीं 793 मामले अभी भी लंबित हैं। पुलिस ने 5749 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

| जिला | मामला | निष्पादन | गिरफ्तार |
|---|---|---|---|
| रांची | 552 | 444 | 593 |
| खूंटी | 98 | 95 | 138 |
| गुमला | 206 | 171 | 238 |
| लोहरदगा | 133 | 121 | 250 |
| सिमडेगा | 111 | 99 | 131 |
| चाईबासा | 235 | 217 | 243 |
| जमशेदपुर | 269 | 209 | 228 |
| सरायकेला | 144 | 126 | 160 |
| गढ़वा | 380 | 323 | 406 |
| पलामू | 320 | 285 | 354 |
| लातेहार | 210 | 194 | 240 |
| हजारीबाग | 398 | 315 | 333 |
| चतरा | 185 | 165 | 211 |
| रामगढ़ | 133 | 124 | 157 |
| कोडरमा | 94 | 84 | 96 |
| गिरिडीह | 381 | 322 | 341 |
| धनबाद | 704 | 614 | 186 |
| बोकारो | 284 | 240 | 253 |
| दुमका | 218 | 170 | 255 |
| देवघर | 203 | 170 | 243 |
| पाकुड | 121 | 113 | 136 |
| साहेबगंज | 206 | 152 | 232 |
| गोड्डा | 215 | 162 | 229 |
| जामताड़ा | 95 | 83 | 58 |
| रेल जमशेदपुर | 60 | 03 | 05 |
| रेल धनबाद | 07 | 06 | 19 |

स्पीड न्यूज

## जेआरडी की जयंती पर जेमिपॉल का रक्तदान शिविर 29 को



**जमशेदपुर।** देश मे औद्योगिकरण के अगुआ, टाटा समुह के चेयरमैन भारत रत्न जेआरडी टाटा की जयंती पर टाटा स्टील समूह की कम्पनी जेमीपोल के संयोजन में 29 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस भवन में प्रत्येक वर्ष की भांति किया जायेगा। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने जमशेदपुर में टाटा से जुड़ी कम्पनियों एवं आम नागरिकों से आग्रह किया है कि जेआरडी टाटा की जयंती पर आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों की तरह रक्तदान जैसे मानवता की सेवा के कार्यक्रम में भी अधिक से अधिक लोग भाग लें, क्योंकि जेआरडी टाटा की सामाजिक सोच हमेशा मानवीयता की रही, उन्होने उद्योग एवं श्रम दोनों का बराबर समझा और कंपनी के सामाजिक कार्यों में अनेकों नये आयाम जोड़ें। सिंह ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान का आग्रह करते हुए इस अवसर को विशेष बनाने का अनुरोध किया।

## मोबाइल चोरी करते धराया, जेल भेजा गया



जमशेदपुर। सीतारमडेरा थाना कांड स०-116/2022 के प्राथमिकी अभियुक्त ऋषि राम को रंगे हाथ आम पब्लिक के द्वारा पकड़ लिया गया एवं अभियुक्त की पिटायी घटनास्थल पर हीं उग्र भीड़ द्वारा कर दी गयी। सूचना पाकर सीतारमडेरा थाना गश्ती दल एवं पीसीआर के सहयोग से उक्त अभियुक्त ऋषि राम को भीड़ से बचाते हुए त्वरित इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां अभियुक्त ईलाजरत था। वादी का मोबाइल अभियुक्त ऋषि राज के पास से बरामद कर लिया गया था। अभियुक्त ऋषि राम एक आदतन अपराधकर्मी है इसके विरुद्ध सीतारामडेरा थाना में चोरी एवं लूट व गृहभेदन के कुल 5 काण्ड दर्ज है।

## दिनेश ठाकुर बने चांडिल के नये थाना प्रभारी



चांडिल। दिनेश ठाकुर में मंगलवार को चांडिल थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। दिनेश ठाकुर ने कहा क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार पर रोक, अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना एवं क्षेत्र में बढ़ रहे चोरी की घटनाओं पर रोक लगाना प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर दिया जाएगा।

## चांडिल में शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़



**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल थाना क्षेत्र के दलमा तराई में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक अवैध शराब के मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह कारवाई उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक निर्भय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में चांडिल थाना क्षेत्र के काठजोड़ के खड़िया बस्ती में दबिश देकर अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी के दौरान 31 पेटियों में आरएस, आईबी, आरसी सहित अन्य ब्रांड के 274 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ एवं 500 पीस कॉर्क, ढक्कन एवं स्टीकर भी बरामद किया गया। काफी संख्या में अंग्रेजी शराब के खाली बोतल भी बरामद किया है।

# आप सत्य के मार्ग पर चलो, प्रभु आपके साथ चलेंगे : डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर

## पाण्डव चरित्र एवं भगवान शुकदेव आगमन रहा द्वितीय दिवस कथा का मुख्य प्रसंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारे गौभक्त डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराजश्री ने व्यास पीठ से पाण्डव चरित्र, राजा परीक्षित श्राप एवं भगवान शुकदेव आगमन कथा के प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया।

जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। द्वितीय दिवस कथा प्रसंग में महाराज जी ने बताया कि जब आप धर्म अथवा सत्य के मार्ग पर होते हैं तो आपके जीवन में अनेक विघ्न, बाधाएं उपस्थित हो जाती हैं। कुछ लोग उन विघ्न, बाधाओं से बचने के लिए असत्य का वरण कर लेते हैं पर जिन लोगों द्वारा उन विपरित परिस्थितियों में भी सत्य का दामन नहीं छोड़ा जाता है



कथा सुनाते डा संजीव कृष्ण।



कथा सुनने पहुंचे समाजसेवी आरके अग्रवाल व अन्य विशिष्ट जन।

फिर उनका हाथ हमारे प्रभु द्वारा भी पकड़ लिया जाता है। जो सत्य का मार्ग का अनुगामी है, उसका साथ प्रभु द्वारा कदम - कदम पर दिया जाता है, यही सत्य मार्ग पर चलने वाले पाण्डवों के जीवन से हमें सीख मिलती है। महाराजश्री ने कहा कि सत्य की राह पर चलने वाले को परम सत्य का संग अवश्य मिल जाता है। दुख में ईश्वर ही व्यक्ति के साथ होता है। इसलिए दुख आने पर भक्त घबराता नहीं। महाराजश्री ने भगवान शुकदेव आगमन कथा की प्रसंग विस्तार से सुनाते हुए कहा कि क्रमिक मुनि के पुत्र द्वारा दिये गये श्राप की जानकारी मिलने पर राजा परीक्षित ने विद्वानों को अपने दरबार में बुलाया और उनसे राय मांगी। उस समय विद्वानों ने उन्हें शुकदेव का नाम सुझाया और इस प्रकार शुकदेव का आगमन हुआ। महाराज ने भागवत महात्म्य पर विस्तृत चर्चा की।

कथा विश्राम के बाद यजमान गढ़वाल परिवार ने व्यासपीठ की आरती उतारी। मालीराम और घनश्याम दास गढ़वाल परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पधारे प्रभु कथा प्रेमियों द्वारा कथा रसामृत का आस्वादन कर अपने समय एवं जीवन को सफल बनाया गया।

# पूर्वी सिंहभूम : छह विधानसभा में लगभग 1.7 लाख नये लोगों के नाम मतदाता सूची में जुटेंगे

त्रुटिरहित मतदाता सूची बनायें, एक भी मतदाता का नाम नहीं छूटे : के रवि

**नयी मतदाता सूची बनाने में बीएलओ की भूमिका काफी अहम : विजया**

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 को लेकर सेमिनार संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू रूप से सम्पादनार्थ 46-पोटका (अ.ज.जा.) (डुमरिया प्रखण्ड को छोड़कर), 47-जुगसलाई (अ.जा.), 48-जमशेदपुर पूर्वी तथा 49-जमशेदपुर पश्चिम के ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मास्टर ट्रेनर, कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ बैठक-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी बीएलओ का उन्मुखीकरण रहा जिसमें इस विषय पर विशेष रूप से फोकस किया गया कि कैसे शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाए। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर कैसे स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण किया जाए इसपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों विशेषकर बीएलओ का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बीएलओ की होती है। उन्होने कहा कि घर-घर किए जाने वाले सर्वे कार्य के दौरान इसका विशेष ख्याल रखें कि 18 वर्ष के ऊपर के एक भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से नहीं छूटे।

**मतदाता जागरुकता रथ भी हुआ रवाना :** इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, एसडीएम धालभूम समेत द्वारा मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया साथ ही आकाश में गुब्बारे उड़ाकर मतदाताओं के वृहत्तर सहभागिता का संदेश दिया गया। कार्यशाला में डीसी मनीष कुमार, एसडीएम पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, एसओआर दीपू कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पूरे झारखंड में करीब 22 लाख लोग मतदाता सूची में जोड़े जायेंगे : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे राज्य में कार्यरत 29 हजार 500 बीएलओ की जिम्मेदारी तब और बढ़ जाती है जब स्वच्छ मतदाता सूची निर्माण में अभी करीब 22 लाख मतदाताओं का नाम जोड़ा जाना है। उन्होने सभी बीएलओ से कहा कि पिछले दो चुनाव का आपके मतदान केन्द्रों का मतदान प्रतिशत कितना हुआ उसे देखें, अगर मतदान कम हुआ है तो समझें कि मतदाता सूची में गलती है। उन्होने कहा कि शत प्रतिशत योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने से मतदान प्रतिशत खुद बढ़ जाएगा। शहरी क्षेत्र में मतदान कम होता है, ऐसे मतदान केन्द्रो पर विशेष रूप से फोकस कर कार्य करें। बीएलओ के सक्रिय भागीदारी के बिना त्रुटिरहित एवं स्वच्छ मतदाता सूची नहीं बन सकता है।

### मतदाता सूची के सत्यापन में सहयोग करें नागरिक : विजया जाधव



जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 1 जून 2023 से शुरू हो चुका है, जिसके तहत 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर जिले में सत्यपान का कार्य किया जाएगा। उन्होने बताया कि जिले में पहली बार मतदान करने योग्य युवाओं समेत करीब 1 लाख 7 हजार नये मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाना है जिसमें सबसे ज्यादा संख्या शहरी विधानसभा क्षेत्र जमशेदपुर पूर्वी व जमशेदपुर पश्चिमी या शहर से सटे हुए विधानसभा क्षेत्र जुगसलाई के ही हैं । उन्होने कहा कि औसतन प्रत्येक बूथ देखा जाए तो जमशेदपुर पूर्वी में 90-95 मतदाता, जमशेदपुर पश्चिमी में 109 मतदाता वहीं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में 44 मतदाता का नाम जोड़ा जाना है । उन्होने जिला के सभी मतदाताओं से भी अपील किया कि घर-घर सर्वे कार्य के दौरान बीएलओ को सही जानकारी दें एवं मतदाता सूची के सत्यापन में सहयोग करें।

## जमशेदपुर एफसी ने इमरान खान के साथ दो साल का किया करार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी के इमरान खान को दो साल के लिए अपनी टीम के साथ जोड़ा है। इमरान ने हीरो आईएसएल में हाईलैंडर्स के लिए 37 मैच खेले। क्लब में अपने समय के दौरान दो बार गोल किया और चार असिस्ट भी अपने नाम दर्ज कराया। वे 28 वर्षीय खिलाड़ी एक टैलेंटेड खिलाड़ी हैं जो पूरे मिडफील्ड में काम करने में सक्षम हैं और हाल के सीजन में विंग्स के साथ-साथ अटैकिंग मिडफील्ड में भी इनका सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है। इस अवसर पर इमरान ने कहा, जमशेदपुर एफसी से जुड़ना मेरे करियर का एक बड़ा पल है। मैंने अपने पिछले क्लबों में बहुत कुछ सीखा है और मुझे लगता है कि मैं एक बार फिर से जमशेदपुर को ट्रॉफी जीतने में मदद करने के लिए तैयार हूं। इस शहर का पिछले कुछ वर्षों में कुछ महान भारतीय खिलाड़ियों को तैयार करने का इतिहास रहा है और मुझे विश्वास है कि मेरी प्रगति में यह सही कदम है। मैं अंततः अद्भुत फैंस के सामने खेलने और उन्हें दिखाने के लिए उत्साहित हूं कि मैं क्या करने में सक्षम हूं। इमरान का जन्म मणिपुर में हुआ था और उन्होंने अपने पेशेवर खेल करियर की शुरूआत आई-लीग में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब से की।



## पटना लाठीचार्ज पर रघुवर दास ने रिपोर्ट नड्डा को सौंपी, कहा, यह राज्य प्रायोजित हिंसा थी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/नई दिल्ली।** पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं पर वे लाठीचार्ज में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के घायल होने और एक कार्यकर्ता की मौत के संबंध में गठित जांच कमेटी ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को सौंपी। वहां लोगों से पर कार्यकर्ताओं से बात कर एक चीज बिल्कुल स्पष्ट हुई कि उस दिन की घटना राज्य प्रायोजित हिंसा का हिस्सा है। पुलिस प्रशासन ने षड्यंत्र करके भाजपा कार्यकर्ताओं को घेरा



और उसके बाद बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया। पुलिसकर्मियों न महिला देखा न पुरुष, सभी पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाई। जांच समिति ने भाजपा कार्यकर्ता, सांसद-विधायक, छात्र और महिलाओं पर हुए षड़यंत्रपूर्ण, बर्बर और अमानवीय लाठीचार्ज की उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश से न्यायिक जांच अथवा सीबीआई से जांच कराने का आग्रह किया है। रिपोर्ट सौंपने के दौरान समिति के सदस्य मनोज तिवारी, बीडी राम और सुनीता दुग्गल, बिहार के विधान पार्षद व वरिष्ठ नेता संजय मयूख उपस्थित रहे।

## झारखंड भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन गया है : सहिस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी द्वारा बुधवार को एकी दवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने किया जबकि संचालन संजय करुआ ने किया वही धन्यवाद देवाशीष चौधरी ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन गया है राज्य में सिर्फ एक ही कार्य हो रहे है और वो कार्य है राजकीय कोष की निकासी कर अपनी जेब भरना। राज्य में सिर्फ लूट मची है सरकारी दफ्तरों में नेतागण दलाली करते है। जबतक राज्य में स्थानीय नीति नियोजन नीति नही बनेगी ऐसा ही भ्रष्टाचार झारखंड प्रदेश में पनपती रहेगी और पूरे प्रदेश को शर्मसार करती रहेगी। धरना में मुख्य रूप से बुल्लू रानी सिंह सरदार, फनी भूषण महतो, संजय मलाकार, कमलेश दुबे, संजय सिंह, अप्पू तिवारी, संतोष सिंह, सचिन प्रसाद, शम्भू श्रवण,



कृतिवास मंडल, प्रवीन प्रसाद, तनवीर राजू, अजय सिंह बब्बू, प्रमोद सिंह, सोनू सिंह, अभय सिंह, राहुल प्रसाद, मनोज ठाकुर, संगीता, मंजू राज, सरस्वती देवी, धर्मवीर सिंह, मंजीत यादव, हेमंत पाठक, निरंजन महतो, ठाकुर दास महतो, वीरेन स्वर्णकार, हैरी एंथोनी, अरूप मल्लिक, स्वरूप मल्लिक, लक्ष्मण बाग, चंद्रेश्वर पांडेय, उमाशंकर सिंह, स्वीटी यादव, विकास कौल, रामेश्वर, शैलेश सिंह, शैलेंद्र सिन्हा, जगदीप सिंह, साहेब बागती, सैकेत सरकार, कामेश्वर प्रसाद, दीपक पांडेय, देवजानी महतो, अक्लु महतो, श्रवण सिंह सरदार, रामकृष्ण महतो, आदित्य महतो, राहुल दास, शेखर सहिस, मनोज मुखी, दीपू तिवारी, अभिषेक बनर्जी, साहिल, रोहित, संभू सिंह, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दवा कंपनियां फील्ड वर्करों की कर रही छंटनी और लाद रही काम की शर्तें



जमशेदपुर। बुधवार को वीएसएसआर यूनियन, जमशेदपुर इकाई के करीब 300 सदस्यों ने डीसी ऑफिस पर धरना-प्रदर्शन किया। धरना के पश्चात डीसी के जरिए केंद्रीय श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सचिव विनय कुमार के नेतृत्व में सौंपा गया। धरना के दौरान देश के मजदूर वर्ग और दवा उद्योग में कार्यरत प्रोत्सहन कर्मियों की तेजी से की जा रही छंटनी, वेतन में कटौती शोषण के खिलाफ अखिल भारतीय विरोध दिवस 19 जुलाई एन्टी विक्टिमाइजेसन डे। धरना कार्यक्रम में नौकरी खो चुके कई मेडिकल रिप्रजेंटेटिव्स अपना परिवार के साथ नारा लगाते हुए दिखे। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रिय कार्यकारी सदस्य केडी प्रताप ने अपने संदेश में कहा, वैसे तो केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी, कारपोरेट परस्त नीति के कारण देश में रोजगारी बढ़ी है और देश का युवा परेशान है। दवा उद्योग में भारत में काम कर रही बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने व्यवसाय का पुनर्गठन के नाम पर फील्ड वर्कर्स की छंटनी की है। बायर से शुरु होकर एमएसडी,ग्लैक्सो, नोवार्टिस, सनोफी और हाल ही में फाजर ने देश भर में काम कर रहेका सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी। राष्ट्रीय कंपनियां जो कोरोना काल मे रेकॉर्ड मुनाफा कमाया। अब वे फ्रेंचाइजी मार्केटिंग द्वारा और मुनाफा कमाने का प्लान बना लिया। यहां सारे कंपनी और दवाई लॉबी के दबाव में सरकार पिछले महिना में 150 दवाई के दाम में 10 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है। बड़ी दवा कंपनियां छोटी व मध्यम दर्जे की कंपनियों का अधिग्रहण पैसे के दम पर कर रही हैं, और वहां पहले से कार्यरत कर्मचारियों की छंटनी मनमानी ढंग से की जा रही है।

खबर एक नजर में

## भगवान के शरणागत की हर इच्छा पूर्ण होती है : सीताराम शास्त्री



जमशेदपुर। श्री राममंदिर टेल्को में बुधवार को श्रीरामकथा के छठवें दिन आचार्य नीरज मिश्रा जी ने रामकथा के व्यख्यान के दौरान कहा-पुरुषार्थ के चार फल होते है- धर्म, अर्थ, काम,मोक्ष और चारो की प्राप्ति का एक ही मार्ग है भगवत भक्ति। भक्ति मार्ग पर चलने के बाद रिद्धि-सिद्धि भी दासी बन कर सेवा करने लग जाती है। इसलिये हमारे ऋषि-महर्षि कहते है भगवान शरणागत हो हर प्रकार से परिपूर्ण रखते है, इसलिये शास्त्रों में जगह-जगह ये कहा गया-शरणागत हो जाओ। बुधवार को छठवें दिन भी रामकथा व रामचरित मानस के आध्यात्मिक कथा प्रवचन का श्रवण करने के लिये काफी संख्या में रामभक्त व श्रद्धालुओ की भीड़ जुटी रही, सभी ने बनारस से आये संत नीरज मिश्रा जी महाराज द्वारा दिव्य रामचरित मानस व श्रीरामकथा पर आध्यात्मिक प्रवचन का आनंद उठाया। कथा के अंत में श्रीरामायण जी की आरती के बाद श्रीराम 108 संकीर्तन माला के जाप से आज की कथा समाप्त हुई। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आज इस अवसर राममन्दिर समिति टेल्को के महामंत्री चन्द्रभान सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा, बबन पाण्डेय, नरेंद्र कुमार सिंह (हैप्पी), शैलेन्द्र सिंह, नंदलाल सिंह, सुधीर कुमार सिंह, राजेश भोजपुरिया, कामेश्वर सिंह, वेंकट राव,राजेश पाण्डेय, भरत पाठक, राकेश कुमार सिंह के अलावे काफी संख्या में लोग उपस्थित हुये।

## जुगसलाई गौशाला में 300 गायों को साग सब्जी खिलाया



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी द्वारा प्रांतीय स्थापना दिवस के पांचवे दिन प्रांतीय के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबरा जी के सम्मान में गौ सेवा का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम जुगसलाई गौशाला में करीब 300 गायों के बीच साग सब्जी खिलाकर किया गया। गौशाला कमेटी ने मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा गौशाला में गायों को साग सब्जी खिलाना एक बहुत सराहनीय कार्य बताया। गायों को साग सब्जी खिलाने से, उनको पूरे पोषक तत्व और पोषण मिलता है, जो उनके स्वस्थ रहने और उनकी आदेश में मदद करता है। साग सब्जी भोजन गौशालाओं में बताए गए आहार चार्ट के अनुसार दिया जाता है और यह सभी पोषण सामग्री मिलाकर सम्पूर्ण आहार के रूप में परिपूर्ण होता है। इससे गायों को सभी महत्वपूर्ण पोषण तत्व जैसे कि प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स और फाइबर आदि मिलते हैं। यह खाद्य पदार्थ उनकी सुस्ती, पेट बिमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को भी रोकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मोहित मूनका, संयोजक मनीष चौधरी, उपाध्यक्ष अनंत मोहंका, सह सचिव अंकित मुनका, जुगसलाई गौशाला कमिटी के तरफ से अतनु सराईवाला ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान रहा।

## जुस्को स्कूल कदमा में जूनियर छात्र मंत्रिमंडल का गठन



**जमशेदपुर।** जुस्को स्कूल कदमा में जूनियर छात्र मंत्रिमंडल का गठन बुधवार को किया गया। कक्षा 4 एवं कक्षा 5 के बच्चों का इसके तहत चयन हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने योग्य प्रतिनिधियों का चयन किया। जूनियर छात्र मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण कूदी मोहंती ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्या झुमझुमि नंदी ने बच्चों को बैज पहना कर शपथ ग्रहण करवाया एवं विद्यालय की जिम्मेदारियों से उन्हें अवगत कराया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य अनिंदिता रॉय, कोऑर्डिनेटर सीमा तिवारी,कमर अली सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कक्षा 5 ए की छात्रा मधु आलदा को प्रमुख छात्र चुना गया जबकि कक्षा पांचवी बी की नव्या झा को प्रमुख छात्रा चुना गया।

## एक्सएलआरआइ में भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर होगा मंथन

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई पीजीडीएम (जीएम) की ओर से 22 जुलाई को री-एनविजन 2023 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर व फिनटेक विषय पर मंथन किया जायेगा। दो सत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सत्र की शुरूआत एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, एस जे द्वारा दीप प्रज्वलित कर की जायेगी। वहीं, इस सत्र के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में रिवोल्यूट कंपनी में भारत के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर परोमा चटर्जी मौजूद रहेंगी। इस कॉन्क्लेव में इस बात पर मुख्य रूप से चर्चा की जायेगी कि आखिर किस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर व फिनटेक का अहम योगदान है। इस दौरान पैनल डिस्कशन व अलग-अलग माध्यम से इस बात की भी चर्चा होगी कि डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर किस प्रकार व्यक्तिगत व संस्थागत बिजनेस को बढ़ाने में कारगर साबित हो रही है। इस दौरान भारतपे, बार्कलेज इंडिया, इंडिया पोस्ट पेमेंट समेत कई अन्य अग्रणी कंपनियों के अधिकारी अपनी बातों से सभी को अवगत कराएंगे।

## रेडक्रॉस का नेत्र शिविर 22 से,बीआइटी सिंदरी के पूर्ववर्ती छात्र हैं संयोजक

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से चलाये जा रहे अंधापन निवारण अभियान के तहत 684वां नेत्र शिविर 22 से 24 जुलाई तक बीआईटी सिन्दरी अलुमुनाई एसोसियेशन, जमशेदपुर चैप्टर के संयोजन में आयोजित किया जायेगा। शिविर के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह ने कहा कि नेत्र शिविर में पहले दिन 22 जुलाई को नेत्र रोगियों की जांच की जायेगी तथा मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन ऑपरेशन के लिए किया जायेगा, शिविर का उद्घाटन बीआईटी एलुमुनाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा। चयनित नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ आनन्द सुश्रुत, डॉ विवेक केडिया एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के ऑपरेशन थियेटर में की जायेगी। सोमवार को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर जांच की जायेगी तथा उन्हें आवश्यक डेढ़ महीने की दवा, चश्मा के साथ आंखों की देखभाल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर विदा किया जायेगा। बीआईटी सिन्दरी अलुमुनाई एसोसियेशन जमशेदपुर चैप्टर के पवन कुमार ओझा तथा अलुमुनाई के अन्य साथियों ने अधिक से अधिक जरूरतमंद नेत्र शिविरों से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# भुवनेश्वर में नवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर की नयी इमारत का उद्घाटन

## ओडिसा के सीएम नवीन पटनायक ने वीपी चाणक्य चौधरी संग किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदुपर/भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में नवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर की नई अत्याधुनिक इमारत का उद्घाटन किया।

नई इमारत एक जिम, स्मार्ट क्लासरूम, भोजन की सुविधा, फिजियोथेरेपी कक्ष, कार्यालय के लिए स्थान सहित अन्य कई सुविधाओं से सुसज्जित है। समारोह में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों में तुषारकांति बेहरा, मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, खेल और युवा सेवा विभाग, ओडिशा सरकार, वी के पांडियन, आईएएस, सीएम के निजी सचिव और सीएम-परिवर्तनकारी पहल (5-टी) के सचिव, आर विनील कृष्णा, आईएएस, सरकार के सचिव, खेल और युवा सेवा विभाग, ओडिशा सरकार, चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, देबाशीष जेना, चीफ रेजिडेंट एग्जीक्यूटिव टाटा स्टील, भुवनेश्वर और राजीव सेठ, परियोजना निदेशक, शामिल थे। कार्यक्रम में हॉकी इंडिया के महासचिव, भोलानाथ सिंह और कार्यकारी निदेशक, कमांडर आर के श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। नए हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर के बारे में बात करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा, हम एचपीसी और यहां तक कि ग्रासरूट स्तर के केंद्रों में हॉकी के विकास के लिए टाटा समूह के साथ अपनी साझेदारी पर बेहद खुश हैं।



इससे प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी और राष्ट्रीय टीमों के लिए विशिष्ट खिलाड़ी तैयार करने में योगदान मिलेगा। हमने अब एथलीटों को खेल में उत्कृष्टता हासिल करने में मदद करने के उद्देश्य से उत्कृष्ट और आधुनिक बुनियादी संरचना के साथ एक अधिक खुला और समग्र खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है। टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट, चाणक्य चौधरी ने कहा, टाटा स्टील को ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर के साथ जुड़ने पर गर्व है।

हम इस केंद्र को देश के अग्रणी उच्च प्रदर्शन केंद्रों में से एक के रूप में स्थापित करने में समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए ओडिशा सरकार के आभारी हैं। हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि केंद्र ने पहले ही अच्छे परिणाम देने शुरू कर दिए हैं। वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय महिला टीम की खिलाड़ी, ज्योति छत्री, और पांच खिलाड़ी जिन्होंने हाल ही में जूनियर अंतर्राष्ट्रीय में पदार्पण किया है, इस एचपीसी के गौरवान्वित कैडेट हैं।

ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर (एचपीसी) की नई इमारत वर्तमान में 90 कैडेटों का घर है, जिसमें समान संख्या में लड़के और लड़कियां शामिल हैं, जिन्हें राज्य और राष्ट्रीय प्रतिभा पूल से चुना गया था। इन युवा एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए शीर्ष स्तर की सुविधाएं और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। ओडिशा सरकार ने केंद्र के लिए बुनियादी संरचना प्रदान किया है, जिसका प्रबंधन ओएनटीएचपीसी द्वारा किया जाता है।

# अनाधिकृत नन बैंकिंग कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान हैं: आयुक्त

**पीड़ित व्यक्ति प्रमंडलीय आयुक्त अथवा संबंधित जिलों के उपायुक्त से कर सकता हैं शिकायत**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आयुक्त मनोज जायसवाल ने कहा कि आम जनता के मेहनत की कमाई की बचत के पैसे हड़पने वाली तथाकथित अनाधिकृत नन बैंकिंग कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान राज्य सरकार द्वारा किए गए हैं। इसके विनियमन के लिए सरकार द्वारा संबंधित प्रमंडल के आयुक्त को सक्षम प्राधिकार नामित किया गया है। वहीं संबंधित जिलों के उपायुक्त सक्षम प्राधिकार के सहायक पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अविनियमित जमा योजनाओं के प्रतिबंध हेतु 2019 में बने नियम के अंतर्गत अविनियमित जमा योजनाओं को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से कड़ी कार्रवाई के प्रावधान किए गए हैं। ऐसे किसी भी मामलों के पीड़ित व्यक्ति प्रमंडलीय आयुक्त अथवा संबंधित जिलों के उपायुक्त के समक्ष शिकायत कर सकते हैं। वे आज पुलिस महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र के कार्यालय भवन में अवस्थित सभागार में अविनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध अधिनियम, 2019 तथा झारखंड अविनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध नियम 2022 के विभिन्न आपरेशन प्रोविजनल की जानकारी हेतु आयोजित प्रमंडलस्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। आयुक्त ने संवेदीकरण कार्यक्रम में उपस्थित पलामू प्रमंडल के तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें, ताकि आम जनता द्वारा मेहनत की कमाई से की गई बचत का पैसा जमा रहा सके। लोभ देकर पैसे ठगे जाने के कारण पीड़ित परिवार पर दूरगामी असर पड़ना स्वाभाविक है। अतएव इस संबंध में शिकायत मिलने पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाए। वित्त विभाग के संयुक्त सचिव अखौरी शशांक सिन्हा ने अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि फर्जी प्रचार के जरिए अधिक लाभ का प्रलोभन देकर अविनियमित कंपनियां आम निवेशकों से पैसे जमा कराती है, तो उस स्थिति में कम-से-कम 2 साल से लेकर 7 साल की सजा एवं अधिकतम 3 लाख से लेकर 10 लाख तक जुमार्ने का प्रावधान है। ऐसी अविनियमित कंपनियां प्रलोभन के उद्देश्य से फर्जी स्कीम का प्रचार-प्रसार भी कराएंगी, तो कम-से-कम 1 साल की सजा एवं 2 लाख रुपये जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। वहीं अधिकतम 5 साल की सजा और 10 लाख तक जुमार्ना भी हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब ऐसे मामलों में पुलिस के द्वारा आईपीसी की धाराओं के साथ-साथ अविनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध अधिनियम के तहत भी कार्रवाई किए जाने का प्रावधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुरूप प्रदत्त शक्तियों, कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से वित्त विभाग मुख्यालय, रांची की टीम द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से उक्त अधिनियम से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। संवेदीकरण कार्यक्रम में वित्त विभाग के संयुक्त सचिव अखौरी शशांक सिन्हा, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, आयुक्त के सचिव मतियस विजय टोप्पो, पलामू के अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिवेन्द्र कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, वित्त विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी श्रीकांत सारंगी, कनीय सचिवालय सहायक पियूष नयन के अलावा तीनों जिले के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### 20 सूत्री समिति की बैठक में सदस्यों ने किया बहिष्कार, कई पदाधिकारी अनुपस्थित



**पाटन पलामू।** बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक प्रखंड सभागार में की गई। बैठक में पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, पाटन एमओ सखी चन्द दास एवं पाटन बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर को छोड़ किसी भी विभाग से कोई पदाधिकारी उपस्थित नहीं थे। जिसके कारण बीस सूत्री सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय ने बताया कि पिछले बैठक में उठाए गए सवालों का कोई जवाब नहीं दिया गया और न ही लिखित दिया गया। जिससे बीस सूत्री के सभी सदस्य उग्र हो गए तथा बैठक का बहिष्कार कर दिया। सदस्यों ने बताया कि अभी तक बैठक में जितने मुद्दे उठाए गए उस पर आज तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया जिसके कारण बैठक को स्थगित किया जाता है। वहीं कई विभाग के पदाधिकारियों के अनुपस्थित रहने के कारण पंसस के सवालों का जवाब नहीं मिल सका।

### श्री बिष्णु मंदिर ट्रस्ट के लोगों ने हिंदू धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य को सौंपा मांग पत्र



**मेदिनीनगर।** श्री बिष्णु मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सूचित्रा अग्रवाल के नेतृत्व में एक टीम झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य संजीव तिवारी के आवास पर जाकर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया कि मंदिर के आसपास अनाधिकृत रूप से बाजार लगाकर रास्ता को जाम किया जा रहा है। जिस कारण श्रद्धालुओं को मंदिर में आने जाने के लिए कई प्रकार के कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि श्री बिष्णु मंदिर धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा पंजीकृत मंदिर है। इसे लेकर जिला प्रशासन नगर निगम को लिखित सूचना देकर जाम व अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने का मांग किया गया है। इस पर नगर निगम द्वारा नो पार्किंग जोन का आदेश पारित किया गया है। इसके बावजूद भी लोग अपने मनमानी रवैया को अपनाते हुए मंदिर के रास्ता को जबरन जाम कर दे रहे हैं। इस पर धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य संजीव तिवारी ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल के आसपास अतिक्रमण नहीं होने दिया जायेगा। साथ ही आनाधिकृत रूप से जाम लगाने वाले लोगों के विरुद्ध कानून सम्मत कार्रवाई कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार सभी जाति, धर्म के लोगों के भावना का सम्मान करती है। किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। मिलने वालों में महेंद्र प्रसाद, बबलु गुप्ता व अन्य शामिल थे।

### जल्द बूथ में कार्य शुरू करें प्रखंड, मंडल व पंचायत अध्यक्ष : बिट्टु पाठक



**नौडीहा बाजार पलामू।** नौडीहा बाजार में प्रखंड एवं मंडल कार्यकारिणी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष प्रवेज आलम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक एवं 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रखंड प्रभारी विजय अग्रवाल, कांग्रेस प्रभारी छोटू सिंह उपस्थित थे। बैठक का संचालन पलामू उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने किया। बिट्टू पाठक ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर लोकसभा एवं सभी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी परचम लहरायेगा। उन्होंने लक्ष्य 2024 को लेकर प्रखंड, मंडल पंचायत अध्यक्ष को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द बूथ में काम शुरू करें। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे, अशोक पासवान, अनिल सिंह, अभय पांडेय, शाहजहां अंसारी, महेंद्र पासवान ,अताउल हक, प्रेमशंकर सिंह, मुस्तकीम अंसारी, फगुनी पासवान और पंचायत अध्यक्ष गुलाम सरवर के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कई लोग कांग्रेस में हुए शामिल



छतरपुर पलामू। भारत जोड़ो की बात,आमजनों के साथ को लेकर छतरपुर नगर कांग्रेस कमिटी की ओर से जपला रोड़ स्थित परी मैरेज हॉल में अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने की। वहीं संचालन नगर अध्यक्ष मोस्ताक अहमद ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी मिथिलेश सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी शामिल थे। अभिनंदन समारोह में युवा नेता धनंजय यादव, बबलू गुप्ता सहित कई लोगों ने आज कांग्रेस का हांथ थामा। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, छोटू सिंह, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान, अनिल सिंह, अभय पांडेय, मंडल अध्यक्ष साबुद्दीन अंसारी, भोला यादव, विष्णु देव सिंह, प्रसाद सिंह, खुर्शीद खान, राजन चंद्रवंशी, नये सदस्य विश्वनाथ चंद्रवंशी, पहाड़ी बाबा, भोला यादव, आबिद अंसारी, अनवर अंजुम, खुर्शीद अंसारी, मंजू कुमार, राजेश यादव, विमलेश यादव समेत कई शामिल थे।

### मुस्लिम समुदाय ने बिश्रामपुर बस स्टेंड के पास मुख्य सड़क किया जाम



**विश्रामपुर पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा गांव में नप पदाधिकारियों पर हमला करने के बाद एक विशेष समुदाय के लोग बिश्रामपुर नप मुख्यालय पहुंच गए। जहां बस स्टेंड के पास रेहला पांडू मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जामकर्ता घटना का सारा दोष सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज पर मढ रहे थे। सड़क जाम में शामिल लोगों ने सहायक नगर आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी किया। पुलिस निरीक्षक अजय कुमार ने जमकर्ताओं को समझा बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान लगभग एक घंटा तक सड़क जाम रहा। मौके पर बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी,पूर्व वार्ड पार्षद सलीमुदिन अंसारी,नजरू बीबी,मुस्तकिमा बीबी,रियाजुदीन अंसारी, किताबुदीन अंसारी, मुस्ताक अंसारी, नूर आलम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### आश्वासन के बाद कांग्रेसी नेता का अनशन तीसरे दिन समाप्त



**बिश्रामपुर (पलामू)।** कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय का आमरण अनशन प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद बुधवार को तीसरे दिन समाप्त हो गया। यहां बताते चलें कि पांडेय गोदारमा गांव में निमार्णाधीन सड़क किनारे सोमवार से ही आमरण अनशन पर बैठे थे। उनका मांग था कि छठ घाट जाने वाले सड़क का निर्माण कार्य पुनः शुरू किया जाए। बुधवार को बिश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, सीओ विक्रम आनंद, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, उंटारी थाना प्रभारी अशोक मेहता, एसआई अलख नाथ चौबे अनशन स्थल पर पहुंचे। प्रशासनिक पदाधिकारियों से वार्ता के बाद मणिभूषण पांडेय अनशन खत्म करने पर राजी हुए। उसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने जूस पिलाकर पांडेय का आमरण अनशन समाप्त कराया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, प्रोनंदलाल शुक्ला, आलोक शुक्ला, प्रमोद पांडेय, दिनेश शुक्ला, राजीव पांडेय, नवीन पांडेय, सोनू पांडेय, संजय पांडेय, विकास पांडेय, विवेक पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

### 26 कारगिल विजय दिवस

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू कार्य समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र और संचालन महासचिव दिनेश गुप्ता ने किया। बैठक में आगामी 26 जुलाई को जिला मुख्यालय में कारगिल विजय दिवस समारोह के आयोजन और इसकी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई।

**सुदूरवर्ती गांव हेडूम गरीहारा में विधायक शशिभूषण ने निजी खर्च से सड़क बनवाया**

# बुनियादी सुविधाओं के मामलों में राज्य में बेहतर रहेगा पांकी विस क्षेत्र : डॉ मेहता

**कभी नक्सलियों की गड़गड़ाहट से गूंजता था यह गांव**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी (पलामू)।** पांकी विधानसभा केकरगढ़ पंचायत के हेडूम गरीहरा में आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी वहां के ग्रामीण सड़क के लिए तरस रहे है।

केकरगढ़ पंचायत कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। हमेशा नक्सलियों की गड़गड़ाहट होते रहती थी। भाजपा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल कार्यकाल बेमिसाल को प्रचारित करने के लिए निकले थे। वहां के ग्रामीणों ने सड़क और पुलिया के लिए अपनी समस्या को रखा। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अपनी निजी खर्च से नावाडीह से गरीहरा तक चलने लायक सड़क बनवाया। वहां के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। वहीं विधायक डॉ मेहता ने पूर्व के जनप्रतिनिधि पर निशाना साधते हुए कहा कि 15 साल तक शासन करने वाला जनप्रतिनिधि विकास के नाम पर लूटने का काम किया। पूरे विधानसभा में सड़क के हालत जर्जर हैं। मेरा प्रयास है कि पांकी विधानसभा सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, शिक्षा में पूरे विधानसभा में बेहतर होगा। मौके पर अमलेश यादव, बिंदु यादव, मुकेश पांडेय, भुनेश्वर भुइयां, शंकर यादव, बालकिशुन उरांव, अमरेश यादव, प्रोफेसर बचन ठाकुर, संजय वर्मा, सुनील प्रसाद गुप्ता, रंजय ठाकुर, प्रकाश मेहता, रौशन सिंह, कमेश यादव, सुधीर तिवारी, राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**अमर बांध से निकलने वाली पईन के जीर्णोद्धार का हुआ शिलान्यास**

## सभी सिंचाई योजनाओं का होगा जीर्णोद्धार: कमलेश



शिलान्यास के मौके पर प्रखंड प्रमुख बीस सूत्री अध्यक्ष व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड के दर्जनों गांव के किसानों की भूमि सिंचित करने वाले अमर बांध पइन के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास हैदरनगर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी व बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस पाइन के जीर्णोद्धार हो जाने से लपेया, सरहु, खिलपर, कुकही, गोरियावटा, भैसना व सिमरसोत गांव के किसानों के खेतों की सिंचाई होगी। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किसानों व ग्रामीणों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड प्रमुख कलावती देवी के आग्रह पर उन्होंने अमर बांध से निकलने वाली पाइन के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि किसानों को लगातार सुखाड़ का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए किसानों के आग्रह पर जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार का काम आगे भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता की एक एक समस्या का वह समाधान कर रहे हैं। किसानों व ग्रामीणों के द्वारा जिस कार्य को कराने का आदेश उन्हे मिलता है, उसे टीम भेज कर निरीक्षण कराने के बाद योजनाओं की स्वीकृति मिलती है। कार्यक्रम में कुकही गांव के ग्रामीण व किसान गुड्डू सिंह, मिथिलेश सिंह, राजेश्वर यादव, प्रदीप पासवान, जॉनी सिंह, राजेश मेहता, पप्पू सिंह, सुबोध मेहता, कामता मेहता, सुदेश्वर मेहता, अनिल मेहता, महेंद्र मेहता, पल्लू यादव के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पीसीसी पथ का निरीक्षण करने गए नप अधिकारियों पर जानलेवा हमला

**सहायक नगर आयुक्त मो प्रावेज का सिर फटा, नगर प्रबंधक को भी लगी चोट**

**घटना रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा गांव का**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमा गांव में निमार्णाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण करने गए नप अधिकारियों पर एक विषेश समुदाय द्वारा जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में सहायक नगर आयुक्त मो.प्रवेज को गंभीर चोट आई है। उनका सिर फट गया है। वहीं सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह व नगर प्रबंधक प्रभात कुमार को भी चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा गांव में नगर परिषद द्वारा छठ घाट तक जाने हेतु पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। इसी रास्ते के किनारे कब्रिस्तान भी पड़ता है। जिसकी चहरदीवारी वर्षों पूर्व कल्याण विभाग द्वारा करा दिया गया है। मुस्लिम समुदाय द्वारा कब्रिस्तान के बगल से सड़क बनने पर आपत्ति दर्ज कराई गई। जिसके बाद सड़क निर्माण कार्य बंद कराकर अंचल कार्यालय द्वारा कब्रिस्तान का सीमांकन करते हुए सड़क की मापी कराई गई। मापी के बाद नप द्वारा निर्माण कार्य पुनः शुरू करने का आदेश निर्गत किया गया। जिसके बाद बुधवार को सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया। निमार्णाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण करने लगभग 11.30 बजे सहायक नगर आयुक्त मो.प्रवेज नप पदाधिकार्यो के साथ स्थल पहुंचे। इसी बीच एक समुदाय विशेष के लगभग 70-80 लोग लाठी डंडा लेकर एकाएक वहां पहुंचे और प्रवेज सहित नप पदाधिकारियों पर हमला बोल दिया। हमले में प्रवेज के सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह व नगर प्रबंधक प्रभात कुमार को भी चोट लगी है। हमलावरों ने सड़क निर्माण में लगे मशीनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सड़क निर्माण की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय पर भी हमला करने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने नाकाम किया। घटना की सूचना मिलते ही बिश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, सीओ विक्रम आनंद, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, रेहला थाना के अलख नाथ चौबे व उंटारी थाना प्रभारी अशोक मेहता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इस संबंध में प्रवेज ने रेहला थाना में 15 नामजद सहित 170 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### सर्वमनोकामना पूर्ति अष्टभुजी मंदिर में वार्षिकोत्सव पर गायत्री परिवार ने किया हवन यज्ञ का आयोजन



**विश्रामपुर पलामू।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय परिसर गेट के पास स्थापित सर्वमनोकामना पूर्ति अष्टभुजी मंदिर में बुधवार को वार्षिकोत्सव के अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार गढ़वा महिला मंडल की शोभा पाठक, ममता तिवारी एवं अनिता देवी द्वारा यज्ञ संपन्न कराया गया। वार्षिकोत्सव की शुरूआत मंदिर के संस्थापक पूर्व मंत्री विश्रामपुर विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधी रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पंकज लाल, शिक्षाविद अशोक पांडेय, गायत्री परिवार के विनोद पाठक आदि ने संयुक्त रूप से अखंड दीप जलाकर किया। इस मौके पर यजमान के रूप में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी एवं संजय कुमार चंद्रवंशी ने पत्नी के साथ यज्ञ में भाग लिया। इसके अलावा बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए परिजनों ने भी यज्ञ में भाग लिया। इस दौरान टोलीनायक शोभा पाठक में यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से जानकारी दी। संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि मैं कॉलेज के साथ-साथ मंदिर की स्थापना ईस उद्देश्य किए हैं कि यहां पढ़ने वाले को अपने किताबी ज्ञान के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी मिल सके। यज्ञ संपन्न कराने में गायत्री परिवार के सरयू चंद्रवंशी, अखिलेश कुशवाहा, प्रभुदयाल प्रजापति, अनिल विश्वकर्मा एवं महिला मंडल की बहनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से महाभण्डारा का भी आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## विद्यालय भवन निर्माण से सहजतापूर्ण शिक्षा ग्रहण करेंगे विद्यार्थी : विधायक पुष्पा देवी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छत्तरपुर प्रखंड कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रांगण में डी एम एफ टी मद से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 6 क्लास रूम के निर्माण कार्य का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी ने किया। विद्यालय के वार्डन किरण सिंह के द्वारा विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि विद्यालय भवन निर्माण से विद्यार्थी सहजता से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। क्लास रूम बन जाने से छात्राओं को परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। इस मौके पर संतोष गुप्ता, कमलेश प्रसाद, चंदन यादव, शिवकुमार राम, रामजतन यादव, अजित प्रजापति, अशोक तिवारी, नसरुल्ला अंसारी, सन्तोष कुमार, सुदामा चन्द्रवंशी, मुरारी गुप्ता, अनमोल मिश्रा, राजेन्द्र यादव, विद्यालय परिवार के सभी सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।

## दो मुखिया के पहल पर वर्षों से बंद रास्ते को चालू करवाया गया



निलांबर पितांबरपुर पलामू। प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायत के जोड़ने वाली सड़क सांगबार मुखिया गीता देवी एवं दारूडीह पंचायत के मुखिया बिगन महतो के पहल पर सांगबार पंचायत एवं दारूडीह पंचायत जोड़ने वाली सड़क आपसी समझौते पर आवागमन शुरू कर दिया गया है। बताते चलें कि डबरा गांव निवासी श्रवण पासवान द्वारा पांच गांवों को जोड प्रखंड मुख्यालय जाने वाले सड़क अपने निजी जमीन बता कर बरसों से खेती आरहे थे। तथा आने जाने वाले सड़क पर काटे से घेर देते थे। जिसके कारण ठकुराइन दिदरी माधो दिदरी आदि गांवों को मुख्य सड़क पर पहुंचने में लगभग चार किलोमीटर दूर तय करना पड़ता था। यहां तक कि श्मशान घाट जाने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। दो पंचायत के मुखिया की पहल पर जमीन के कागजात मांग की गई और जमीन को मापी कराई गई। ग्रामीणों ने उक्त सड़क को बनाने के लिए मुखिया को पहल करने के लिए आग्रह किया है मुखिया ने सड़क का शुरूआत पांच टोकरी मिट्टी सड़क पर डाल कर किया है। मुखिया ने बताया कि 300 फीट सड़क को जल्द बनवाया जाएगा। बताते चलें कि दो पंचायत के जोड़ने वाली सड़क को उस समय के तत्कालीन विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के अनुशंसा पर 75 लाख रुपए की लागत से ठकुराई दिदरी से दारूडिह पंचायत जोड़ने वाली सड़क तक कालीकरण पथ एवं कुंदरहीआ नाला पर पुलिया का निर्माण कराया गया था।

### प. सिंहभूम के मनोहरपुर में कसियाडीह के युवक की मौत



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा थाना क्षेत्र के कसियाडीह गांव के मिस्त्री टोला निवासी स्वर्गीय शंकर पासवान के 25 वर्षीय पुत्र विनय पासवान की मौत पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक का शव बुधवार को एंबुलेंस से गांव पहुंचा। शव को देखते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने पेटी कांट्रेक्टर गौतम कुमार सिंह तथा एंबुलेंस वाहन समेत चालाक को बंधक बना लिया। मौके पर सतबरवा थाना के एसआई राहुल गुप्ता एएसआई राकेश कुमार पांडेय, कौशल किशोर दुबे दल बल के साथ गांव पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी लिया। पुलिस शव को अंतिम संस्कार करने के लिए परिजनों को समझाने बुझाने में जुटी हुई है। बताया जाता है कि विनय पासवान 1 माह पूर्व मनोहरपुर के दीपुकुंदा गांव में निर्माण हो रहे ओवर ब्रिज में मजदूरी करने गढ़वा के संवेदक जितेंद्र गुप्ता के माध्यम से गया था। काम करने के दौरान बीते 11 जुलाई को बुखार आने पर ग्रामीण चिकित्सक से उसका इलाज कराया गया। पुनः 15 जुलाई को उसकी तबीयत बिगड़ गई 16 जुलाई को उप स्वास्थ्य केंद्र मनोहरपुर में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने मलेरिया तथा पीएफआर बुखार बताया था। स्थिति बिगड़ने के बाद विनय को रिम्स रेफर किया गया था मगर उसे रिम्स नहीं भेजा गया जिसके कारण उसकी मौत 18 जुलाई की रात्रि में हो गई। उसकी एक 6 माह की पुत्री है। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, बकोरिया पंचायत के मुखिया संतोष उरांव, पंसस प्रेमचंद उरांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक समेत कई लोग गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढाढ़स बांधा तथा संवेदक से मुआवजे की मांग की।

# पंसस की मासिक समीक्षा बैठक रहा हंगामेदार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** पंचायत समिति सदस्यों की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने की। बैठक में कंकारी पंचायत के पंसस मुन्ना पाल ने कहा की कंकारी पंचायत के बीएलओ द्वारा वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने हेतु असुर परिवार से 400 रुपए लिया गया है। तथा कंकारी 3 के आंगनबाड़ी सेविका संजू देवी के पति द्वारा निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति सदस्य के साथ दुर्व्यवहार का मामला उठाया और जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। शिक्षा विभाग के मामले में उपप्रमुख सुनील सिंह ने पूछा कि कस्तूरबा विद्यालय में बीपीएल परिवार के बच्चियों का नामांकन होना होता है फिर कैसे संपन्न लोगों के बच्चों का नामांकन हो जाता है। उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय के प्रबंध समिति के गठन की जांच की मांग की। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर चमन कुमार ने बताया कि कुछ माफियाओं द्वारा नकली जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। पंसस लाल जी चौधरी ने अंचल कार्यालय में जमीन सुधार, एलपीसी बनाने में, म्यूटेशन करने में तथा जाति बनाने में भी पैसा लेने की बात कही। उन्होंने मांग किया कि प्रखंड के सभी राजस्व कर्मचारी को अंचल कार्यालय परिसर में ही रहकर कार्य करें। राजस्व कर्मचारी के उगाही मामले पर सीओ संजय कुमार बाखला ने कहा कि राजस्व कर्मचारी के भवन का मरम्मती का कार्य चालू है। पूरा हो जाने के बाद सभी राजस्व कर्मचारी को परिसर में ही कार्य करने को कहा जाएगा। उपप्रमुख सुनील कुमार सिंह ने मनरेगा में हुए कार्यों की सूची मांगते हुए कहा कि लिखित रूप से मार्च में सूची मांगी गई थी लेकिन अभी तक सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर सचिव सह बीडीओ गिरवर मिंज ने कहा कि सूची मुखिया से मांगी गई है। मुखिया से मिलने के बाद सूचि उपलब्ध कराई जाएगी। बीपीओ अभय दुबे ने बताया कि प्रखंड के सभी भेंडरों की जांच की गई है और सभी भेंडर के पास स्टॉक है। पंसस कमल किशोर प्रसाद नें पंचायत में मनरेगा में अनियमितता का मामला उठाया। मौके पर ओडनार पंचायत की पंसस सुमन कुमारी विद्युत विभाग का मामला उठाया। बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य नरेश राम, लाल जी चौधरी, सुकुल रवि, वेवी देवी, प्रभादेवी, मुरारी सिंह, कमल किशोर प्रसाद, सुमन कुमारी, जीपीएस राधेश्याम राम, संजीव कुमार, बीपीओ अभय दुबे, नीति सिन्हा, विद्युत कनीय अभियंता सुभाष कुमार, सहायक अभियंता अभिषेक पांडे, कनीय अभियंता विशाल तिवारी, पंचायत सचिव देवरती सिंह सहित कई पंसस और पदाधिकारी मौजूद थे।

# बिजली करंट से चार भैंसों की मौत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा के सीमावर्ती क्षेत्र निलांबर पितांबर पुर थाना क्षेत्र के डबरा गांव में पंचायत सचिवालय के समीप चार भैंसों की मौत हाईटेंशन तार के चपेट में आने से बुधवार को हो गई। घटना करीब सुबह दस बजे की है। मौत के बाद ग्रामीण रामधनी यादव, अजय मेहता, संतोष मेहता, संतोष यादव, दिलबर यादव, दीपक यादव ने बिजली विभाग से पशुपालक विश्वनाथ महतो को मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया की पशुपालक विश्वनाथ महतो काफी गरीब है। बाजार में दुध बेचकर परिवार का भरण पोषण करते थे। चार भैंसों की मौत के बाद भुक्तभोगी पशुपालक के जीवन यापन का साधन छिन गया है। बिजली विभाग भुक्तभोगी पशुपालक को कम से कम दो लाख रुपए की मुआवजा दे ताकि भरपाई हो सके। इधर भुक्तभोगी पशुपालक विश्वनाथ महतो ने बताया कि करीब तीन लाख रुपए का नुकसान मवेशियों के मरने से हो गई है। बताया जाता है कि पंचायत सचिवालय के ठीक सामने खेत में ट्रांसफार्मर लगाया गया है। गड्ढा से पानी पीकर निकल रहे एक भैंस करंट के चपेट में आ गया, बाकी अन्य भैंसों की मौत पानी से भीगे होने के कारण घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के संबंध में डबरा के ठाकुर ध्रुव नारायण सिंह ने बताया कि लेस्लीगंज के अंचलाधिकारी के अलावा विद्युत विभाग के कनीय अभियंता और मवेशी चिकित्सा पदाधिकारी तथा थाना प्रभारी को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई है। प्रभारी अंचलाधिकारी अनिल कुमार ने ध्रुव नारायण सिंह को कहा है कि वेटरनरी चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जाएगी। अगर मवेशी गणना हुआ होगा तो प्रति मवेशी करीब 38 हजार रुपए का मुआवजा देने की प्रक्रिया होती है।

**मुआवजे की मांग**

स्पीड न्यूज

## टाईगर फोर्स का दामन थामा

**चिरकुंडा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा चिरकुंडा के यूवा नेता रंजीत कुमार रवानी ने अपने युवा साथियों के साथ विजय सिंह के नेतृत्व में टाईगर फोर्स का दामन थामा। बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो ने अपने आवासीय कार्यालय में सभी को माला पहनाकर टाईगर फोर्स में स्वागत किया। मौके पर नीरज सिंह पटेल, उत्पल गोराई आदि थे।

## एटक प्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दों पर सेल अध्यक्ष के साथ की वार्ता

**बोकारो।** श्रमिक संगठन एटक के प्रतिनिधियों ने सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश के साथ वार्ता कर इस्पात कर्मियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर उनका ध्यान आकृष्ट किया। एआईटीयूसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और ऑल इंडिया स्टील वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और स्टील फेडरेशन के उपाध्यक्ष विद्या? सागर गिरि, उपाध्यक्ष एवं कोयला मजदूर नेता हरिद्वार सिंह ने सेल अध्यक्ष एवं निदेशक (कार्मिक) के? के सिंह को इस्पात मजदूरों का वेज रिवीजन का एरियर भुगतान करने एवं ठेका मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने, एनजेसीएस की बैठक यथाशीघ्र बुलाकर फाइनल एग्रीमेंट संपन्न कराने, बकाया भुगतान करने, ठेका मजदूरों के न्यूनतम वेतन की गारंटी के साथ गेट पास को हथियार बनाने पर रोक लगाने के साथ ही न्यूनतम वेतन एवं कानूनी सुविधा मांगने पर काम से बैठा देने की स्थिति पर रोक लगाने पर जोर दिया।

## अंबेडकर आवास का शुभ शिलान्यास

**चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा प्रखंड के दुग्दा पंचायत स्थित परसाटांड़ टोला में गरीब असहाय महिला सावित्री देवी को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत आवास आवंटन किया गया। जिसका विधिवत भूमि पूजन स्थानीय मुखिया चंदन सिंह, पंचायत समिति सदस्य धन पाल ने संयुक्त रूप से धूप अगरबत्ती दिखाकर व नारियल फोड़कर किया। इस दौरान मुखिया चंदन सिंह ने कहा कि हमारे पंचायत में वैसे गरीब जो मिट्टी व खपरैल के कच्चे मकान में रहते हैं। उन्हें में अंबेडकर आवास अथवा पीएम आवास दिलाने का काम करूंगा। सरकार का जो नारा है। सबके साथ सबका विकास। उनको अमल करते हुए मैं अपने पंचायत में अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम करूंगा। बाकी मेरे नजर में और भी कुछ गरीब लोग हैं।

## कन्या भारती का गठन के लिए चुनाव शान्तिपूर्वक संपन्न

**बेरमो।** कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढ़ोरी मे 19 जुलाई को शिशु सह कन्या भारती का गठन के लिए चुनाव संपन्न हुई। चुनाव सेनापति, सह सेनापति ,मंत्री ,सह मंत्री के लिए चुनाव की गई। इस अवसर कांग्रेस पार्टी के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो के प्राचार्य पंकज मिश्रा, जरीडीह बाजार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य कमलजीत सिंह, अनपति विद्या मंदिर के सचिव सह संकुल संयोजक अमित कुमार सिंह, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज पांडेय, सरस्वती शिशु मंदिर ढ़ोरी स्टाफ क्वार्टर के सचिव सुमित बंसल, श्रमिक नेता विकास कुमार सिंह व उज्जवल मुखर्जी, प्रधानाचार्य इंद्रावती मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पौधे लगाने का शुरू किया अभियान

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग ने सेल बोकारो स्टील प्लांट में सघन वृक्षारोपण के लिए हरित अभियान शुरू किया। इस वित्तीय वर्ष में लगभग सवा लाख पौधे लगाए जाने की योजना के तहत प्लांट के अंदर 50000 पौधे लगाए जाएंगे। पौधों के जीवित रहने की दर को बढ़ाने के लिए अगले दो वर्षों के दौरान पौधों की उचित देखभाल और बैरिकेडिंग भी की जाएगी। बोकारो स्टील प्लांट ने बोकारो एवं आसपास के क्षेत्रों में 46 लाख पेड़ लगाए हैं और वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्लांट और टाउनशिप में 1,20,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

# बागडिगी पुल क्षतिग्रस्त, जमसं बच्चा समर्थकों जताया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**अलकडीहा ।** जयरामपुर-भागा जानेवाली मुख्य मार्ग में बागडिगी पूल आउटसोर्सिंग परियोजना की वाहन से क्षतिग्रस्त होने के विरोध में बुधवार को जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के समर्थकों ने सड़क जाम कर दिया। इस दौरान संघ समर्थकों ने पूल की तत्काल मरम्मती को लेकर हंगामा भी किया। मामले की जानकारी मिलने पर पीओ एके पाण्डेय अधिकारियों के टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने के बाद आंदोलनकारियों से वार्ता किया। वार्ता के दौरान पीओ पाण्डेय ने इस सड़क की वैकल्पिक सड़क की डायवर्शन वाली सड़क बनाने में लोगों से मदद मांगें जाने की बात कहने पर आंदोलनकारी भड़क गए। बच्चा गुट समर्थकों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन पर परियोजना विस्तारीकरण में बाधक बन रही पूल को जानबूझकर क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए प्रबंधन विरोधी नारे लगाते हुए खूब हंगामा किया। पीओ पाण्डेय ने क्षतिग्रस्त पूल को अविलंब मरम्मत कराने तथा कच्ची सड़क पर जमी मलबे की सफाई करा उसपर ओबी डालकर दुरुस्त कराने का आश्वाशन दे मरम्मती कार्य शुरू कराया। तत्पश्चात पांच घंटे बाद सड़क जाम आंदोलन समाप्त हुआ। पूल ध्वस्त होने का मामला गंभीर होने की स्थिति को देखते हुए जनता श्रमिक संघ समर्थकों ने भी राजनीतिक समीकरण बनाने को लेकर मामले में कूद प्रबंधन का विरोध किया और पूल मरम्मती की मांग की । एक ही मुद्दे पर बच्चा गुट और श्रमिक संघ के समर्थकों के द्वारा आंदोलन करने के दौरान दोनों गुटों के समर्थकों ने एक दुसरे पर प्रबंधन का दलाली करने का आरोप लगाया। जिससे दोनों गुटों के बीच नोकझोंक भी हुई है ।मौके पर बच्चा गुट के रामबाबू सिंह , रूपक सिन्हा , समरजीत सिंह, राकेश सिंह, दीपक सिंह, सुरेश माली, विकाश सिंह तथा श्रमिक संघ से रामाधार सिंह , रविकांत पासवान , गोपाल चौधरी , मोहन पाण्डेय , पम्पम पाण्डेय , मेवालाल रजक ,बबलू रजक तथा कुंती गुट के शक्ति सिंह ,हेमंत पासवान आदि थे।जबकि प्रबंधन की ओर से पीओ एके पाण्डेय , क्षेत्रीय असैनिक अभियंता मुकेश कुमार ,सुरक्षा पदाधिकारी डीके मीणा आदि थे।

# छात्र-छात्राओं को अब डिग्री की शिक्षा ग्रहण करने के लिए नही जाना होगा दूर : रागिनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोड़ापोखर ।** जामाडोबा स्थित 10 एकड़ जमीन में लगभग 14 करोड़ 58 लाख की लागत से बनी झरिया डिग्री कॉलेज में बुधवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। डिग्री कॉलेज के शुरूआत होने के पहले दिन नए प्राचार्या के रूप में आर पी सिंह ने पदभार संभाला। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति रागिनी सिंह ने प्राचार्या आर पी सिंह को गुलदस्ता तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही नामांकन दाखिल करने आए बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। रागिनी सिंह ने कहा कि आरएसपी कॉलेज झरिया से बेलगढ़िया शिफ्ट हो जाने के बाद छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गई थी। लंबी दूरी तय कर बेलगढ़िया जाना पड़ता था। इन सारी समस्याओं को ख्याल में रख कर झरिया विधायक संजीव सिंह झारखंड सरकार से लेकर केन्द्र सरकार को पत्राचार किया था। श्रीमती सिंह ने कहा कि पूर्व की रघुवर सरकार में पूर्व विधायक श्री संजीव सिंह के अथक प्रयास और उनके अनुशंसा पर जामाडोबा डिग्री कॉलेज का निर्माण संभव हो पाया आज पूर्व विधायक श्री संजीव सिंह का सपना साकार हुआ अब यहां के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा यहां के छात्र छात्राओं में इस बात को लेकर काफी उत्साह एवं खुशी दिखाई पड़ रही है इस उपलब्धि पर पूरा भाजपा परिवार बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा है।कॉलेज के प्राचार्या आर पी सिंह ने कहा कि इस नव निर्मित पद की जो मुझे जिम्मेवारी मिली है उसके लिए मे हमारे विश्वविद्यालय के कुलपति का आभार व्यक्त करता हूँ। वर्तमान में थोड़ी बहुत परेशानियां है। शिक्षक, कर्मचारियों व फंड की कमी है, लेकिन समय के साथ इसकी पूर्ति हो किया जाएगा। यहाँ के छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य को लेकर हर तरह से तत्पर रहूंगा। ज्ञात हो कि 15 जनवरी 2019 को धनबाद के सांसद पीएन सिंह व झरिया की पूर्व विधायक कुंती देवी ने कॉलेज भवन निर्माण का शिलान्यास किया था।

# टुंडी विधायक ने किया धोबी कुल्ही भूमि आवंटन का शिलान्यास, ग्रामीणों में हर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**निचितपुर ।** गोंदुडीह कोलियरी अंतर्गत बौआ कला दक्षिण पंचायत क्षेत्र के धोबीकुल्ही रैयत ग्रामीणों के पुनर्वास को लेकर प्रस्तावित स्थल भूली सी ब्लॉक में बुधवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने भूमि आवंटन का शिलान्यास फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया।मथुरा नगर रजक बस्ती के नाम से जगह का नामकरण करते हुए बोर्ड लगाया गया।जिससे ग्रामीणों में हर्ष हैं।विधायक ने कहा कि धोबी कुल्ही छोटकी बौआ में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण हैं।जो डेंजर जोन में हैं,उनमें से कुछ को यहां बसाया जायेगा।शेष को अन्य जगह दिया जायेगा।अभी प्रक्रिया जारी हैं।उम्मीद हैं कि यह पुनर्वास का कार्य महीना भर में पूर्ण हो जायेगा। वहीं मुखिया प्रतिनिधि महेश रजक ने टुंडी विधायक का धन्यवाद देते हुए बताया कि कुल 129 घर हैं। जिनके पुनर्वास को लेकर कहा गया हैं। बुधवार से प्रतिदिन 10 घर के लिए जमीन का आबंटन किया जायेगा। जिसमें प्रत्येक परिवार को 1000 स्क्वेयर फीट का प्लॉट दिया जायेगा। मौके पर झारखंड राज्य आवास बोर्ड सदस्य पवन महतो,पंचायत समिति सदस्य राजू रजक,संतोष रजक,अजीत रजक,उत्तम रजक, हिमांशु रजक ,मिरन रजक,अशोक रजक ,रोहित रजक रजक,जगदीश रजक आदि मौजूद थे।

# सांसद ने किया सड़क मरम्मतीकरण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड के मुगमा मोड़ के समीप 18 जुलाई मंगलवार को झारखंड सरकार पथ निर्माण विभाग की ओर से मुग्मा से लेकर चिरकुंडा तक 7 किलोमीटर तक जीटी रोड का मरम्मतीकरण व सड़क किनारे नाला निर्माण व सड़क किनारे पेबर ब्लॉक कार्य का शिलान्यास धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह व निरसा विधायक अर्पणा सेन गुप्ता ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। कार्यक्रम का संचालन डीएन पाठक ने किया। सांसद ने कहा कि मुगमा चिरकुंडा जीटी रोड की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी। लोगों की मांग पर जीटी रोड का मरम्मतीकरण, नाला निर्माण,व पेबर ब्लॉक का कार्य किया जाएगा। उन्होंने यह अभी कहा कि सड़क के क्षेत्र में काफी परिवर्तन हुआ है, भाजपा पूरे देश में सड़क का जाल बिछा रही हैं और क्षेत्र में विकास योजना को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। लोगों को सरल एवं सुगम बनाने के लिए मरम्मतीकरण का कार्य किया जा रहा है। वही कुमारधुबी ओवरब्रिज में लाइट नहीं लगाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ओवर ब्रिज पर लाइट लगाने का प्रयास जारी है, जल्द ही लाइट की व्यवस्था करवा दी जाएगी। वही कार्यक्रम की शुरूआत होने से पूर्व डीएन पाठक ने धनबाद सांसद और निरसा विधायक को शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, नितिन भट्ट, मनु तिवारी, डब्लू बावड़ी, जयप्रकाश सिंह, उपेंद्र सिंह, शंभू सिंह, मनोज सिंह, गुड्डु सिंह, धीरज सिंह,इरफान अहमद खान, मिथलेश साव सहित भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स सचिव और कोषाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**सिंदरी ।** सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीस सचिव दीपक कुमार दीपू ने बुधवार की सुबह चेम्बर सचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके थोड़े ही देर बाद कोषाध्यक्ष जनता स्टोर्स संचालक दिलीप रिटोलिया ने भी इस्तीफा दे दिया है। इससे सिंदरी के व्यापारियों में उहापोह की स्थिति बन गई है। सिंदरी चेम्बर सचिव के अनुसार चेम्बर अध्यक्ष मो जावेद विदेश में रहते हैं। सिंदरी चेम्बर उपाध्यक्ष संजय प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारियों ने अभी अपने पद पर बने हुए है। सिंदरी के दुकानदारों के व्हाट्सएप ग्रुप में इसकी जानकारी चेम्बर सचिव व कोषाध्यक्ष ने दी थी। उन्होंने बताया है कि इसे तत्काल प्रभाव से इसे इस्तीफा माना जाए। सचिव ने दुकानदारों से 23 वर्षों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। सिंदरी में ऐसी चर्चा गर्म है कि लगभग 18 वर्षों से चुनाव नहीं होने के कारण सिंदरी के दुकानदारों में सचिव के प्रति रोष व्याप्त था। इसको लेकर धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष चेतन गोयनका ने बताया कि व्यापारियों में रोष को देखते हुए चेम्बर के शेष पदाधिकारियों को एक आम बैठक आयोजित करना चाहिए। इससे इन खाली पदों के लिए चुनाव की प्रक्रिया की जा सकती है।

# मोबाइल चोरी के आरोप में गया जेल

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी जीआरपी ने जम्मुतवी-सियालदह एक्सप्रेस में छापेमारी कर मोबाइल चोरी के आरोपी चिरकुंडा नीचे बाजार निवासी शौकत अली को गीरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए जीआरपी प्रभारी राकेश कुमार रवि ने बताया कि मंगलवार को प बंगाल के आसनसोल स्थित धेमो मेन कोलियरी निवासी छात्रा आंशु कुमारी हावड़ा धनबाद ब्लैक डायमण्ड एक्सप्रेस से धनबाद बीए की परीक्षा देने जा रही थी। उसी दौरान उनके बैग का चैन खोलकर चोरों ने मोबाइल निकालकर चोरी कर लिया था।छात्रा ने कुमारधुबी जीआरपी में लिखित शिकायत दर्ज की थी।शिकायत मिलने के बाद उन्होने मंगलवार को ही जम्मुतवी- सियालदह एक्सप्रेस में छापेमारी कर तीन घंटे के अंदर शौकत अली को पकड़कर छात्रा के मोबाइल को बरामद कर लिया। प्रभारी कुमार ने बताया कि शौकत अली इसके पूर्व भी तीन-चार बार जेल जा चुका है।उन्होने कहा कि शौकत अली का पूर्व में मालगाड़ी से कोयला चोरी करने के दौरान दोनो पैर कट गया था जिस कारन वह बैशाखी के सहारे चलता है व ट्रेन में चोरी की घटना को अंजाम देता है। छापेमारी अभियान में प्रभारी राकेश कुमार रवि के अलावे हवलदार शिव प्रसाद दूबे व पुलिसकर्मी धीरज कुमार व मनोज कुमार गोराई मौजुद थे।

# मोदी सरकार ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का भी ख्याल रखा है: पीएन

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर वन स्थित सांसद कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं की बैठक में सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने मोदी सरकार के सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण आदि की चर्चा करते हुए कहा कि मोदी सरकार का नव वर्ष का कार्यकाल उपलब्धि भरा रहा। मौके पर सांसद श्री सिंह ने जनसंघ काल से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने अंतिम पंक्ति में खड़े देश के एक एक व्यक्ति का ख्याल रखा है। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओ व उनकी निष्ठा की बदौलत ही भाजपा देश को नई देश दे पा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भरत यादव एवं संचालन कमलेश राय ने किया। उन्होंने संगठन के आगामी कार्यक्रमों को विस्तार से कार्यकताओं को करने की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित लाल सिंह, शशिभूषण ओझा, संजय त्यागी, कुमार अमित, अनिल सिंह, त्रिलोकी सिंह, विद्या सागर सिंह, आरती राणा, सतीश शर्मा, एके वर्मा, कृष्ण कुमार मुन्ना, माथुर मंडल, महेंद्र राय, मुकेश राय, इंद्र कुमार झा, वीरभद्र सिंह, राकेश मधु, टिंकू तपाड़िया, विनय किशोर, मनोज सिंह, बैजनाथ प्रसाद, हरिश्चंद्र सिंह, सनातन सिंह, पन्नालाल, मृगेन्द्र प्रताप सिंह, द्वारिका मुन्ना, प्रकाश सिंह, मनजीत सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला प्रशासन के कार्यशैली पर धनबाद विधायक ने उठाया सवाल

**धनबाद।** चिरकुंडा झिलीया नदी में 2018 में बाढ से तबाह हुए 101 बाढ पीड़ितों को मानवाधिकार आयोग के आदेश पर बीसीसीएल के द्वारा सात माह पुर्व ढाई करोड़ की राशि दिए जाने के बाद भी विस्थापितो को अभी तक आवास नहीं मुहैया करवाने से नाराज धनबाद विधायक और चिरकुंडा नगर परिषद उपाध्यक्ष जयप्रकाश चौहान के साथ दर्जनों महिला और पुरुष ने धनबाद उपायुक्त से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई।वहीं धनबाद विधायक ने जिला प्रशासन के कार्य शैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा की पांच साल पुर्व सौ से अधिक गरीब बिस्थापित हुए थे।जिसको लेकर बीसीसीएल ने मानवाधिकार आयोग के आदेश पर जनवरी माह में ही जिला प्रशासन को ढाई करोड़ रुपए मुहैया करवा दिए थे। पर आज तक जिला प्रशासन ने विस्थापितों को बसाने की पहल नहीं की इनमें अधिकतर सफाई कर्मी और दैनिक मजदुरी करने वाले गरीब लोग हैं।रोजाना पचास किलोमीटर दुर धनबाद आकर गुहार लगाना संभव नहीं है। हालांकि उपायुक्त ने राशि प्राप्ति की बात स्वीकार करते हुए जल्द हीं आवास बनाने का आश्वासन दिया है। अब देखने वाली बात है कि कब विस्थापितों को अपना आवास मिल पाता है।

# चास, चन्दनकियारी एवं चन्द्रपुरा प्रखंड के गांव सूखाड़ से प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान महासचिव एवं किसान राजदेव माहथा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि 15 जुलाई से खेतों में धान की रोपाई शुरू हो जाना था,परन्तु मानसून का पर्याप्त जल नहीं मिल पाने से खेतों में डाला हुआ धान का एवं अन्य खरीफ फसलों, साग-सब्जियों का बीज अंकुर नहीं ले पा रहा है और जो निकल गये हैं गर्मी के ताप से मर रहे हैं। किसानों में त्राहिमाम् मचा हुआ है। पिछले वर्ष सम्पूर्ण बोकारो जिला के सभी प्रखंडों को सूखाड़ क्षेत्र घोषित किया गया परन्तु चास-चन्दनकियारी एवं चन्द्रपुरा प्रखंड को भयंकर सूखाड़ से प्रभावित होने के बावजूद भी सूखाड़ क्षेत्र घोषित न होना एक गंभीर विषय हैं। आज चास-चन्दनकियारी के विभिन्न क्षेत्रों का एवं पंचायतों काण्ड्रा, चाकुलिया, काशीझरिया, कुरा, भण्डरो, तुरीडीह, बारपोखर, साबड़ा, आमडीहा, सिमुलिया, नैरकारा, चन्द्रा, आमाडीह, लाघला, बारकामा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण के दौरान वरीय किसान राजदेव माहथा ने देखा कि सभी तालाब, चेक डेम, नदी, जोडिया-नाला, कुएं, चापाकल एवं पिण्ड्राजोरा गोवाई बराज योजना की नहर भी सूखा हालत में हैं। अतः झारखण्ड सरकार से मांग किया जाता है कि सूखाड़ पीड़ितों को सरकारी लाभ दिया जाए और वर्तमान समय की भयंकर सूखाड़ को देखते हुए सरकार किसानों को वैकल्पिक व्यवस्था कर राहत योजना चलाए।


**कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in

Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.06.2023 को सिसई–नागफेनी मुख्य मार्ग पर रेडवा पुल के पास गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 8:00 बजे अपराह्न 15 बोरा लकड़ी कोयला सहित टेम्पू नं0 – JH07G0227 को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 15 बोरा लकड़ी कोयला सहित टेम्पू नं0 – JH07G0227 के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25.07.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.302698 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय, गुमला**

**मिनी रोजगार मेला–2023**
**रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गुमला के तत्वाधान में दिनांक– 22.07.2023 (शनिवार) के पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय मिनी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मिनी रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

स्थान:– गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज चंदाली परिसर में।

| SI NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required Essential | Desirable | Experience / Height | Age ( Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Innovative Retail Concept Pvt. Ltd Is Hiring For BIGBASKET | Delivery Partner/ Associate. | 100 | 8th Pass to BA (Any Stream) | | - | 18- 40 | 18000-30000 | Hyderabad |
| 2 | PARAM CORPORATION Is Hiring For Endurance Technology Limited | Diploma Mechanical | 20 | ITI (Male , Female) | | - | 18-35 | 13000/- 8hr | Aurangabad, Maharashtra |
| | | Automobile Production | 20 | Diploma | | - | 18-35 | 14000/- | Aurangabad, Maharashtra |
| | | BE Mechanical | 15 | B.E | | - | 18-35 | 15200/- | Aurangabad, Maharashtra |
| 3 | Finolex Industries Ltd. | ITI | 20 | 10th 12th | | | 18-35 | 14000/- 8hr | Pune, Maharashtra |
| | | diploma | 30 | ITI | | - | 18-35 | 15000/-8hr | Pune, Maharashtra |
| | | diploma | 20 | Diploma | | - | 18-35 | 16000/-8hr | Pune, Maharashtra |
| | | BE.& B. tech | 10 | B.E | | - | 18-35 | 17000/-8hr | Pune, Maharashtra |
| 4 | Ruccha Engineering Pvt Limited Waluj MIDC Aurangabad | Diploma Mechanical | 20 | ITI (Male ,Female) | | - | 18-35 | 11500 - 14000 | Aurangabad, Maharashtra |
| | | Automobile Production | 15 | Diploma | | - | 18-35 | 18000-19000 | Aurangabad, Maharashtra |
| | | BE Mechanical | 30 | B.E | | - | 18-35 | 18000-19000 | Aurangabad, Maharashtra |
| 5 | Seva Sahyog Securities And Facility Management Pvt. Ltd. Jamshedpur | Security Guard | 136 | Matriculation | | Fresher can apply | 18-45 | 8,000 - 15,000 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Security Supervisor | 10 | Graduation | | Minimum 1 Year in Security Sector | 22-45 | 9,000 - 17,000 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Housekeeping | 25 | Matriculation | | Fresher can apply | 18-45 | 7,000 - 12,000 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Housekeeping Supervisor | 5 | Graduation | | Minimum 1 Year in Housekeeping | 22-45 | 8,000 - 15,000 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Gunman | 20 | Non- Matric | | Gun & license all India | 25-45 | 20,000 plus | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Security Officer | 8 | Graduation | | Ex-Army/ Minimum 3 Years' Experience In Security Senior Post | 35-45 | 8,000 - 12000 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Office Staff | 5 | Graduation | | Experience in Security Sector, Computer Knowledge, Own Bike with License | 25-45 | 8,000 - 20,000 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Cook | 4 | Non- Matric | | Cooking Experience | 20-55 | 7,000 - 12,000 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| 6 | Quess Winning Together Is Hiring For TATA Motors Learn and Earn Program SANAND, Gujarat | ITI Motor Mechanic Vehicle (MMV), Fitter, Turner, Machinist, Machinist Grinder, Wireman, Electrician , Electronics Tech. Mechatronics. Main. Mechanic | 500 | 12th (Science), ITI, Diploma | | - | 18-23 | 15100/- | SANAND Gujarat |
| 7 | Lava international company PVT LTD | Fresher | 500 | 10th,12th, ITI, Diploma | | - | 18-26 | 10089 | Noida |
| 8 | DIXON Mobile Manufacturing Company | Fresher | 500 | 10th,12th | | - | 18-26 | 10089 | Noida |
| | | ITI, | | ITI | | - | 18-26 | 11089 | |
| | | Diploma | | Diploma | | - | 18-26 | 12400/- | |
| 9 | Construction Industry Development Council, RK. Palace Kishoreganj Chowk Harmu Road Ranchi | Electrician | 100 | 10th | | - | 18-35 | 8k to 11k+ Accomondation+PF+Medicale etc. | Candidate will be placed after successful Completion of training Candidates will be successful Completion of training |

**नोट :–** योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त मिनी रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूंकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR.NO.302702 Labour Employment and Traning(23-24):D

# नैतिकता बनाम सत्ता

विधायकों का रातों-रात पाला बदलकर दूसरे की सरकार में शामिल होना बताता है कि सत्ता के लिये परिवार व पार्टी के कोई मायने नहीं हैं। लेकिन एक बात तो साफ है कि दल-बदल निरोधक कानून आया राम-गया राम की राजनीति पर अंकुश लगाने में नाकामयाब रहा है। बल्कि कहा जा सकता है कि सत्ता के लिये महत्वाकांक्षी राजनेताओं ने कानून के प्रावधान में नये छिद्र तलाशे हैं। बल्कि यूं कहें कि दलबदल का दायरा बड़ा हो गया है। इस बदलाव का संकेत यह भी है कि केंद्र में सत्तारूढ़ दल सत्ता व अन्य ताकत के स्त्रोतों के जरिये किसी भी दल में तोड़फोड़ करने में सक्षम हो जाता है। राज्य में सरकार बनाने के लिये पहले भाजपा व शिवसेना का मिलकर चुनाव लड़ना और चुनाव के बाद भाजपा से नाता तोड़कर शिवसेना का कांग्रेस, राकांपा आदि दलों के साथ सरकार बनाना, फिर शिवसेना में विद्रोह और भाजपा के साथ बागी शिवसैनिकों का सरकार में शामिल होना बताता है कि कैसे राजनेता किसी दल विशेष के खिलाफ जनता से वोट मांगते हैं और फिर सत्ता सुख के लिये उसी विरोधी राजनीतिक दल के बगलगीर हो जाते हैं। निस्संदेह, ये मतदाताओं के साथ छल ही है। आप ने दूसरे मुद्दों पर वोट मांगा और किसी दल विशेष के खिलाफ जनादेश पाया और बाद में कुर्सी के लिये उसी दल की सरकार का हिस्सा हो गये। पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र में राजनीतिक विद्रूपता के साथ ही राज्यपाल की भूमिका को लेकर भी खासे विवाद हुए। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट को सख्त टिप्पणी करनी पड़ी। लेकिन एक बात तो तय है कि कदम-कदम पर लोकतांत्रिक शुचिता का हनन जारी है। बहरहाल,सत्ता सुख के लिये राजनीतिक विद्रूपताओं का चेहरा सबके सामने उजागर हो गया है। देश में कुछ दशकों से परिवारवाद की राजनीति का जो विद्रूप चेहरा सामने आया है, यह उसकी परिणति ही है।

# प्रकृति की मार

बश के कई राज्यों में बाढ़ के पानी में डूबे तमाम गांव-शहर इस त्रासदी की बानगी दिखा रहे हैं। कहीं बाढ़, कहीं भूस्खलन तो कहीं हिमस्खलन की घटनाएं लोगों को आतंकित कर रही हैं। लगातार होने वाली बादल फटने की घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। पहाड़ों के दरकने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं तो वहीं आकाशीय बिजली से मरने वालों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि प्रकृति का यह रौद्र रूप क्यों सामने आने लगा है? राजस्थान,दिल्ली मध्य प्रदेश सहित हिमाचल, उतराखंड भारी बरसात का कहर झेल रहें हैं वहीं उत्तर भारत के कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां भरपूर बारिश न होने से लोग परेशान हैं। प्रकृति विरोधी राजनीतिक व आर्थिक फैसलों ने उन कारकों को बढ़ावा दिया है जो ग्लोबल वार्मिंग के कारक बने। हमने विकास के जिस मॉडल को चुना है उसमें प्रदूषण उगलते कारखाने, सड़कों पर वाहनों का सैलाब, वातानुकूलन की संस्कृति, जंगलों के कटान व पहाड़ों से निर्मम व्यवहार ने तापमान बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उसके चलते हमारे मौसम के चक्र में ग्लोबल वार्मिंग का घातक असर नजर आ रहा है। दरअसल, कथित विकास के नाम पर हमने प्रकृति के साथ पिछली कुछ शताब्दियों में जो क्रूरता दिखाई है उसका खमियाजा इस पीढ़ी को भुगतना पड़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या ने भी प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ाया है। जिसके चलते प्राकृतिक संसाधनों का अवैज्ञानिक तरीके से दोहन बढ़ा है। जिसने जलवायु परिवर्तन के कारकों में वृद्धि ही की है। कुल मिलाकर जल, जंगल व जमीन के साथ क्रूरता बरती गई है। प्रकृति के सहचर बनने के बजाय हमने शासक बनने की कोशिश की है। जब-जब इंसान इस लक्ष्मण रेखा को लांघता है प्रकृति उसका प्रतिकार करती है।

# फुटपाथ के दुकानदारों के भी कानूनी अधिकार हैं

आज देश की सौ करोड़ लोग बदत्तर जीवन जीने के मजबूर है वहां सरकारें सिर्फ घोषणा तक सीमित रह गयी है। आजादी के बाद की चौथी और पांचवीं पीढ़ी सड़क पर रोटी के लिये खड़ी है। पुलिस, स्थानीय गुंडे,नगर निगम के दलाल और यूनियन के लोग भी वसूली लेते हैं। राजधानी रांची सहित देश के शहरों में इनकी हालत लगातार बदत्तर होती जा रही है। बीच-बीच में रूटीन वर्क में यातायात पुलिस उन्हें हटाती है कुछ दिनों के लिये फिर वहीं कहानी। निम्न और मध्यम वर्ग की जरूरत बने ये सड़क बिक्रेता आखिर क्यों उदासीन है अपने अधिकारों से? चुनाव सर पर है और ऐसी कई योजना आम लोगों के बीच आ रही है। पूरे देश में वेंडर मन्यूशिपल एक्ट 1949 लागू था और समय-समय पर इसमें संसोधन भी किया गया था। मुम्बई महानगर पालिका ने 1882 में वेंडरों के लिये नियम पास किया।

वर्तमान दौर में भारत दुनियां के सबसे तेज शहरी करण वाला देश है। गुजरात की सबसे ज्यादा आबादी 50 प्रतिशत शहरों में रह रही हैं वहीं बिहार की 11 प्रतिशत आबादी शहर में है। इस स्थिति में निम्न और मध्यम वर्ग का बड़ा रोजगार इन सड़कों के किनारे है। इस कारण इस नये पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय का विनियमन) विधेयक, 2012 पथ विक्रेता हाल ही में संपन्न हुए संसद के सत्र में पारित किया गया इसके बारे में विस्तार से जानने की आवश्यकता है।

विधेयक में पथ विक्रेताओं की जीविका केअधिकारों के संरक्षण, उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, देश के शहरों में रेहड़ी-पटरी परसामान बेचने के विनियिमन और अन्य सम्बद्ध मामलों का प्रावधान है। विधेयक का लक्ष्य स्ट्रीटवेंडरों के लिए अनुकूल माहौल पैदा करना है ताकि वे गरिमापूर्वक अपना कार्य कर सकें।प्रस्तावित कानून से करीब एक करोड़ परिवारों को आजीविका संरक्षण प्रदान करने में मदद मिलने की संभावना है। आखिर जीने का अधिकार, रोजी रोटी से ही तो जुड़ा है। इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति के पंजीकरण, उसे विक्रेता प्रमाणपत्र जारी करने और स्ट्रीटवेंडर का पहचानपत्र प्रदान करने, उन्हें कुछ अधिकार देने, दायित्व सौंपने और प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण के अंतर्गत नगर विक्रय समिति की स्थापना करने जैसे प्रावधान शामिल हैं।





- मृत्युंजय प्रसाद

> सभी वर्तमान स्ट्रीट वेंडरों के सर्वेक्षण और प्रत्येक पांच वर्ष में पुनः सर्वेक्षणकी व्यवस्था है, और यह प्रावधान है कि सर्वेक्षण पूरा होने तक किसी भी रेहड़ी पटरी-विक्रेताको हटाया या पुनः स्थापित नहीं किया जाएगा और सभी स्ट्रीट वेंडरों को सामान बेचने का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार स्ट्रीट वेंडरों को तंग किए जाने के प्रति संरक्षण प्रदान करने और उनकी जीविका को बढ़ावा देने के सार्वभौम उपाय किए जाएंगे।

सभी वर्तमान स्ट्रीट वेंडरों के सर्वेक्षण और प्रत्येक पांच वर्ष में पुनः सर्वेक्षणकी व्यवस्था है, और यह प्रावधान है कि सर्वेक्षण पूरा होने तक किसी भी रेहड़ी पटरी-विक्रेताको हटाया या पुनः स्थापित नहीं किया जाएगा और सभी स्ट्रीट वेंडरों को सामान बेचने का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार स्ट्रीट वेंडरों को तंग किए जाने के प्रति संरक्षण प्रदान करने और उनकी जीविका को बढ़ावा देने के सार्वभौम उपाय किए जाएंगे। सर्वेक्षण में पहचान किए गए सभी वर्तमान स्ट्रीट वेंडरों को वेंडिंग क्षेत्र में जगह दी जाएगी परंतु, शर्त यह है कि वार्ड या शहर क्षेत्र का 25 प्रतिशत वेंडिंग जोन रखा जाएगा। टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) में अधिकारियों, गैर-अधिकारियों, महिला वेंडर सहितवेंडरों के प्रतिनिधि शामिल किए जाएंगे, जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्यपिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और अशक्त लोगों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

विधेयक में व्यवस्था है कि टीवीसी के 40 प्रतिशत सदस्य चुनाव के जरिए स्ट्रीट वेंडरों में से ही होंगे, जिनमें एक तिहाई महिलाएं होंगी।जहां कहीं पहचान किए गए स्ट्रीट वेंडरों की संख्या वेंडिंग जोन की क्षमता से अधिक होगी, वहां टीवीसी लाटरी निकाल कर उस वेंडिंग जोन के लिए प्रमाणपत्र जारी करेगी। शेष बचे लोगों को पड़ोस के वेंडिंग जोन में समायोजित किया जाएगा ताकि किसी को भी विस्थापित न हो। जिन स्ट्रीट वेंडरों को इस अधिनियम के लागू होने से पहले स्ट्रीट वेंडिंगप्रमाणपत्र/लाइसेंस आदि जारी किया गया हो, उन्हें सम्बद्ध श्रेणी के लिए उतनी अवधि हेतु स्ट्रीट वेंडर समझा जाएगा, जितनी अवधि के लिए वेंडिंग प्रमाणपत्र/लाइसेंस जारी किया गया हो। यदि किसी रेहड़ी-पटरी और खोमचे वाले को प्रमाणपत्र जारी किया गया है औरउसका निधन हो जाता है या वह स्थायी रूप से अशक्त हो जाता है तो उसके परिवार केसदस्य यानी उसकी पत्नी या निर्भर संतान को रेहड़ी-पटरी और खोमचे चलाने का अधिकार होगा। विधेयक में प्रावधान है कि स्ट्रीट वेंडरों को पुनर्स्थापित करने का विकल्प अंतिम उपाय के रूप में अपनाया जाएगा। 'पुनर्स्थापन' के लिए निम्नांकित सिद्धांत प्रस्तावित किए गए हैं - (क) विस्थापन जहां तक संभव हो टाला जाना चाहिए, विस्थापन की नौबत तब तकनहीं आनी चाहिए जब तक कि विवादित भूमि की स्पष्ट और तात्कालिक आवश्यकता न हो।(ख) पुनर्वास परियोजना तैयार करने और उसके कार्यान्वयन में प्रभावित वेंडरों या उनकेप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। (ग) प्रभावित वेंडरों को पुनः स्थापित इस तरह कियाजाएगा, जिससे उनकी जीविका और जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके अथवा वास्तविकअर्थों में उन्हें विस्थापन से पहले की स्थिति में लाया जा सके। (घ) जिस बाजार मेंरेहडी-पटरी वाले 50 वर्ष या उससे अधिक समय से अपना कारोबार कर रहे हैं? उस स्थान को स्थानीय अधिकारियों द्वारा इस रूप में निर्धारित किया गया हो, उसे प्राकृतिकबाजार समझा जाएगा।

विधेयक में प्रावधान है कि पूरी योजना इस बात को सुनिश्चित करे किस्ट्रीट वेंडर के लिए जगह या क्षेत्र की व्यवस्था उचित हो, और प्राकृतिक बाजार के स्वभाव केअनुरूप हो। यह विधेयक जब्त की गई खराब होने वाली और खराब न होने वाली वस्तुओं कोछुड़ाने के लिए निश्चित अवधि निर्धारित करता है। खराब न होने वाली वस्तुओं के मामले में स्थानीय अधिकारियों को दो कामकाजी दिनों में माल को छोड़ना होगा और खराब होने वालीचीजों के मामले में माल को उसी दिन छोड़ना होगा जिस दिन दावा किया गया है। कई बार मीडिया में इन्हें अर्द्ध अपराधी नशेखोर साबित करने की खबर प्रकाशित की जाती है। यह गलत है।

(लेखक सिविल कोर्ट रांची के अधिवक्ता और स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## खास बात

### बिटिया' काव्य संग्रह का लोकार्पण

**साहित्यकार** 'मीनू' मीना सिन्हा की दूसरी पुस्तक 'बिटिया' काव्य संग्रह का लोकार्पण आईएमए हॉल, रांची में संपन्न हुआ। डॉ. शंभू प्रसाद सिंह, डा.एम.पी. सिन्हा, रमाकांत सिंह, डा.श्रीमोहन सिंह, निरंजन श्रीवास्तव, हिमकर श्याम, डॉ जे. पी. मिश्रा, डा.बलराज सिंह, ए.के. सिंह, चंद्रिका ठाकुर , मांगल्या, अभिषेक के द्वारा पुस्तक लोकार्पित हुई । काव्य संग्रह के बारे में निरंजन श्रीवास्तव , डॉ जे. पी. मिश्रा, डॉ. श्रीमोहन सिंह, चंद्रिका ठाकुर, डॉ.शंभू प्रसाद सिंह, डा. बलराज सिंह आदि ने अपने उद्गार व्यक्त किये।



मदमाते मौसम की कवि गोष्ठी में पूनम बाला के द्वारा सुंदर, मनमोहक मंच संचालन में सतीश मिश्रा, पूनम बाला रेनू बाला धर, डा. सुषमा केरकेट्टा, मनोज सिन्हा, पूनम रानी तिवारी आदि ने अपनी सुमधुर मंगल गीतों से वातावरण को रोमांटिक बना दिया । गणमान्य बुद्धिजीवी वर्ग की उपस्थिति में कवियत्री द्वारा सोलह जुलाई को अपने चालीसवें वैवाहिक वर्षगांठ पर पुस्तक का लोकार्पण साहित्य का समाज में समरसता के भाव को दशार्ता है । इस पुस्तक में इक्यानवें रचनाएं बेटियों के विभिन्न मनोभावों से संबंधित हैं । बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न 'मीनल' उपनाम से प्रसिध्द 'मीनू' का प्रथम काव्य संग्रह जीवनधारा,2018 और तीसरा काव्य संग्रह 'अनुभव के दरख़्त,2023 है । दो पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं ।

विभिन्न विधाओं में इनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती हैं । पद्य और गद्य, दोनों में यह समान अधिकार रखती हैं । महादेवी वर्मा शिखर सम्मान सहित सवा सौ से अधिक सम्मानों से सम्मानित

सेवानिवृत्ति के उपरांत साहित्य सृजन में निरंतर लगी रहती हैं ।

# आमंत्रण

## धर्म-प्रवाह

**अभिजीत**

**प्राचीन** होकर भी सदा यौवन से भरपूर रहनेवालीं उषा ने ऋग्वेद के 24वें सूक्त में अक्षर रूप धारण किया। रात्रि को खत्म कर दिन की शुरूआत करनेवाली उषा का गान ऋषियों ने काफी उत्साह से किया है। सूक्त में उनका वर्णन कुछ यों है : विलक्षण प्रभा और मधुरवाणी की प्रेरक सुंदरी ने द्वार खोले हैं। उषा को रात्रि अपना घर खोलकर निमंत्रण देती हैं। उषा अश्वरथ पर सवार होकर सारे जग को जगाती हैं। 7. पृथिवी

बलित्था पर्वतानां खिद्रं विभर्षि पृथिवी। प्र या भूमिं प्रवत्वति मह्ना जिनोषि महिनि।।

प्रकृति में ईश्वर देखने वाले ऋषियों ने पृथिवी में देवत्व देखा और पृथ्वी को देवी माना। सभी जीवों को आश्रय देने वाली, पानी के प्रवाहों से तृष्णा शांत करनेवाली, वृक्ष-लताओं को फलने-फूलने देनेवाली, समस्त विश्व का पोषण करनेवाली पृथिवी देवी न होतीं, तो आश्चर्य था। ऋग्वेद और अथर्ववेद में पृथिवी के लिए अनेक ऋचाएं हैं। मसलन, पृथिवी विचरणशील मेघों को बरसने के लिए प्रेरित करती हैं। अपने सामर्थ्य के जरिए वनस्पतियों को धारण करती हैं। हे गुणवती, महिमावती पृथिवी देवी, अपने सामर्थ्य से हमारा संरक्षण करें। 8. विद्युत

नमस्ते अस्तु विद्युते नमस्ते स्तनयित्नवे। नमस्ते अस्त्यश्मने येना दूडाशे अस्यसि।।

आसमान में बिजली और उसके बाद की गरज... बरसात का रौद्र रूप कुछ अलग-सा होता है। बिजली जब धरती पर गिरती है, तब उसका रूप ज्यादा उग्र होता है।

> जिस राज्य में अपराधी डीएसपी और दरोगा को गोली मार देते हों, उस राज्य में शासन व्यवस्था की स्थिति कितनी खराब होगी इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। झारखण्ड में बिजली, पानी, स्वास्थ्य और निकम्मी सरकार के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ के खिलाफ पत्रकार मित्रों से वार्ता किया
>
> **-संजय सेठ, सांसद रांची**

## आपके ट्वीट

> पहले परीक्षाओं के रिजल्ट आने में वर्षों लग जाते थे। हमने रिकॉर्ड दिनों में जेपीएससी अंतर्गत युवाओं को नियुक्ति दी। ऐसी हजारों नियुक्तियां दी। पहले वैकेंसी का कोई ना कोई क्वेश्चन पेपर लीक कर दिया जाता था। और परिणाम प्रकाशित नहीं होता था। **- हेमंत सोरेन**





> उत्तराखंड के चमोली में करंट लगने से कई लोगों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुःखद है। स्थानीय प्रशासन घायलों की हर संभव मदद कर रहा है। मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूँ।
>
> **- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# वैश्विक जनसंख्या को लेकर यूएनओ को चिंता

**सुधांशु कुमार**

**संयुक्त** राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की जनसंख्या शाखा के एक अनुमान के मुताबिक हमारा देश अगले वर्ष तक आबादी के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश बन जाएगा। इसके मुताबिक चालू वर्ष के दौरान भारत की आबादी चीन की आबादी के बराबर हो जाएगी। इनमें से प्रत्येक देश की जनसंख्या 1.4 अरब से कुछ अधिक होगी। बहरहाल ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि अगर दोनों देशों की प्रजनन दर में ढांचागत बदलाव नहीं आया तो भारत की आबादी का बढ़ना जारी रहेगा जबकि चीन की आबादी कम होने लगेगी। इसी अनुमान के मुताबिक सन 2050 तक भारत की आबादी करीब 1.7 अरब होगी जबकि चीन की 1.3 अरब। हालांकि ये आंकड़े कुछ अन्य वैश्विक अनुमानों (मसलन द लान्सेट में गत वर्ष प्रकाशित अध्ययन समेत) से मेल नहीं खाते लेकिन इनकी दिशा मेल खाती है। एक समय था जब बढ़ती आबादी को देश के जनांकीय लाभ के रूप में देखा जाता था। आज यह बात सुनने को नहीं मिलती। इसकी एक वजह यह भी है कि अब यह माना जाने लगा है कि जहां तक वृद्धि लाभांश के प्रतिनिधित्व की बात है तो भारत ने कामगारों की यह पीढ़ी बहुत खराब तरीके से तैयार की है। शैक्षणिक दक्षता भी उपयुक्त स्तर की नहीं हैं। कागज पर देखा जाए तो स्कूली शिक्षा हासिल करने वालों की तादाद बढ़ी है। स्कूलों की गुणवत्ता पर ध्यान न दिए जाने से बच्चों में वे बुनियादी कौशल भी नहीं आ पा रहे हैं जो हाई स्कूल के बच्चों में होने चाहिए। दिल्ली के शहरी और आसपास के इलाकों के स्कूलों पर किया गया अध्ययन बताता है कि हाई स्कूल में पढ़ने वाले एक तिहाई बच्चों के पास बुनियादी गणितीय और भाषाई कौशल नहीं है। कई बच्चों का स्तर तो प्राथमिक विद्यालय के स्तर का है। इस तरह की श्रम श?क्ति रोजगार बाजार के लिए शायद ही तैयार हो, और यह जनांकीय लाभ का प्रतिनिधित्व करती नहीं दिखती।

ऐसा कोई श्रम बाजार भी नहीं है जिसके लिए वे तैयारी कर सकें। यह सही है कि जून 2020 से जून 2021 के साव?धिक श्रम श?क्ति सर्वे से पता चलता है कि इस अवधि में बेरोजगारी पिछले वर्ष से कम रही और इसका स्तर केवल 4.2 प्रतिशत रहा। बहरहाल, जैसा कि हम पहले भी कह चुके हैं, शीर्ष आंकड़े वास्तविक स्थिति दशार्ते हैं। यह बड़ी तादाद में स्वरोजगार वाले लोगों, काम की तलाश न करने वाले लोगों और कृषि कार्यों की ओर वापस लौट चुके लोगों को छिपा लेता है। श्रमिक आबादी अनुपात 40 फीसदी से कम है। जो रोजगार युवा भारतीय श्रमिकों से जनांकीय लाभांश तैयार कर सकते हैं वे न तो कृषि क्षेत्र में हैं और न ही स्वरोजगार में। जब तक बच्चों की बुनियाद मजबूत नहीं की जाएगी तब तक शायद व्यावसायिक शिक्षा देने के प्रयासों को भी अपेक्षित सफलता प्राप्त न हो सके।

अगर हम दुनिया में सबसे कम रोजगार अनुपात के साथ दुनिया के सबसे बड़ी आबादी वाले देश बन जाते हैं तो यह एक बहुत बड़ी समस्या होने वाली है और भारत शायद इस आकस्मिकता को समझने और इससे निपटने में तत्परता दिखाने में पिछड़ रहा है।

जब तक हम दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी की मानव पूंजी नहीं बढ़ाते, भारत को समस्याओं का सामना करना होगा। ये समस्याएं केवल रोजगार और वृद्धि की आर्थिक समस्याएं नहीं होंगी बल्कि हमें सामाजिक समस्याओं का भी सामना करना होगा। हाल ही में सरकारी और सैन्य नौकरियों को लेकर दंगों जैसे जो हालात बने, उन्हें इसकी बानगी माना जा सकता है।

## सामयिक

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध की स्थिति




साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### अंकुश लगे

**वर्तमान** समय में जब तकनीक का युग है, जहां आज हर कार्यक्रम की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग हो रही हो तो ऐसे में नेताओं द्वारा अपने भाषण में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस वजह से राजनीति का स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि मयार्दा पसंद लोग राजनीति में कदम रखने से पहले कतराने लगे हैं। इस पर जल्द से जल्द अंकुश लगना चाहिए।

**-विजय महाजन, हजारीबाग**

### शिक्षा का संकट

**कोरोना** की वजह से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा का सहारा लेना पड़ा था। इसका बच्चों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। शहरी बच्चे तो ऑनलाइन शिक्षा से पढ़ पा रहे हैं लेकिन ग्रामीण बच्चों की हालत ठीक नहीं है। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। ऑनलाइन शिक्षा की आदत लगने के बाद उनकी बौद्धिकता में कमी आई है और लेखन क्षमता में भी।

**-राघव जैन, रांची**

# भारतीय यूनिकॉर्न स्टार्टअप का बढ़ता जादू

**निवेदिता मुखर्जी**

**बहुत** कम अंतराल में छह इंटरनेट आधारित कंपनियों ने यूनिकॉर्न का दर्जा प्राप्त किया। यानी इन कंपनियों का मूल्यांकन एक अरब डॉलर का स्तर पार कर गया। इस बात का जोरशोर से जश्न भी मनाया गया। इसमें यही संदेश निहित था कि आखिरकार भारत उस स्थिति में आ गया है जहां किसी निजी स्टार्टअप का एक अरब डॉलर का स्तर हासिल करना यदाकदा होने वाली घटना नहीं रह गई। अमेरिकी एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म सीबी इनसाइट्स के डेटाबेस के मुताबिक अप्रैल 2021 तक दुनिया भर की 642 यूनिकॉर्न में से 29 भारत में स्थित हैं। वेंचर इंटेलिजेंस का एक और डेटा बताता है कि भारतीय यूनिकॉर्न की तादाद 47 है और इनमें इजाफा हो रहा है। आंकड़ों में यह अंतर यूनिकॉर्न की गणना के तरीके की वजह से है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर यूनिकॉर्न, 10 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर डेकाक्रॉन और 100 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर हेक्टोकॉर्न मानी जाती है और निर्धारण इस बात पर निर्भर करता है कि कौन सी स्टार्टअप सूची में कब किस स्थान पर थी।

वैश्विक रैंकिंग की बात करें तो किसी स्टार्टअप का यूनिकॉर्न बनना यकीनन उसकी विकास गाथा की पुष्टि करता है लेकिन वहां यह बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है। कारण यह कि वहां स्टार्टअप का मूल्यांकन कोई विशिष्ट बात नहीं है। यह किसी स्टार्टअप का सांकेतिक मूल्य है जो नकदी प्रवाह की उपलब्धता, महत्त्वाकांक्षा और फंडिंग के अहम संकेतकों के आकलन पर निर्भर है। चूंकि मूल्यांकन का राजस्व, मुनाफे या किसी अन्य पारंपरिक कारोबारी मानक से कोई लेनादेना नहीं इसलिए यह निवेशकों की भावना से अधिक संचालित है। स्टार्टअप जगत में निवेशक कई बार कंपनियों के सामने कड़े प्रदर्शन लक्ष्य भी रखते हैं। वहीं अन्य अवसरों पर वे चाहते हैं कि आंकड़े चाहे कुछ भी हों लेकिन ग्राहक कंपनी से जुड़े रहें।

कई ऐसे मामले सामने आए जहां उच्च मूल्यांकन के बावजूद स्टार्टअप नाकाम होती देखी गईं। सितारा संस्थापकों वाले संस्थान भी डूबने से नहीं बच पाए। फ्लिपकार्ट, हाउसिंग डॉट कॉम, स्नैपडील जैसी तमाम स्टार्टअप के बारे में सोचिए। चमकदार नाम वाले निवेशक जो स्टार्टअप को शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचने में मदद करते हैं, वे पूरे सफर के दौरान पूरी तरह नियंत्रण कायम रखते हैं। आमतौर पर संस्थापक निवेशक उस समय सार्वजनिक तौर पर चर्चा में आता है जब किसी स्टार्टअप की बिक्री होती है या उसे बेचने का प्रयास किया जाता है। फ्लिपकार्ट के मामले में कंपनी के सह-संस्थापक और देश में ई-कॉमर्स के पोस्टर बॉय आईआईटी से पढ़े सचिन बंसल को 2018 में अपना पद छोडना पड़ा जब टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट के ली फिक्सेल समेत निवेशकों के एक समूह ने बेंगलूरु की इस कंपनी की बहुलांश हिस्सेदारी 16 अरब डॉलर में वॉलमार्ट को बेचने का सौदा किया। सचिन बंसल ने बिन्नी बंसल के साथ मिलकर करीब 10 वर्ष पहले जिस कंपनी की स्थापना की थी, उस कंपनी की बोर्ड रूम वार्ता में सचिन बंसल के पास ज्यादा कुछ कहने का अधिकार ही नहीं था। सचिन अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहते थे लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके।

इसके सह-संस्थापक और सीईओ राहुल यादव ने 2015 में प्रमुख निवेशक सिकोया कैपिटल के शैलेंद्र सिंह को ई-मेल भेजा। सार्वजनिक हुए इस मेल में तब 25 वर्ष के यादव (जिन्होंने आईआईटी की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी), ने कहा कि अगर निवेशकों ने उनसे उलझना नहीं छोड़ा तो वह कंपनी छोड़ देंगे।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 9570848433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### डॉ टी. मिश्रा को भाजपा ने किया सम्मानित



**रामगढ़।** भाजपा कैंट मंडल के वार्ड नं 06 बूथ संख्या 51 में बुधवार को महासंपर्क अभियान के तहत प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ त्रिवेणी मिश्रा को बूथ अध्यक्ष सुरजीत सिंह छाबड़ा ने किया सम्मानित। कैंट के कार्यक्रम प्रभारी तथा महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तित्व को सम्मानित करने का निर्देश महासम्पर्क अभियान के तहत निर्धारित किया गया है ।उसी के आलोक में आज हमलोगों ने बूथ संख्या 51 के अंतर्गत शहर के अनुभवी और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ टी मिश्रा को सम्मानित किया। उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी से सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूरा होने पर मोदी सरकार की उपलब्धि पर उनके विचार को सुनकर फिर से एक बार मोदी सरकार 2024 लिए समर्थन मांगा। कार्यक्रम में वार्ड अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, वरुण सिंह, सुरजीत सिंह,मणि शंकर ठाकुर, ईश्वर पासवान सहित वहां के स्वास्थ्यकर्मी , मरीज और उनके परिजन का भी सहयोग मिला।

### सिटीजन फोरम ने लगाया प्रदर्शनी



**गिद्दी ।** सिटीजन फोरम पब्लिक स्कूल गिद्दी के वर्ग नर्सरी–3 और 4–5 के बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त भारत के लिए गो ग्रीन एंड से टू नो प्लास्टिक का एक ऐतिहासिक और प्रेरक कार्यक्रम को प्रदर्शित किया। नर्सरी–3वर्ग के बच्चों ने हरे फल और हरी सब्जियों का मॉडल बनाकर हरे पोशाक पहनकर प्रदर्शित किया। साथ ही वर्ग 4–5 के बच्चों ने पेपर बैग, पर्स, ढोंगे कैरी बैग आदि बनाकर प्लास्टिक मुक्त भारत का जनता को संदेश दिया। जनता को बच्चों ने यह संदेश दिया कि प्लास्टिक का उपयोग किसी भी तरह से हमारे जीवन के लिए उपयोगी नहीं है। इससे प्रयोग से कैंसर जैसी जानलेवा बिमारियों व अन्य घटक बीमारी के चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठते हैं।

### क्षेत्रीय खेलकूद को लेकर बैठक



**रजरप्पा ।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में विद्या भारती उत्तर– पूर्व क्षेत्र (बिहार–झारखण्ड) के क्षेत्रीय सचिव नकुल शर्मा, विद्या विकास समिति, झारखण्ड के प्रदेश सचिव अजय तिवारी के नेतृत्व में बिहार–झारखण्ड के समितियों के पदाधिकारियों की योजना बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी अक्टूबर माह में सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके पूर्व अधिकारियों द्वारा रजरप्पा आवासीय स्थित खेल–मैदान का अवलोकन किया गया। इस खेलकूद समारोह में बिहार–झारखण्ड के सरस्वती विद्या मंदिर से लगभग पाँच सौ प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

### टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**विष्णुगढ़ ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन,गरीब कल्याण के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज, विष्णुगढ़ में टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम किया । विधायक ने सभी मंडल अधिकारियों समेत कार्यकर्त्ताओं संग दोपहर का भोजन किया। विधायक एवं सभी कार्यकताओं ने एक दूसरे के साथ अपने साथ लाये टिफिन से एकदूसरे के बीच बांट कर खाने का लुत्फ उठाया। पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी के नौ साल के जनकल्याण कारी कार्यों की चर्चा की, जिसमें आयुष्मान योजन, किसान सम्मान निधि, उज्वला योजना, वन्दे भारत ट्रेन शामिल था। टिफिन पर चर्चा के बाद विधायक ने कहा कि 9090902024 में मिस्ड कॉल करे। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि डोमन गुप्ता,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,मंत्री राजेश सोनी,हरि यादव,संजू देवी,मीडिया प्रभारी जीवन सोनी,महिला मोर्चा मौजूद थे ।

### सीए अजीत जायसवाल सम्मानित



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में सीए अजीत जायसवाल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है। साथ ही उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, जिला महामंत्री रंजन फौजी, सत्यजीत चौधरी, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### सौंदा डी में धोती-साड़ी वितरित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी पंचायत में सोना सोबरन योजना के तहत बुधवार को दर्जनों लाभुकों के बीच धोती–साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत सौंदा डी पंचायत के हुसैनीनगर स्थित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार देवराज सिंह के दुकान में मुखिया उपेन्द्र शर्मा, विधायक प्रतिनिधि जयंत तुरी व पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय द्वारा लाभुकों के बीच साड़ी–धोती व लूंगी का वितरण किया गया।

### जेएसपीएल ने 156 को दिया ड्राम

**भदानीनगर (रामगढ़)।** जेएसपीएल सीएसआर विभाग द्वारा कुरसे मुखिया संदीप उरांव के पहल पर भंडरा में 64 और कुसियारा में 92 लाभुको के बीच ड्राम का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया संदीप उरांव ने कहा कि ड्राम मिलने से ग्रामीणों को गर्मी से निजात पाने के लिए ड्राम में पानी स्टक कर उपयोग करने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ही मेरी पहली प्राथमिकता है। मुखिया श्री उरांव ने कहा कि पंचायत के चहुंमुखी विकास के साथ जन समस्याओं का समाधान ही मेरा लक्ष्य है। मौके पर वार्ड सदस्य बिनोद उरांव, किरण बाला देवी, निर्मल महतो, भरत लिंडा, संगीता उरांव, अल्बिना तिग्गा, हर्षवर्धन खाखा, जुगेश उरांव, सूरज जयसवाल, विजय उरांव, कांति उरांव, दसमी देवी, सुमी देवी, रामचरण उरांव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# बरकट्ठा में जल्द खुलेगा केंद्रीय स्कूल

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया दो पुलों का शिलान्यास, दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददा



**बरकट्ठा ।** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और सांसद अन्नपूर्णा देवी ने विधायक अमित कुमार यादव उपस्थिति में चेचकपी रोसा और बेडोकला केंदुआ नदी पर पुल का शिलान्यास किया। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बरकट्ठा में शीघ्र ही केंद्रीय स्कूल की स्थापना होगी। इसके लिए संकरेज में स्थल तय किया गया है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास का लक्ष्य है। आवागमन का साधन दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

समारोह में पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता ने मंत्री से बीडीओ कृतिबाला लकड़ा की शिकायत करते हुए कहा कि मनरेगा से बने कुआं का राशि भुगतान को मशीन से कार्य करने का आरोप लगाते हुए रोक दिया है। जबकि बीडीओ पंचरुखी तिलैया में खुद मशीन से तालाब खुदवाया है। इसकी जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने मंत्री से शिकायत किया कि आबकारी विभाग जबरन घर का ताला तोड़कर शराब बनाने की बात कह लोंगो को परेशान किया जा रहा है। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बीडीओ के बाबत उच्च अधिकारियों से बात कर जांच कराए जाने का भरोसा दिया। समारोह में प्रमुख रेणु देवी, मुखिया रीता देवी, पंस सदस्य सुरजमुनी देवी, पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, केदार साव, नन्हकू सिंह, प्रदीप सिंह, देगलाल साव, सुशील पांडेय, बेडोकला मुखिया रिंकी देवी, समान ठाकुर, भोला प्रसाद, अनिल आजाद, जागेश्वर प्रसाद, समन ठाकुर, देवेंद्र पांडेय, संवेदक रामचंद्र यादव समेत आदि लोग मौजूद थे।

### स्कूल के चाहरदीवारी को लेकर सांसद को सौंपा पत्र

**बरकट्ठा ।** प्रखंड के चेचकपी पंचायत स्थित उत्क्रमित हाई स्कूल खैरियो को प्लस टू में उत्क्रमित करने और चहारदीवारी निर्माण के मांग को लेकर शिक्षक भुवनेश्वर सिंह ने केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी को मांग पत्र सौंपा। पत्र में कहा कि यह क्षेत्र आर्थिक व शैक्षणिक रूप में काफी पिछड़ा है। यहां से प्लस टू स्कूल की दूरी लगभग 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। इससे यहां के छात्रों को इंटर की पढ़ाई करने में मुश्किल होती है। स्कूल में चहारदीवारी नहीं रहने से परेशानी होती है। अन्नपूर्णा देवी ने समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।

# सफाई कर्मियों की नियमित रूप से हो स्वास्थ्य की जांच : अंजना पवार

▸▸ राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष ने रामगढ़ में अधिकारियों के साथ की बैठक, दिया निर्देश



**रामगढ़।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष अंजना पवार ने बुधवार को रामगढ़ जिले का किया दौरा । उन्होंने जिले के सफाई कर्मियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, सरकार की योजनाओं का लाभ देने समेत कई मामलों लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में अधिकारियों और यूनियन के अध्यक्षों के साथ की बैठक। श्रीमती पवार ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सफाई कर्मियों का योगदान बहुत बड़ा होता है । उनके द्वारा किए गए सफाई कार्यों से न केवल वातावरण साफ होता है बल्कि कई तरह की बीमारियों से भी हम सभी बचते हैं। लेकिन वर्तमान समय में सफाई कर्मियों की स्थिति को देखते हुए हम सभी को जरूरत है कि हम उनके लिए और भी संवेदनशील हों। इसी उद्देश्य इस बैठक का आयोजन किया गया है। पवार ने कहा कि जिस प्रकार से सफाई कर्मियों ने कोरोना जैसी विषम परिस्थिति में भी पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य किया वह सराहनीय है।

सरकार द्वारा सफाई कर्मियों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही उन्हें विभिन्न सुविधाएं भी दी जा रही है। लेकिन जागरूकता के अभाव में अभी भी बड़ी संख्या में सफाई कर्मी लाभ से वंचित है। उन्होंने नगर परिषद, छावनी परिषद सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से वर्तमान में कार्यरत सफाई कर्मियों एवं उन्हें मिल रहे लाभ, मानदेय आदि की जानकारी ली। जिसके उपरांत उन्होंने सफाई कर्मियों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने एवं किसी भी प्रकार के रोग की पहचान होने पर उनके इलाज हेतु कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा दृष्टिकोण से सफाई कर्मियों को कार्यों के दौरान अनिवार्य रूप से पहचान पत्र साथ रखने एवं पहचान पत्र में ब्लड ग्रुप अंकित होना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बरसात के मौसम के मद्देनजर उन्होंने सांकेतिक रूप से विभिन्न सफाई कर्मियों के बीच रेनकोट का भी वितरण किया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, एसडीओ सिविल सर्जन समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

### जेएसपी फाउंडेशन ने सात मोतियाबिंद मरीजों का कराया निःशुल्क ऑपरेशन



**बासल (रामगढ़)।** जेएसपी फाउंडेशन पतरातू ने अपने दृष्टि कार्यक्रम के तहत आंखों की जांच के बाद मोतियाबिंद के मरीजों को सदर अस्पताल रामगढ़ के माध्यम से अपरेशन की सुविधा प्रदान की है। जहां निजी अस्पतालों में मोतियाबिंद अपरेशन के लिए 25,000 से 30,000 रुपये लिए जाते हैं। वहीं जेएसपी फाउंडेशन द्वारा यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करवाया गया। पतरातू ब्लक के 3 गांव देवरिया, रसदा एवं पलानी से कुल 7 ग्रामीणों को यह सुविधा दिलाई गई है। मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वालो में भूपेन्द्र साव, तारो देवी, सलवा देवी, कारी देवी, सुशीला देवी, शोबतिया देवी एवं शबनम परवीन शामिल हैं। सफल ऑपरेशन के बाद ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने जेएसपी फाउंडेशन के प्रति आभारत व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य सुविधाओं का पूरा ख्याल कंपनी रखती है। बताया गया कि ऑपरेशन से पूर्व जेएसपी फाउंडेशन पतरातू ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 200 से अधिक ग्रामीणों के आंखों की जांच की गई। जिसमें मोतियाबिंद मरीजों को निःशुल्क अपरेशन कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन के रवि निवास, कुमार राहुल, ड. मंजू मिश्रा, रश्मिता दास, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप प्रजापति, प्रयाग मुंडा, फुलेश्वर महतो, प्रकाश कुमार, सविता देवी, हेमंती देवी, शिवानी देवी, बृजन मुंडा आदि का योगदान रहा।



अशफाक खान के परिजनों से मिलते पूर्व विधायक मनोज यादव।

# मृत युवक के परिजनों से मिले मनोज यादव

**कहा-जिला प्रशासन व सीएम से मिलकर मुआवजा दिलायेंगे**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बीतें दिनों कोनरा निवासी 22 वर्षीय अशफाक खान की मौत बरही थाना परिसर में संदेहास्पद स्थिति में हो गयी थी। पीड़ित परिवार व ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से शामिल आरोपी पुलिस पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध करवाई करने की मांग की गई थी। सूचना मिलने के बाद पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि उपायुक्त व मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें इंसाफ दिलाने का काम किया जायेगा।साथ ही पीड़ित परिवार की दयनीय स्थिति से जिला प्रशासन को अवगत कराऊंगा। पूर्व विधायक ने कहा कि पीड़ित परिवार को अधिक से अधिक मुआवजा मिलें, जिसके लिए वह पूरा प्रयास करेंगे। साथ ही परिवार में कोई भी कमाऊं सदस्य नही है, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिलना चाहिए। इसे लेकर भी जिला प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखूंगा। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी, रितेश गुप्ता, इमरान खान अशोक राणा, मो फरीद, मो फारुख, आसिफ, मो डब्लू, मिराज, युसफ पंसस, अहसान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### नव झारखंड फाउंडेशन ने आठ प्रवासी मजदूरों को पहुंचाया घर



**हजारीबाग।** बोकारो जिला के आठ प्रवासी मजदूर रोजगार के लिए आंध्रप्रदेश जाकर किसी कंपनी के चंगुल में फस जाते है, जिसमे चन्दन महतो , राजू तूरी, अजय महतो, राकेश महतो विशाल महतो, मुकेश महतो, विकाश महतो, रोहित महतो कंपनी के चंगुल में फंसने से घर नहीं आ पा रहे थे। प्रवासी नेता, सह नव झारखंड फाउंडेशन किशोरी राणा के फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य रंजीत महतो के प्रयास से सभी मजुदरों को घर पहुंचाया। मजदूरों ने बताया कि कंपनी ने कमाया हुआ सारा पैसा रख लिया, हम सभी के पास रहने , खाने , किराया, तक का पैसा नहीं था। हमलोग नव झारखंड फाउंडेशन संस्था के माध्यम से आज घर सुरक्षित पहुंचे है। श्री राणा ने मजदूरों को घर पहुंचने पर बधाई दी।

### संजय मेहता ने जताया आभार

**बरही।** झारखंडी मुद्दों पर लड़ाई लड़ रहे संजय मेहता ने जनता प्रति आभार व्यक्त किया है। महासभा के सफलता पर सभी छात्र–छात्राओं, नौजवानों, जनता, आयोजन समिति एवं मीडिया के सभी साथियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि महासभा में चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह लोकसभा समेत पूर्वी सिंहभूम, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, कोल्हान, संथाल, उत्तरी ड्ड दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के लोग एवं 24 जिलों के सभी विश्वविद्यालयों से पहुंचे हजारों छात्र, नौजवानों ने यह दिखा दिया है कि अपने हक और अधिकारों को लेकर रहेंगे। यह युवाओं का एक उलगुलान है। झारखंड को बाहरी लोगों से मुक्त करना है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लगे औषधीय पौधे

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली ,हजारीबाग में बालिका शिक्षा के अंतर्गत कक्षा अष्टम से द्वादश कक्षा में पढ़ने वाली बहनों के द्वारा पौधरोपण किया गया। गौरतलब है कि पौधरोपण के इस कार्यक्रम में विद्यालय की बहनों के द्वारा औषधीय पौधा, तुलसी का पौधा , गिलोय ,बेला, चमेली, अपराजिता एलोवेरा एवं सदाबहार फूल आदि लगाए गए। विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय बहनों को पौधरोपण करने के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने कहा कि



पौधरोपण से पर्यावरण संतुलित होता है। पेड़ -पौधे हमारे जीवन के एक महत्वपूर्ण अंग हैं। उन्होंने बहनों के द्वारा किए गए इस कार्य के लिए काफी सराहना की। आप सभी बहने पेड़ -पौधे को निरंतर लगाते रहे जिससे हमारा पर्यावरण संतुलित होगा। हम स्वस्थ जीवन जी सकेंगे। पौधरोपण का कार्यक्रम बालिका शिक्षा, हजारीबाग

### पौधरोपण से पर्यावरण होता है संतुलित : प्राचार्य

विभाग प्रमुख पूनम सिंह दीदी जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। गौरतलब है कि विद्यालय में बहनों के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम के आयोजन होने से विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह, उपाध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा ,सचिव संजय उपाध्याय एवं कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। मौके पर रूबी बाला, सुनीता देवी, मनिका जी, निशा शर्मा , शेखा कुमारी ,काजल दीदी जी एवं बहने उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विष्णुगुगढ़ : 12वीं की छात्रा आठ दिन से गायब



**विष्णुगढ़।** चौथा निवासी सहदेव रविदास की बेटी सीमा कुमारी ( 23 वर्ष) करीब आठ दिनों से घर से गायब है। परिजनों ने बताया कि ब्लू रंग के सूट पहने दोपहर पिछले बुधवार से गायब है । लोगों ने बगोदर की ओर पैदल जाते देखा। युवती का देर शाम घर नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोज बीन की। मामले को विष्णुगढ़ थाना में सूचना दी। छात्रा घाघरा कॉलेज बगोदर में इंटर में पढ़ती थी। परिजनों ने जंगल के अलावे रिश्तेदारों के पता लगाया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने गुमशुदगी को लेकर थाना में आवेदन दिया है। पंचायत समिति सदस्य चमेली देवी के प्रतिनिधि भीखन रविदास ने बताया कि घर वालों को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था, क्यों परेशान कर रही मुझे, उसी नंबर का सीडीआर डिटेल्स निकाला जा रहा है। मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़ कर देखा जा रहा है।

### अवैध कोयला लदा दो ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**हजारीबाग।** मंगलवार देर रात को सीसीएल सुरक्षा कर्मियों के गश्ती के दौरान चरही रेलवे साईडिंग चेकपोस्ट के समीप अवैध कोयले से लदे दो ट्रकों को दबोचा। दोनों ट्रक के चालक को भी पकड़ा। पुलिस ने दोनों ट्रकों को आशीर्वाद लाईन होटल के पास खड़ा किया। जानकारी के अनुसार ट्रक नंबर बीआर02जीए/7903 और बीआर 02जीए/9013 बड़कागांव के सेहदा जंगल से दो ट्रक अवैध कोयला लाद और त्रिपाल बांधकर चरही रेलवे साईडिंग के चेकपोस्ट होते हुए निकल रहा था।जिसकी नजर सुरक्षा कर्मियों को पड़ी। दोनों ट्रकों को सीसीएल के गश्ती दल ने रोककर कोयले से संबंधित कागजातों को मांग की। दोनों ट्रक के चालक नकली कागजात दिखाकर रवाना होने के फिराक में थे। लेकिन सफल नहीं हो पाए। पकड़े गए दोनों ट्रकों और उसके चालकों को चरही थाना के सुपुर्द किया गया।

### विष्णुगढ़ में अंकेक्षण के लिए दिया प्रशिक्षण

**विष्णुगढ़।** जेएसएलपीएस द्वारा स्वयं सहायता समूह और ग्राम संगठन का आंतरिक अंकेक्षण के लिए पंचायत भवन बनासो में पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमे विष्णुगढ़ प्रखंड से कुल 28 लोग प्रशिक्षण में शामिल हुए। बीपीएम रामगिरी उरांव बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है की स्वयं सहायता समूह, ग्राम स्तरीय संगठन में हो रहे वित्तीय लेनदेन का आंतरिक अंकेक्षन प्रत्येक वर्ष किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रेनर अन्नू कुमारी, बीएपी नारायण महतो, सामुदायिक समन्वयक सुजीत कुमार, अशोक रजक, आईपीआरपी प्रियंका कुमारी तथा समूह की दीदियां शामिल हुए।

### कटकमदाग में तालाब की हुयी सफाई

**कटकमदाग।** नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत कूद में अवस्थित तालाब से दुर्गन्ध आ रही थी ।स्थानीय निवासियों द्वारा इसकी शिकायत शानिवार को की गई थी। नगर निगम के प्रशासक द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए, रविवार को इस जगह नगर निगम की टीम भेजी गई एवं सफाई का निर्देश दिया गया। सफाई के क्रम में वहां बोरा में बंद एक मृत कुत्ता मिला, जिससे दुर्गंध आ रही थी। कुत्ता को निकाल दिया गया। तालाब में ठोस अपशिष्टों की सफाई की गई। निगम ने नगर वासियो से अपील की कि तालाब की सफाई रखने में अपनी भूमिका निभाए ।किसी भी प्रकार से तालाब को गंदा करने पर या पशु फेंकने पर नगर निगम द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जलसहिया संघ ने सांसद, विधायक को सौंपा मांगपत्र

**बरकट्ठा ।** जिला जलसहिया संघ के सदस्यों ने जिला अध्यक्ष सपना शर्मा के नेतृत्व में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव को पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में कहा है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लागू मानदेय राशि एक हजार जो बकाया है के साथ भुगतान करने, न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मासिक भुगतान का वायदा पूर्ण करने, कार्य के दौरान मृत्यु होने पर अनुकंपा का लाभ और 20 लाख का बीमा भुगतान होने, विभाग के रिक्त पद पर वरीयता एवं योग्यता के आधार पर नियुक्ति में प्राथमिकता देने, ठेकेदारों को कार्य न देकर बल्कि जलसहिया को जल स्वच्छता संबंधी कार्य देने की मांग शामिल है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या:– RWD/SD/LATEHAR/10/2022-23/RE PR NO- 293913

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार सदर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी / पर्यवेक्षीय / तृतीय / चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 59531715.00 | 1191000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 2 | प्रखण्ड बालूमाथ में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी / पर्यवेक्षीय / तृतीय / चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 58657662.00 | 1174000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 3 | प्रखण्ड चन्दवा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी / पर्यवेक्षीय / तृतीय / चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 58711274.00 | 1175000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय:– दिनांक–21.07.2023 से दिनांक–10.08.2023 को अपराहन् 05:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 11.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
   I) जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार
   II) जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
   III) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, रांची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.08.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9122180770, 7061815124
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR 302715 Rural Development(23-24)#D



**झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–01 / 2023–24 (4th Call) तिथि :– 18.07.2023

**P.R. No. 295301, 298106 & 300131 Drinking Water and Sanitation (23-24)D**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉंत्रिक नागरिक प्रमण्डल, रॉंची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.07.2023 को 02:00 बजे अपराहन में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 25.07.2023 को 02:00 बजे अपराहन में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉंची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 31.07.2023 को 05:00 बजे अपराहन में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 01.08.2023 को 02:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, रॉंची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 02.08.2023 को 2:00 बजे अपराहन में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉंची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/ 0120-4001005/ 0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying, Installation, Testing and Commissioning of 11000/433 volts, outdoor type copper wound 1250 KVA offload Tap Changer Power Transformer (Make-Synergy/T Power/PVJ Power) with other accessories at Booty Sub Station under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 25,95,538.00 | 52,000.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | Three months |

नोट:– (i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तो की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33/11 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge / concerned officer से M.O.M. / Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल
रॉंची

PR 302744 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## स्पीड न्यूज

### किसान सभा का धरना 20 जुलाई को

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा गुमला के बैनर तले किसानों के हित के नाम पर जिले में मची लूट व भ्रष्टाचार के खिलाफ 20 जुलाई को विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। जिला मुख्यालय में होने वाले प्रदर्शन में किसान पदाधिकारी के अलावे झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे। जानकारी अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह ने दी है।

### सूरत से मक्का मदीना की यात्रा पर निकला युवक पहुंचा गुमला

**गुमला।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज निवासी 24 वर्षीय गुफरान अंसारी साइकिल से मक्का मदीना की यात्रा में निकले हैं। यात्रा का शुभारंभ गुजरात राज्य के सूरत से आरंभ की है। देश में अमन चैन व शांति बनी रहे इसके लिए वे मक्कामदीना जा रहे हैं। गुफरान ने बताया कि वह देश के 24 राज्यों का भ्रमण करते हुए गुमला पहुंचे हैं। वहीं देश के अन्य स्थानों का भ्रमण करते हुए वह चीन जायेगा। जहां से मक्का मदीना के लिए रवाना होगा। अब तक वह 30 हजार किलो मीटर की दूरी तय कर चुका है। गुमला पहुंचने पर मुस्लिम समाज के लोगों ने गुफरान का माला पहनाकर स्वागत किया।

### घर के बाथरूम में पहुंचा भालू



**गुमला।** जिला के सुगढ़ा कुधाडामर निवासी लोकनाथ साहु के घर के बाथरूम में एक भालू जंगल से आ पहुंचा था। भालू देख लोकनाथ का परिवार भयभीत हो उठा। लोकनाथ ने तत्काल भालू उसके घर आने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही डीएफओ के निर्देश पर एक टीम गठित की गयी। टीम में वनरक्षी सुनिल उरांव, राकेश मिश्रा, लिबनुस कुल्लू, विद्या सागर भगत, रजत किरण डुंगडुंग एवं सतीश भगत शामिल थे। टीम त्वरित कार्रवाई कर लाउडस्पीकर की सहायता से ग्रामीणों को भालू से दूर रखते हुए भालू को जंगल की ओर भेजने का अभियान चलाया। बम पटाखों एवं लाठियों से भालू को जंगल की ओर खदेड़ने का कार्य पूरे दिन भर चला। तत्पश्चात लगभग 3.00 बजे जंगली भालू को बिरकेरा जंगल में भेजने में टीम के सदस्यों को कामयाबी मिली। इस घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई।

### भाजयुमो की विशाल बाइक यात्रा आज

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के मंत्री अजातशत्रु के नेतृत्व में जिला भाजयुमो के युवा साथियों के द्वारा गुरुवार 20 जुलाई को एक विशाल बाइक यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड प्रदेश के भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित रहेंगे साथ ही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव, जिलाध्यक्ष मनीष शिखर, जिला के महामंत्री वाल्मीकि कुमार, सजल कुमार सहित जिला के सैकड़ों युवा कार्यकर्ता गण एवं वरिष्ठ कार्यकर्तागण इस बाइक यात्रा में शामिल होंगे। यह बाइक यात्रा आज दिन के 11 बजे सेन्हा मंडल भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर कल्हेपाठ, कंडरा, बूटी झखरा, चमरू, अलौदी, सूरसीरिया होते हुए हेसवे गाव तक जायेगी। इस कार्यक्रम को लेकर भाजयुमो ने लोगो से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने एवं आगामी चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाने का आह्वान किया है।

### इंडिया नामकरण से डरी भाजपा को एनडीए की आयी याद : आलोक साहू

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि 26 विपक्षी दलों का नामकरण इंडिया रखने से भाजपा हताश और निराश है। विपक्षी एकता से डरकर भाजपा को एनडीए की याद आ रही है। प्रधानमंत्री राज्य सभा में भाषण दिये थे कि मैं सभी विपक्षियों पर एक अकेला भारी हूं फिर आज विपक्षियों को एनडीए में जोड़ने का काम क्यों कर रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि कल तक जिन जिन पार्टियों को दूत्कारने का काम किया, आज सत्ता के लिए उनकी चरण वंदना में लगे हैं। एनडीए खेमे में वैसी पाटियां सम्मिलित है जिसका वजूद किसी राज्य में नहीं है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा को अब बैसाखी की जरूरत है ।भाजपा को अपनी हार का आभास हो गया है। विपक्षी दल देश में लोकतंत्र बचाने के लिए संकल्पित हैं।

### बालिका आवासीय विद्यालय संचालन को लेकर डीईओ ने किया निरीक्षण



**कैरो /लोहरदगा।** कैरो प्रखंड मुख्यालय विराजपुर में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के संचालन प्रारंभ करने को ले डीईओ ने निरीक्षण किया। सड़क नहीं होने से विद्यालय का संचालन कैरो के स्थान पर कुडू में किया जा रहा है। जिसे कैरो में प्रारंभ करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी प्रयास कर रहे हैं। विद्यालय जाने वाली सड़क में नंदिनी नदी में पुल नहीं होने के कारण विद्यालय संचालन करने में परेशानी आ रही है। जिसे ले बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलश्वर व बीडीओ पवन कुमार महतो ने विद्यालय जाने वाली सड़क का निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से विद्यालय जाने के लिए रैयती जमीन पर वैकल्पिक सड़क बनाया जा रहा है। जिसमें नहर होने के कारण कुछ परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा विभाग के अधिकारियों से आदेश लेकर विद्यालय का शीघ्र संचालन शुरू किया जायेगा।

### लंपी बीमारी से पशुओं का बचाव और रख रखाव की जानकारी जरूरी

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की पंचायत में पशु चिकित्सा शिविर लगाकर लंपी और मौसमी बीमारी के बारे में डॉ रोहित कुमार ने विस्तारपूर्वक जानकारी पशु पालकों को दी। यह कार्यक्रम एचडीएफसी बैंक एवं बाएफ संस्था के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। आयोजित शिविर के माध्यम से मुर्की के पशुपालक किसान वर्ग को लंपी बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए विशेष ध्यान रखने की बात कही गयी। साथ ही बरसात के मौसम में पशु में पाये जाने वाली बीमारी के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही पशु संबंधित विभिन्न बीमारियों पर प्रकाश डाला गया।

## बारिश में सुरक्षित स्थान पर लें पनाह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने की घटना से बचाव को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। जिसमें जान माल की रक्षा को लेकर बारिश व बिजली कड़कने के दौरान लोगों से सुरक्षित स्थानों पर पनाह लेने की बात कही। पिछले एक वर्ष में गुमला जिले के करीब 20 व्यक्ति वज्रपात के शिकार हुए थे। जिनमें से 18 की मौत हो गयी थी। प्रतिवर्ष वज्रपात से बड़ी संख्या में जन हानि व पशुहानि होती है तथा इंफास्ट्रक्चर को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वज्रपात से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों व अलर्ट के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है।

**आकाशीय बिजली से जान माल की रक्षा को लेकर जारी किया गया एडवाइजरी**

- पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण नहीं लेने की अपील
- वज्रपात से एक वर्ष में 20 लोग हुए घायल, 18 की हो चुकी है मौत

**बरतें सावधानी :** वज्रपात से बचने के लिए पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे कभी शरण न लें। बच्चों को बाहर न जाने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैंडपंप आदि न छुएं। धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, लैंडलाइन व बिजली उपकरणों का उपयोग न करें, खुले वाहनों से यात्रा न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन बिलकुल न करें। यदि मौसम खराब हो तो तुरंत किसी पक्के घर में शरण लें, आसपास सुरक्षित स्थान न होने पर दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकड़ू बैठ जायें। घर के विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। यदि खेत में हैं तो तुरंत सूखे स्थान पर चले जायें। हाइटेंशन तारों, पोखरों, बिजली खंभों तथा कंटीले तारों से दूर रहें। आपदा के शिकार होने पर स्थानीय अस्पतालों एवं प्रशासन से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## लोहरदगा से लापता दो युवकों का शव बिशुनपुर पुलिस ने किया बरामद

- हत्या कर शव तालाबनुमा ढोड़हा में फेंका गया
- 16 जुलाई को परिजनों ने दर्ज करायी थीगुमशुदगी की प्राथमिकी
- मृत युवकों की बाइक के साथ एक हिरासत में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बिशुनपुर थाना पुलिस ने बुधवार की सुबह थाना क्षेत्र के सखुवाटोली पहाड़ स्थित एक तालाबनुमा ढोड़हा से दो युवकों का शव बरामद किया है। मृतकों की पहचान लोहरदगा जिला के भंडरा थाना अंतर्गत बेदाल गांव निवासी परमेश्वर ठाकुर और सुखसागर साहू के रूप में हुई है।

दोनों की हत्या बहुत ही बेरहमी से की गयी है। हत्या कर शव को ढोड़हा में फेंक दिया गया था। जिससे मृतकों का शव फुल गया। घटना की सूचना पर बिशुनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या का मामला दिखता है। लेकिन आशंका जाहिर की जा रही है कि सिर पर गोली भी मारी गई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद इसका खुलासा होगा।




दोनों युवक रविवार से लापता थे। परिजनों ने भंडरा थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। घटना की सूचना पर मृतक का भाई तुलसी ठाकुर, पुत्र प्रदीप साहू सहित अन्य लोग घटनास्थल पहुंचे और उनकी पहचान की। पुलिस भी घटना स्थल पहुंची। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की। सूचना है कि इस दौरान पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गयी है।

**परमेश्वर ठाकुर का है आपराधिक इतिहास :** थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि परमेश्वर और सुखसागर जिस बाइक से घर से निकले थे। उसे पुलिस ने वाहन जांच के दौरान पकड़ा है। साथ ही वाहन चला रहे एक युवक को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ जारी है। परमेश्वर का आपराधिक इतिहास रहा है। भंडरा थाना में अपहरण, रंगदारी और आर्म्स एक्ट की प्राथमिकी दर्ज हैं।

## अरु-धरधरिया सड़क बनवाने का करेंगे पूरा प्रयास : सुखदेव भगत

- सुखदेव भगत मंत्री आलमगीर आलम से मुलाकात कर शीघ्र अरु-धरधरिया पथ का निर्माण कराने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड के ग्राम अरु, चौकनी, हेसवे, तोड़ार के ग्रामीणों के आग्रह पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुखदेव भगत तोड़ार गांव पहुंचे जहां बाजार टांड़ मैदान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने सुखदेव भगत को बताया कि ग्राम अरु लेकर धरधरिया तक सड़क काफी जर्जर अवस्था में है। यह पथ विगत 20 वर्षों से नहीं बना है। जर्जर सड़क होने के कारण जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर गर्भवती महिला को ले जाने में काफी दिक्कत होती है। इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को कोई मतलब नहीं है। ग्रामीणों ने श्री भगत से जनता की दिक्कत को देख इस पथ का निर्माण कराने की मांग की। मौके पर सुखदेव भगत ग्रामीणों के साथ जर्जर सड़क का मुआयना भी किये।

**क्या बोले पूर्व विधायक सुखदेव भगत**



पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि अच्छी सड़कें होने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है। लगभग 20 वर्षों से इस सड़क का निर्माण नहीं होने से इस क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी हो रही है। इस पथ से लगभग 20-25 गांव के लोगों का आवागमन होता है। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका दायित्व होता है कि जन समस्याओं का निदान करें। श्री भगत ने कहा कि कांग्रेसनीत झारखंड सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है। जागरूकता की कमी होने के कारण ग्रामीण जनता सरकारी लाभ का फायदा नहीं उठा पाते हैं। झारखंड सरकार सभी वर्गों के लिए योजना बनाकर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। मौके पर श्री भगत ने ग्रामीणों को आश्वासन दिये। इस सड़क को बनवाने के लिए सार्थक पहल करेंगे। मौके पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू, वीरेंद्र यादव, प्रमोद साहू, अजय उरांव, इम्तियाज अंसारी, रंजीत यादव, साहबिर उरांव, अल्ताफ अंसारी, शरद यादव, प्रकाश भगत ,सुदीप भगत, अजय साहू,सगीर अंसारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। फिर श्री भगत झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से उनके आवास रांची में मुलाकात कर अरु,तोड़ार,चौकनी, होते हुए धरधरिया तक 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराने हेतु एक पत्र समर्पित कर इस सड़क को शीघ्र बनाने का आग्रह किये। मंत्री महोदय ने श्री भगत को सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित कई लोग कांग्रेस के साथ

- आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों का कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कांग्रेस में शामिल होने वालों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष।

**गुमला।** जिला के बिरहोर, बृजिया एवं असुर सामाज के लोगो ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की बात आम जनों के साथ से प्रभावित होकर बुधवार को झारखंड राज्य आदिम जनजाति एवं जनकल्याण विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप बिरहोर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिनका कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

मौके पर दिलीप बिरहोर ने कहा कि हमारा समाज राहुल गांधी के कार्यों से बहुत खुश है। वह गरीबों के पास जाते हैं उनके समस्याओं को सुनते हैं और कांग्रेस पार्टी संविधान की बात करती है। राहुल गांधी के द्वारा देश में 3700 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा कर पूरे देश में भाईचारगी व नफरत मिटाने का काम किया है और घर घर तक पहुंच कर लोगों के दिलों मोहब्बत का अलख जगाया है। जो देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अहम साबित हो रहा है। उस से हमारा समाज बहुत ही प्रेरित हुआ है हमारा समाज अत्यंत गरीब है। जिलाध्यक्ष जब से अपना कार्य भार संभाला है वे जिले के अंतिम व्यक्ति, गांव तक मिलने जाते हैं। बिरहोर समाज के विजय बिरहोर को अपने जिला कमेटी में उपाध्यक्ष पद से सम्मानित किया है। कांग्रेस पार्टी ने जो सम्मान हमारा समाज को दिया है इन सब बातों को देखते हुए हमारे सामाज के लोगों ने निर्णय लिया कि हम सभी कांग्रेस पार्टी के सदस्यता लेंगे और आज हम सभी ने लिया है।

## पासवा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर तैयारी तेज

### आलोक दुबे ने कई विद्यालय में जाकर खुद दिया निमंत्रण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** 22 जुलाई को बीएस कॉलेज में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की सफलता को लेकर तैयारियां जोरों से प्रारंभ कर दी गयी है। 10 वीं एवं 12 वीं में सीबीएसई, आईसीएसई एवं जैक बोर्ड की परीक्षा में 70% व उससे अधिक नम्बर लाने वाले बच्चों को पासवा द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जायेगा। जबकि लोहरदगा जिला के टॉपर्स को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर को भी सम्मानित किया जायेगा।

इसके पूर्व छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की सफलता को लेकर पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे लोहरदगा पहुंच गए और 22 जुलाई तक लोहरदग्गा में ही प्रवास करेंगे।



निमंत्रण पत्र देते आलोक दुबे।

प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे अपने सहयोगी पदाधिकारी राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, सोनाली कुमारी, दीपशिखा कुमारी के साथ लोहरदगा के कई स्कूलों का भ्रमण कर प्राचार्यों एवं बच्चों को प्रतिभा सम्मान समारोह में आने का निमंत्रण दिया। आलोक दूबे ने कहा 2 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित कर पासवा लोहरदग्गा में इतिहास रचेगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया लगातार बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा जारी है। सम्मान समारोह को लेकर बच्चे काफी उत्साहित हैं।

लोहरदग्गा जिलाध्यक्ष माजिद आलम अपने सहयोगी अमीन अंसारी, ज्ञानदीप सिंह, मनीषा तिर्की, भूषण कुमार, शमशाद आलम, जितेंद्र सुमन, अमनदीप सिंह, मो इरशाद कार्यक्रम की सफलता को लेकर कूड़ू, कैरो, भंडरा क्षेत्रों में स्कूलों का दौरा किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यरत हैं।

## प्रेरणा शाखा के सदस्यों ने पशुओं को दिया चारा

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने आठ दिवसीय कार्यक्रम के पांचवें दिन डीएसपी रोड स्थित शर्मा जी की गौशाला में जाकर गौ सेवा की। इसकी कन्वेनर शकुंतला मंत्री थीं। शाखा के सदस्यों ने पशुओं को लिए दो बोरा भूसी और 5 किलो गुड़ दिये। इसमें अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल प्रियंका अग्रवाल, रचना अग्रवाल एवं अंबिका अग्रवाल मौजूद थी।

## नागपुरी कविताओं के रचनाकार जय मंगल बड़ाइक के निधन से शोक की लहर

**घाघरा।** नागपुरी कला मंच के अध्यक्ष जयमंगल बड़ाइक ने नागपुरी भाषा में कई कविताओं की रचना की थी। उनके आकस्मिक निधन से नागपुरी कवियों को गहरा शोक लगा है। अपनी रचनाओं से जय मंगल बड़ाईक ने समाज के विकास व लोगों के उत्थान में अहम भूमिका निभायी है। उनके निधन पर झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे, रवि पहान, अमित ठाकुर, कृष्णा लोहरा, नीरज साहू सहित कई शामिल हैं।

## इसाई समाज शांतिप्रिय होते हैं : हेमंत कुमार



**गुमला।** मणिपुर में ईसाईयों के साथ हो रहे हिंसा को लेकर बुधवार को विभिन्न चर्चों के प्रतिनिधियों की बैठक बुधवार को एराउज के सभागार में हुई। बैठक में झारखंड क्रिस्चियन यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा कि ईसाई समाज चौतरफा हमले का शिकार हो रहा है। जिसका मणिपुर उदाहरण है। जहां पर हिंसा बढ़ रही है। सरकार इस पर कोई हस्तक्षेप नहीं कर रही है। ईसाई समाज को वहां टारगेट किया जा रहा है। जबकि ईसाई समाज शांतिप्रिय होते हैं। उन्होंने कहा मणिपुर की हिंसा को लेकर 23 जुलाई को गुमला में सभी कलीसिया के लोग मिलकर मानव श्रृंखला बनायेंगे। जिसके माध्यम से मणिपुर के हिंसा का विरोध किया जायेगा। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष रोबर्ट टोप्पो ने कहा हम सीधे साधे भोले भाले लोगों को हर समय टारगेट किया जाता है जो गलत है। कई जगह चर्चों पर हमले हो रहे हैं। चर्च को जलाया जा रहा है। सरकार आज चुप हो गई है। मणिपुर के हिंसा को लेकर सरकार कुछ नहीं बोल रही है। संरक्षक अमित एक्का ने कहा ईसाई समाज को टारगेट करना लोग बंद करें।

**मणिपुर में ईसाईयों पर हो रहे हमले के विरोध में 23 जुलाई को बनायी जायेगी मानव श्रृंखला**

## संवेदक संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

- बालू की कमी और जिला परिषद में बरती जा रही अनियमतता सहित कई मुद्दों को लेकर आज मिलेंगे डीसी से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बुधवार को झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा की एक बैठक संघ के अध्यक्ष सूरज अग्रवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान के सामने लिप्टस बागान में हुई। जिसमें संवेदकों को विकास कार्य में हो रही परेशानियों को लेकर संवेदकों ने संघ के बीच अपनी बातों को रखा, जिसमें संवेदकों को विकास कार्य में बालू की दिक्कत हो रही है।

बिचौलिये अनाप-शनाप



दाम लेकर बालू गिरा रहे हैं, संवेदक द्वारा निविदा डालने के बाद किए गए कार्यों को बार-बार जांच कर सरकारी पदाधिकारी परेशान करते हुए उनका दोहन कर रहे हैं।

### ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**गुमला।** एनएच 43 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के जुरा गांव के पास बीते रात ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार 26 वर्षीय सुकरा उरांव की मौत हो गई। मृतक नरकोपी थाना क्षेत्र के पहाड़कंडरीया का रहने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुकरा उरांव अपनी साइकिल से अपनी बहन के घर तेतरटोली गांव से वापस गांव लौट रहा था। इस दौरान ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद ट्रक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

## सभी प्ले स्कूल संचालकों को 31 से पहले करवाना होगा पंजीकरण

- पंजीकरण समय पर नहीं करने पर होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले में संचालित सभी प्ले स्कूल संचालकों को अधिसूचना दी गयी है कि वे अपने विद्यालयों का पंजीकरण या निबंधन 31 जुलाई 2023 से पहले करवा लें। यह नया नियम संचालन नियमावली 2017 के तहत लागू किया गया है। जिसके अनुसार निबंधन आवश्यक है। निर्धारित समय सीमा में निबंधन नहीं करवाते हैं तो संबंधित स्कूल संचालकों पर कार्रवाई की जायेगी। इस नियमावली के अनुसार जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सक्षम पदाधिकारी नामित किया गया है। प्ले स्कूल का निबंधन राज्य सरकार या स्थानीय प्रशासन से किसी भी प्रकार की सहायता या अनुदान प्राप्त नहीं करने वाले 3-6 वर्ष आयु के बच्चों को शिक्षा देने वाले सभी स्कूलों को नियमावली की कंडिका 2 पी के आलोक में निबंधन कराना जरूरी है। इसके अनुसार प्ले स्कूल का अभिप्राय गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूल से है जो 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को शिक्षा देते हैं।

## अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर, सचिव व नाजिम ए आला पद के लिए चुनाव संपन्न, मतगणना जारी

- सदर व सचिव के 3061 मतदाताओं में से 2524 ने व नाजिम ए आला के 132 मतदाताओं में से 126 ने अपने मत का किया प्रयोग
- सदर पद के लिद तीन, सचिव के लिए दो उम्मीदवार हैं मैदान में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर, सचिव व नाजिम ए आला का चुनाव बुधवार को थाना रोड स्थित जिला परिषद के मार्केट हॉल में मतदान प्रक्रिया हुई। करीब 82.45 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला किया। जिसमें सदर व सचिव के उम्मीदवार के लिए 3061 मतदाताओं में से 2524 ने मतदान किया। जबकि नाजिम ए आला के लिए 132 में से 126 ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया प्रातः 7 बजे से आरंभ हुई जो शाम पांच बजे तक चली। मतदान के बाद उसी स्थल पर मतणना 6 बजे से आरंभ हुई जो समाचार लिखने तक चल रही थी। अंजुमन चुनाव में सदर पद के लिए तीन उम्मीदवार मो इरशाद खान, मो मिन्हाजुद्दीन व मो शाहिद आजमी मैदान में हैं जबकि सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार खुर्शीद आलम व मकसुद आलम मैदान में हैं। मतदान के दौरान प्रत्याशी मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील करते दिखे। मतदान को लेकर मतदाताओं का विशेष वोटर आईडी कार्ड बनाया गया था। वोटर कार्ड लेकर आने वाले मतदाताओं को ही मतदान करने का अधिकार था। मतदान को लेकर छः केंद्र बनाये गये थे। जहां वोटर बारी-बारी से पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किये। मतदान केंद्र के बाहर का माहौल गहमा-गहमी का था। प्रत्याशी के समर्थक मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं को रिझाने में जुटे थे। मतदाताओं को प्रत्याशी के समर्थक कभी इधर तो कभी उधर बुलाते दिखावे। वहीं सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे।





अंजुमन चुनाव के दौरान की झलकियां।

## लोहरदगा जिला को भूमि सम्मान हम सभी के लिए गर्व की बात : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

- उपायुक्त ने स्वागत कार्यक्रम में सभी का जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण का बुधवार को समाहरणालय परिसर लोहरदगा में जिला के पदाधिकारियों व कर्मियों ने भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। उपायुक्त और उनके साथ गई टीम ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित भूमि सम्मान-2023 कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथो से प्लैटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट प्राप्त किया था। मौके पर समाहरणालय परिसर में पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने हाथ जोड़ कर सभी पदाधिकारियों व कर्मियों का अभिनंदन स्वीकार किया।





डीसी का स्वागत करते एसडीओ और अभिवादन स्वीकार करते डीसी।

**समाहरणालय सभागार में हुआ कार्यक्रम :** समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्ता समीरा एस का भव्य तरीके से स्वागत किया गया। इस मौके पर उपायुक्त श्री कृष्ण ने कहा कि भूमि सम्मान-2023 कार्यक्रम अंतर्गत देश के 68 जिलों में लोहरदगा जिला का भी नाम शामिल होना काफी गर्व की बात है। इसके लिए वे सभी बधाई के हकदार हैं जिन्होंने लैंड रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन में अपनी भूमिका निभायी है। इससे जुड़े लोगों की मेहनत का ही परिणाम है कि लोहरदगा जिला इस मुकाम तक पहुंच सका। भूमि सम्मान कार्यक्रम का यह पहला मौका था और पहली बार में ही लोहरदगा जिला शीर्ष 68 जिलों में शामिल हो गया, यह सचमुच गौरव का क्षण है। यह सम्मान सभी को समर्पित है।

स्पीड न्यूज

## ट्रैक्टर पलटने से दबकर एक की मौत

**सतगांवा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठियार पंचायत के सिमरातरी गांव के समीप सोमवार की शाम खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर के पलट जाने से दबकर चालक की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान गावां थाना क्षेत्र के पिहरा स्थित रेहड़ी गांव निवासी 35 वर्षीय शंकर राय के रूप में की गई है।

## स्वयंसेवकों द्वारा पौधरोपण किया गया

**कोडरमा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत जेजे कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिए गए कानुनगोबिगहा गांव में पौधरोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रिमझिम रुखरियार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों के द्वारा 75 प्रकार के पौधों का रोपण कर वाटिका का निर्माण किया। मौके पर राहुल कुमार, तान्या, हंसिका, करीना, मिलन, खुशी कुमारी आदि मौजूद थे।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक सम्पन्न

**कोडरमा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक बुधवार को की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव शंकर रजक ने किया एवं संचालन जिला महासचिव रवि कांत कुमार रवि ने की। बैठक में मुख्य रूप से सभी चयनित पदाधिकारी को शुभकामना संदेश दिया गया। इसके उपरांत सर्वप्रथम शिक्षकों की समस्याओं पर मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें शिक्षकों का लीव एनकैशमेंट, मेडिकल, जीपीएफ एडवांस लोन में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, जिन शिक्षकों का प्रमाण पत्र का सत्यापन हो चुका है उनका जल्द से जल्द सेवा का संतुष्टि, ग्रेड वन की सूची अभिलंब जारी करवाना, आदि शामिल है।

## छात्र-छात्राओं के बीच फलदार पौधे का वितरण

**कोडरमा।** चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में भारत विकास परिषद के बैनर तले विद्यालय प्रबंधन के सौजन्य से सीनियर कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच कार्यक्रम आयोजित कर दो सौ फलदार पौधों का वितरण किया गया। वहीं सभी बच्चो को एक एक पौधा दिया गया और उसे अपने-अपने खेत बारी में लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अग्निशमन पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर, रामरतन महर्षि, प्रो. कैलाश राणा, संजय अग्रवाल, जयंती सेठ, सुनील बरगवे, धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## प्रखंड बीस सूत्री समिति की बैठक आज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड 20 सूत्री समिति की पहली बैठक 20 जुलाई को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार भवन में आयोजित की गई है। उक्त की जानकारी देते हुए बीस सूत्री सदस्य मो जावेद ने बताया है की बैठक मेंं चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं का समीक्षा किया जाएगा। बैठक में बीडीओ केध अलावे संबंधित विभाग के प्रखंड पदाधिकारी और बीस सूत्री के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## बच्चों के बीच विविध कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों के बीच विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ग नर्सरी से आठ के बच्चों के बीच 'स्पेल बी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं वर्ग 6 से आठ में पीयूष राज मोदी को प्रथम, कुणाल कुमार पांडेय को द्वितीय और रिशिका कुमारी को तृतीय स्थान मिला। दूसरी ओर नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों के बीच भी 'स्पेल बी' कार्यक्रम हुआ। इसके तहत बच्चों के बीच शब्दों का सही उच्चारण, पजल, जंबल बर्ड, मिसिंग वर्ड और गतिविधि के द्वारा शब्द निर्माण का कार्य कराया गया। वहीं विद्यालय के एकेडेमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्पेल बी प्रतियोगिता शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के शब्दावली और वर्तनी कौशल को समृद्ध करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

### झुमरीतिलैया शहर में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान पर विधायक ने उठाया सवाल, कहा

# अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ने से पहले बसाने की हो व्यवस्था

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर में प्रशासन द्वारा चलाये गए अतिक्रमण हटाओ अभियान पर कोडरमा विधायक ने सवाल उठाते हुए कहा कि अतिक्रमण के नाम पर सिर्फ उजाड़ा नही जाय बल्कि गरीबों को बसाने पर ध्यान दिया जाय, यह सही है कि जिस प्रकार शहर में सड़क किनारे फुटपाथ दुकानदारों द्वारा ठेला, झोपड़ीनुमा दुकान आदि लगाए जा रहे है, उससे आये दिन जाम की स्थिति उप्तन्न हो रही है, जिससे आमजनों को कई तरह की परेशानियों का सामना करता पड़ता है, ऐसे में सड़क किनारे लगे दुकानों, ठेले को हटाना भी जरूरी है, लेकिन उन्हें हटाने से पहले जिला प्रशासन और नगर प्रशासक उन गरीब फुटकर विक्रेताओं को पहले कहीं दूसरी



जगह बसाने का व्यवस्था करे, ताकि उनका रोजी रोटी में कोई बाधा उतपन्न न हो।

वहीं विधायक ने कहा कि जिस तरह से फुटकर विक्रेताओं को हटाया गया है वह चिंतनीय है, उन्होंने हटाये गए दुकानदारों को ब्लक मैदान, बाजार समिति, बस पड़ाव या अन्य कोई उपयुक्त जगह ओर बसाने की बात कही है। विधायक ने नगर प्रशासन के कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगर प्रशासन दुकानदारों से एक तरफ टैक्स वसूली करती है और दूसरी ओर अतिक्रमण के नाम पर गरीबों का भयादोहन कर रही है। शहर में साफ सफाई की कमी है, झुमरीतिलैया शहर में कई ऐसे जगह है, जहां पार्किंग की व्यवस्था किया जा सकता है, लेकिन नगर प्रशासन इस ओर ध्यान ही नही दे रही है।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में एसडीओ सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी संदीप मीणा की अध्यक्षता में बुधवार को विशेष मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीएलओ पर्यवेक्षक को आगामी लोकसभा एवं विधानसभा 2024 के निर्देशों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में पीटीटी एवं वीडियो संदेश दिखाया गया। पीपीटी के माध्यम से और ऑफलाइन की जानकारी दी गई।

## 23 फाइलेरिया मरीजों के बीच किट का वितरण

**कोडरमा।** सदर अस्पताल सभागार में डीएस सह जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर 23 फाइलेरिया मरीजों के बीच रुग्णता प्रबंधन किट का वितरण किया गया। इस दौरान मरीजों को सम्बोधित करते हुए डॉ. मनोज ने कहा कि बरसात के दिनों में मच्छरों के काटने से फाइलेरिया रोग होने की संभावनाएं होती है, ऐसे में आपलोग अपने अपने घरों के आस पास साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। घरों के आस पास जल जमाव होने नही दें, यदि कहीं जल जमाव हो तो उस पर किरासन तेल अथवा जला हुआ मोबिल का छिड़काव करें, इससे मच्छरों की प्रजनन क्षमता कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोग यदि किसी को एक बार हो जाय तो यह पूर्णतः ठीक नही होता है, दवाइयों से इसे सिर्फ नियंत्रण में रखा जा सकता है।

### चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया सम्मानित

# ओरल स्क्रीनिंग अभियान में कोडरमा का प्रदर्शन पूरे राज्य में अव्वल : डॉ. रमण




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सदर अस्पताल स्थित सभागार में एनसीडी के नोडल पदाधिकारी सह जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले में 20 मार्च से 20 अप्रैल तक चलाए गए ओरल स्क्रीनिंग अभियान में बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. रमण ने कहा कि 20 मार्च से लेकर 20 अप्रैल तक सम्पूर्ण भारत में ओरल स्क्रीनिंग कार्यक्रम चलाया गया, इसी के तहत सदर अस्पताल समेत जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूलों में 26,100 लोगों का त्र ओरल स्क्रीनिंग किया गया, यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, उन्होंने कहा कि ओरल स्क्रीनिंग में जिला बेहतर प्रदर्शन कर पूरे राज्य में अव्वल स्थान पर रहा। वहीं कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ. शरद कुमार ने कहा कि अभियान के दौरान 26,100 लोगों के मुंह और दांतों का ओरल स्क्रीनिंग किया गया, जिसमे दो लोग मुंह कैंसर के मरीज मिले, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च संस्थान में भेजा गया। अभियान के दौरान आमजनों के बीच टूथ ब्रश और पेस्ट का भी वितरण किया गया। वहीं डॉ. शरद ने कहा कि जिले के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने पूरी कर्मठता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिसके कारण कोडरमा पूरे राज्य में प्रथम स्थान पर आने में सफल हुआ, जल्द ही रांची में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इसके लिए सम्मानित किया जाएगा। मौके पर डीएस डॉ. मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार, दीपेश कुमार आदि मौजूद थे।

### इन्हें किया गया सम्मानित

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां के दन्त चिकित्सक डॉ. आशीष कुमार यादव, सदर हस्पिटल के डेंटल हैजिनिस्ट जितेंद्र कुमार मिश्रा, जीएनएम कुमारी अर्चना, सीएचओ दीपा राम, सुनीता कुमारी, रमिता कुमारी, सीमा कुमारी, अन्नू कुमारी, प्रदीप कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**चन्दवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत चन्दवारा पूर्वी पंचायत सचिवालय के समीप बुधवार को तिलेश्वर साहू सेना का एक प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू मौजुद थे। बैठक में प्रखंड स्तरीय समस्याओं पर चर्चा हुई एंव उसके निदान हेतु उचित कदम उठाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं अरूण साहू ने कहा कि प्रखंड में कई तरह की समस्या है एक-एक कर निदान की आवष्यकता है। यहां के वर्तमान सांसद व विधायक को जनता के प्रति कोई ध्यान नहीं है, सिर्फ अपनी कमाई पर ध्यान दे रहे हैं, अगर जनता मौका दिया तो सभी समस्या का समाधान किया जाएगा।

## पेंटिंग प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**कोडरमा।** सदर अस्पताल स्थित सभागार में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित पेंटिग प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रभारी सिविल सर्जन ने कहा कि सिगरेट, गुटखा, खैनी समेत तम्बाकू से बने अन्य उत्पादों का उपयोग करना खतरनाक है, इससे गम्भीर रोग होने की संभावनाएं रहती है, जो बाद में जानलेवा भी साबित होता है।

# मुखिया ने सेविकाओं के आंदोलन समाप्त करवाने की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखण्ड के डाड़ी मुखिया अनीता देवी, एदला मुखिया शकुंतला देवी ने सिमरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह से आंगनबाड़ी सेविकाओं का हड़ताल को समाप्त करवाने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि सेविकाओं द्वारा पिछले 5 दिनों से हड़ताल पर है जिससे बच्चों के पठन-पाठन कार्य, धात्री महिलाओं के बीच पोषण पोषाहार का वितरण, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना जैसे कार्य बाधित हो गया है। साथ हीं फॉर्म को भरने के लिए छात्राएं सेविकाओं के धरना स्थल पर आना पड़ रहा है। जिससे उनका पठन पाठन कार्य बाधित हो जा रहा है। ऐसे में सेविकाओं का उचित मांगों को सीडीपीओ द्वारा पूरा करवाने की बात कही है। आगे कहा है कि यदि दो दिनों के अंदर यदि यह धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं करवाया गया तो हम सभी जनप्रतिनिधि मजबूर होकर धरना प्रदर्शन में शामिल हो कर इनकी आवाज को बुलंद किया जाएगा।

# दो समुदाय के युवकों में मारपीट, तनाव

### दोनों पक्ष के 35 लोगों पर दर्ज हुए प्राथमिकी, गांव में लगाया गया पुलिस कैंप

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के परसौनी गांव में फुटबाल खेलने के दौरान युवकों के बीच हुए मामूली विवाद ने ऐसा तूल पकड़ा कि दो समुदायों के बीच सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। दोनों पक्षों के बीच मारपीट की भी घटना हुई। जिसमें कुछ लोग घायल भी हुए हैं। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रण में आई।

इस मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। परसौनी के सुरेश साव तथा मो मुजाहिर के द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में 35 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जानकारी के अनुसार परसौनी गांव के कब्रिस्तान के बगल में फुटबाल मैदान में गांव



के युवक फुटबाल खेल रहे थे। इसी दौरान दोनों समुदाय के युवकों के बीच झड़प हो गई।

इस बात की जानकारी जब दोनों पक्ष के युवकों के परिजनों को हुई तो उन्होंने मामले को शांत करने की बजाय विवाद को तूल दे दिया। बताया जाता है कि आपसी झड़प के बाद गांव में पत्थरबाजी की भी घटना हुई। सूचना मिलने के पश्चात पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय केदारनाथ राम, थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों को घटनास्थल से खदेड़ दिया। मंगलवार की रात से ही गांव में पुलिस कैंप लगा दिया गया है। बुधवार को पुलिस के वरीय अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ पूरे गांव का निरीक्षण किया। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया है कि स्थिति सामान्य होने तक परसौनी गांव में अस्थाई पुलिस कैंप कायम रहेगा। किसी भी सूरत में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। जो भी सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का काम करेंगे उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डीसी ने किया श्रीकृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने बुधवार को श्रीकृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय गढ़वा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में काफी संख्या में छात्र मौजूद थे। कुछ छात्र चटाई पर बैठकर पढ़ रहे थे, जिसे देख डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार को छात्रों के बैठ कर पढ़ने के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सी-टेबल या बेंच-डेस्क उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ हीं पुस्तकालय में पुस्तकों की कमी को देखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को पुस्तकालय में पर्याप्त संख्या में एवं आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय के बाहर साफ-सफाई आदि का अभाव पाया गया। जिसे देख डीसी ने नियमित रूप से साफ-सफाई कर पुस्तकालय को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। साथ ही पुस्तकालय में पेयजल आपूर्ति को लेकर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। डीसी ने पुस्तकालय के बाहर पेवर्स ब्लक लगाने एवं गेट ग्रिल को ठीक कराने को लेकर कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया। वहीं पुस्तकालय में जगह की कमी को देखते हुए कार्यपालक अभियंता एनआरईपी धर्मेंद्र कुमार को पुस्तकालय के प्रथम तल्ला पर भी भवन के निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि प्रथम तल्ला पर ई पुस्तकालय की व्यवस्था की जाएगी, जो आधुनिक पुस्तकों एवं व्यवस्थाओं से लैस होगा। जिससे जिले के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी सहायता मिलेगी। मौके पर उक्त सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



निरीक्षण करते डीसी

### एक नजर में

## बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बीडीओ ने मनरेगा योजना को समय सीमा के अनुसार पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत सचिवों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ प्रखंड के सभी पंचायत में बागवानी पर भी चर्चा की। बैठक में 2019-20 व 2021 की पुराने सभी योजनाओं को बंद करने का निर्देश दिया गया है। सभी रोजगार सेवक को फील्ड विजिट करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय, कमलेश वर्मा, कनीय अभियंता सचिन कुमार, सहायक अभियंता मनोज कुमार, रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी, पार्वती देवी शालिनी भारती, प्रदीप कुमार, सत्येंद्र कुमार व अन्य लोग शामिल थे।

## नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा पंचायत सचिवालय में बुधवार को एनटीपीसी के सौजन्य से निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर डॉ साई किरण एवं डॉ. गौरव शर्मा ने स्वास्थ्य शिविर में मौजूद ग्रामीणों को सामान्य जांच, परामर्श, सरल नैदानिक परीक्षण और निःशुक दवा का वितरण किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि इसका उद्देश्य सामान्य बीमारियों की पहचान करना और उनका इलाज करने से है।

शिविर में कुल 65 लाभुकों को लाभ मिला। मौके पर एनटीपीसी के सीएसआर कार्यकारी जीत सिंह संधू मौजूद थें।

## सिमरिया थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जमीन समंधित कई मामलों का निष्पादन किया गया। थाना दिवस कार्यक्रम में एसआई शशिकांत साहू, कर्मचारी सह सीआई रामचंद्र प्रसाद सहित थाना और अंचल के कर्मी शामिल थे। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि सप्ताह के हरेक बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया जाएगा। साथ हीं क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि यदि जमीन संबंधित ल कार्यालय से संपर्क करें तथा थाना दिवस में मामले को निष्पादन करें।

## 45 लीटर अवैध शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पुलिस ने प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गजवा-रानीगंज मुख्य पथ स्थित गोवेया गांव से 45 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान नंदकिशोर यादव हुमाजांग गांव के रूप में की गयी। पुलिस ने एक बाइक (जेएच 01 बी - 8121) भी जब्त की है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक लव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बाइक पर एक जार में 45 लीटर देसी शराब लेकर एक तस्कर गजवा के रास्ते बिहार जा रहा है। सूचना के आलोक में उक्त पथ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस को देख तस्कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे धर दबोचा। इस संबंध में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में पुलिस निरीक्षक के अलावा एएसआई अनिल कुमार समेत कई जिला बल के जवान शामिल थे। मालूम हो कि बिहार में शराबबंदी होने के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब तैयार कर बिहार में खपाया जाता है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण अभियान को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ पप्पु रजक की अध्यक्षता में बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 अभियान को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला समन्वयक दीपक तमोली एवं अरविंद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यशाला में जिला समन्वयक के द्वारा अब तक किए गए एवं किए जाने वाले कार्यों जैसे ग्रामीण स्वच्छता मूल्यांकन, सहकर्मी सत्यापन, केंद्रीय टीम के द्वारा चयनित ग्राम पंचायतों का क्षेत्र भ्रमण निर्मित संरचनाओं का निरीक्षण विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। वहीं प्रखंड समन्वयक रामकुमार ने उपस्थित लोगों को बताया कि केंद्रीय टीम के द्वारा घरेलू निरीक्षण, ग्राम स्तर का निरीक्षण, सामुदायिक स्थलों का निरीक्षण के साथ-साथ प्रखंड एवं जिला स्तर पर भी निरीक्षण किया जाना है एवं निरीक्षण में प्राप्त अंकों के आधार पर राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंचायतों को 2 अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। वहीं बीडीओ ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत प्रखंड को अच्छे रैंकिंग दिलाने हेतु मिशन मोड में सभी को निर्देशित किये है।

स्पीड न्यूज

## पशु चोरी कर ले जा रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा गांव में ग्रामीणों ने बुधवार की अहले सुबह पशु चोरी कर ले जा रहे एक चोर को ग्रामीणों ने शक के आधार पर पकड़ लिया। पकड़े गए चोर से ग्रामीणों द्वारा पूछ ताछ किये जाने पर चोरी में संलिप्तता स्वीकर करने के बाद ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए चोर की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के हिसरी ग्राम निवासी सूटा नायक पिता भीखान नायक के रूप में हुई है। जिसे पुलिस ने अग्रतर कार्रवाई के बाद मंडल कारा भेज दिया। ग्रामीणों के समक्ष सूटा नायक ने कबूला कि वह पहले भी पशुधन चोरी में संलिप्त रहा हैं। उसने चटुआग ग्राम से भी पशुधन चोरी करने की बात स्वीकारी है। उसने हसीब यूनुस और मुख्तार का भी नाम लिया है। मामले में चंदवा थाना मामला दर्ज जांच पड़ताल तेज कर दिया है।

## फरार अभियुक्त को बारियातू पुलिस ने लावालौंग के हुटरू बघमारी से किया गिरफ्तार

**बारियातू।** बालूमाथ थाना कांड संख्या 97/18 वर्तमान बारियातू थाना द्वारा चतरा जिला के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटरू के बघमरी से फरार अभियुक्त को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। उक्त सम्बन्ध मे थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि थाना के अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो व दीपक नारायण सिंह द्वारा बालुमाथ वर्तमान थाना बारियातू के कांड संख्या 97/18 के फरार चल रहे अभियुक्त रामकुमार गंझु उम्र लगभग 26 वर्ष पिता स्व सरजू गंझु ग्राम हुटरू (बघमरी) थाना लावालौंग जिला चतरा को भी विधिवत गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेजा गया।

## पर्व में आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखें : हसीब

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में शांति पूर्ण तरीके से मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर दिन बुधवार को नामुदाग पंचायत स्थित मस्जिद के समीप मुहर्रम इंतजामियां कमेटी का गठन सभी के सर्वसम्मति से किया गया। जिसकी अध्यक्षता अलीमुद्दीन और कौशल अंसारी ने किया। वहीं सभी के सर्वसम्मति से कमेटी का जनरल सदर अमानुल्लाह अंसारी,जनरल सेक्रेटरी हसीब आलम,नाइफ सदर मुंतजीर आलम,नाइफ सेक्रेटरी इमरान राजा और खजांची नजीब अंसारी को बनाया गया। वहीं कमेटी के जनेरल सेक्रेटरी हसीब आलम ने समुदाय के लोगों से मोहर्रम पर्व के दौरान आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का अपील किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक एवं विधिवत तरीके से मनाया जाएगा। मौके पर हैदर अंसारी,कौसर अंसारी,इनामुल हक,सागीर अंसारी,अली हुसैन,सफीक अंसारी,फारूक अंसारी,गोल्डन,सीटू, नेपाली, माजिद कादरी, मुरातुजा, हाफिज समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर अभिजीत प्लांट की चिमनी को गिराए जाने का मामला, हो रही जांच

# चिमनी गिराए जाने के बाद आसपास के कई घरों में आई दरार

- चिमनी गिराए जाने के दौरान टूट कर धरती से 30 मीटर अंदर समा गई थी चिमनी
- धरती के अंदर नहीं समाती चिमनी तो हो सकता था बड़ा हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता





चिमनी धरासाई होने के बाद बिखरा मलबा, चिमनी गिरने का दृश्य और उपस्थित लोग

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट में लगभग 850 फिट से अधिक ऊंचाई वाली भारी भरकम चिमनी को स्क्रैप कटिंग व उठाव में लगी कम्पनी पीएसीएल के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक गिरा दिया गया। गनीमत रही कि चिमनी गिराए जाने के दौरान चिमनी नीचे से टूटकर लगभग 30 मीटर धरती के अंदर समा गयी, जिस कारण चिमनी के गिरने की रफ्तार काफी धीमी हो गई। अगर चिमनी टूटकर धरती के अंदर नहीं समाती तो क्षेत्रवासियों को जान माल की बड़ी क्षति भी उठानी पड़ती थी। इधर अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के चिमनी गिराए जाने के बाद लोगों ने तीव्र गति का भूकंप आने व विस्फोट होने का एहसास किया और लोग सहम गए। चिमनी गिराए जाने के बाद प्लांट के आसपास के कई घरों में दरारें भी आ गई है व चोरो ओर धुंध छा गया।

लोगों का आरोप है कि चिमनी गिराने से पूर्व ना ही इसकी सूचना स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को और न ही पंचायत के प्रतिनिधियों को दी गयी। लोगों की माने तो चिमनी गिराए जाने की सूचना पीएसीएल कंपनी के लोगो तक ही सीमित थी। इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन व निगरानी में लगी प्लांट प्रबंधन तक को भी नहीं दी गई थी। स्क्रैप कटिंग कर रहे कंपनी के इस कार्यशैली से स्थानीय लोग आक्रोशित नजर आ रहे हैं। लोगों ने कहा कि इस प्रकार के विशालतम चिमनी को गिराने से पहले सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए क्षेत्र वासियों को पहले अगवत करा दिया जाना चाहिए था कि किस समय पर चिमनी को गिराया जाना है ताकि लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल कर सुरक्षित स्थान पर चले जाते, लेकिन ऐसा नही किया गया। मामले को लेकर चकला निवासी असगर खान ने उपायुक्त के नाम पत्र देकर नुकसान से संबंधित शिकायत भी की गई है।

**अभिजीत प्लांट का भविष्य गर्त में जाने के बाद बैंकर्स के कर्ज भुगतान को लेकर किया जा रहा है प्लांट का परिसमापन :** बता दें कि चंदवा के बाना चकला स्थित अभिजीत पावर प्लांट का भविष्य गर्त में जाने के बाद बैंकर्स के कर्ज भुगतान को लेकर एनसीएलटी कोर्ट के द्वारा प्लांट को स्क्रैप घोषित कर परिसमापन की प्रक्रिया में डाल दिया गया। जिसके बाद स्क्रैप कटिंग का काम जोरों से चल रहा है। फेज 2 एरिया में स्क्रैप का सर्वाधिक बोली लगाने वाली कंपनी मित्तल आयरन स्टील व धुर्वा इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा फेस टू एरिया में पड़े लूज मटेरियल के लिए लगभग 25 करोड़ व पूरे फेज 2 के एसेट के लिए 93 करोड़ की बोली लगाकर अपने नाम किया था, जिसके द्वारा पीएसीएल कंपनी को स्कैप काटने व उठाव करने के लिए हायर किया गया है। जिसके बाद से लगातार प्लांट से स्क्रैप का उठाव जारी है।

### मुखिया ने कहा नहीं थी उन्हें चिमनी गिराए जाने की सूचना

मामले को लेकर पूछे जाने पर चकला पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का ने कहा कि चिमनी गिराए जाने से पहले उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई थी। इस प्रकार अचानक चिमनी गिराये जाने से पंचायत वासियों के कई घरों को क्षति पहुंची है। प्रशासन को जांच कर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इधर मामले को लेकर पीएसीएल कंपनी के अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### मामले की हो रही है जांच: एसडीओ

बिना सुरक्षा मानकों के पालन किए चिमनी गिराए जाने के मामले को लेकर पूछे जाने पर एसडीओ शेखर कुमार ने कहा कि इसकी शिकायत उन्हें मिली है। मामले की जांच की जा रही है जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की मारपीट और हत्या करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मामला को किया उदभेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार आरोपी

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत गोखलाबागी टोला मे मनिजर उरांव के घर आँगन से पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र के छोटू यादव का शव 18 जुलाई को बरामद किया था। बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अजित कुमार सिंह द्वारा टीम गठन कर मामले को तहकीकात की गई। जिसमे मारपीट कर हत्या करने के आरोपी मनिजर उरांव व उसके भाई जयप्रकाश उरांव को महज 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतक छोटू यादव पिता संजय यादव ग्राम चामा टोला अलबेलवा थाना मनिका की हत्या के सम्बन्ध मे जंचोपरान्त पता चला की मनिजर उरांव की पत्नी (काल्पनिक नाम कुशुम) के साथ फेसबुक से दोस्ती हुई थी। सात से आठ माह तक सोशल साइट पर दोस्ती के बाद होली के समय दोनों को वीडियो कॉल पर बात करते मनिजर ने अपने पत्नी को देख लिया था। दोनों को डांट फटकार कर समझाया गया था। उसके बावजूद छोटू यादव नहीं माना और मनिजर के पत्नी से हमेशा संपर्क करने का प्रयास करते रहा। इसके बाद भी मनिजर के पत्नी से संपर्क नहीं हुआ तो छोटू यादव ने मनिजर के पत्नी की अश्लील वीडियो और अप्पतीजनक फोटो मनिजर उरांव के पास भेजकर वायरल करने का धमकी देता था और फोटो डिलीट कर देता था। इसी बीच 17 जुलाई को छोटू मनिजर के पत्नी से घर पर मिलने आया। उसे समझा बुझाकर घर से बाहर जाने के लिए बोली तो उस समय छोटू चला गया। अर्ध रात्रि मे छोटू पुनः नशे मे धुत होकर टूटे हुए खपरैल घर के हिस्से से अंदर चला गया। उसके बाद मनिजर उरांव अपने भाई जय प्रकाश को चोर-चोर कहते हुए चिल्लाते हुए बुलाया। वहीं मिलकर हाथ पैर बांधकर डंडे से मारपीट करने लगा। उक्त मामले की जानकारी अपने साला महेश उरांव विश्रामपुर निवासी को दिया। महेश उरांव एक और साथी के साथ गोखलाबागी पहुँचकर मारपीट किया। जिसमे छोटू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर बाद छोटू की मौत हो गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के निशानदेह पर हत्या मे उपयोग प्रयुक्त खून लगे बांस का डंडा, दो टेक्नो का स्मार्ट फोन, मृतक का पर्श बरामद किया गया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छपामारी किया जा रहा है। छापामारी दल मे पुनि शशि रंजन कुमार, पुअनि बिन्देश्वर महतो, दीपक नारायण सिंह, गगन कुमार ठाकुर, रवि कुमार, सअनि मिथलेश कुमार सिंह सहित थाना के शस्त्र बल मौजूद थे।

## दुष्कर्म के आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस, घर पर चिपकाया पोस्टर

खबर मन्त्र संवाददाता



पोस्टर चिपकाती पुलिस

**गारू।** गारू स्वास्थ्य विभाग में सहिया के पद पर कार्यरत आदिवासी महिला को डरा- धमका कर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस लगातार तलाश कर रही है। बारेसाढ़ थाना अंतर्गत बारेसांढ़ गांव के ललमटिया के रहने वाला सीएसपी (ग्राहक सेवा केंद्र) संचालक चंचल कुमार उर्फ आदर्श कुमार, पिता राजेंद्र प्रसाद दुष्कर्म के आरोपी को तलाश कर रही है। आरोपी की तलाश में आज स्थानीय पुलिस द्वारा बारेसांढ़ बाजार, बस स्टैंड से डुगडुगिया बजाते व माईक से अनाउंस करते हुए ललमटिया स्थित उसके आवास में इस्तेहार चिपकाया गया। बताते चले की आरोपी चंचल कुमार उर्फ आदर्श को बारेसांढ़ थाना कांड सं 08/2023 धारा 341/342/376/354/ 448/504 भा0 द0 वि0 के तहत आरोप अंकित किया गया है। बताते चले की पीडिता महिला द्वारा स्थानीय थाना में आवेदन देकर दुष्कर्म के आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी एवं नौकरी से हटवा देने की भी धमकी दिया जा रहा है। वही स्थानीय पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे हिरासत में ले लिया जाएगा। अनुसन्धान कर्ता टीम में एसआई करण कुमार यादव, एसआई लालचंद बेदिया, पवन कुमार रजक समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# चंदवा के डुमारो गांव में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात

### रात भर गांव में तांडव मचाती रही जंगली हाथियों की झुंड, खौफ के साये में ग्रामीणों ने गुजारी रात

खबर मन्त्र संवाददाता



हाथियों द्वारा गिराये गये घर को दिखाते भुक्तभोगी

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। जमीरा, माल्हन व लाधुप पंचायत में इनदिनों जंगली हाथी डेरा जमाए हुए है। मंगलवार की रात्रि भी जंगली हाथियों के झुंड ने डुमारो गांव में जमकर उत्पात मचाया जहां लगभग 16 की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने लेटे उरांव के घर को ध्वस्त कर दिया व घर मे रखे 2 क्विंटल चावल, 3 क्विंटल धान, 50 किलो गेहूं को नष्ट कर दिया साथ ही घर मे रखे अन्य सामानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान रात्रि लगभग 9:00 बजे से सुबह 4:00 बजे तक जंगली हाथियों का झुंड गांव में ही डेरा जमाए रहा, जिस कारण ग्रामीणों की रात खौफ के साए में गुजरी।

इधर घटना की सूचना के बाद पंचायत के मुखिया सुनीता खलखो वक्त होगी परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली जहां भुक्तभोगियों के बताया कि घटना के बाद उनके पास घर में खाने को अनाज तक नहीं है। समस्या सुनने के बाद मुखिया ने विभाग की ओर से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाने की गुहार लगायी है।

# चंदवा के दूधीमाटी टीको नदी में पुलिया निर्माण में लगे पोपलेन को अज्ञात अपराधियों ने किया आग के हवाले

खबर मन्त्र संवाददाता



जलाया गया पोपलेन

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दूधीमाटी स्थित टीको नदी पर पूल निर्माण कार्य मे लगी अष्टभुजा कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर खड़ी एक पोपलेन को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। जिससे पोपलेन पूरी तरह से जल कर रख हो गया। सूचना के बाद बुधवार की सुबह पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर मामले की जानकारी ली व अग्रतर कार्रवाई में जुट गए। बताया जाता है कि उक्त नदी पर पुलिया निर्माण का काम तुम्बागड़ा चेतमा सतबरवा के समशेर आलम द्वारा लिया गया, उक्त काम को उसने पेटी संवेदक अष्टभुजा कंस्ट्रक्शन के गोपाल नारायण सिंह को दिया है, जिनके द्वारा पूल निर्माण कार्य किया जा रहा है। विगत 2 दिनों से पुल पर निर्माण कार्य बंद था, इसी का फायदा उठाकर अपराधियों ने खड़ी पोकलेन वाहन को जला दिया। हालांकि इस घटना में किस संगठन का हाथ है, इसका पता खबर लिखे जाने तक नहीं चल पाया था। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल तेज कर दी है।

# बीडीओ की मनमानी के कारण राजनीतिक दल ने बैठक का किया बहिष्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



विरोध करते जनप्रतिनिधि

**बालूमाथ।** बालूमाथ बीडीओ ललिता बाखला द्वारा किए जा रहे हैं मनमानी के कारण राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधियों व प्रेस प्रतिनिधियों को किसी भी कार्य की सूचना नहीं देने के कारण बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में आहूत की गई बीएलओ की बैठक को राजनीतिक दल के लोगों ने बहिष्कार कर दिया है। राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को प्रखंड कार्यालय में सभी राजनीतिक दल एवं प्रेस प्रतिनिधियों व बीएलओ के साथ बैठक कर बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सत्यापन करने का प्रशिक्षण दिया जाना था जिसमें सभी राजनीतिक दलों को इस बैठक में भाग लेकर सत्यापन की जानकारी देनी थी। ताकी इसका प्रचार प्रसार हो सके। लेकिन बालूमाथ बीडीओ ललिता बाखला द्वारा किसी को भी सूचित करना उचित नहीं समझा। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के निर्देशानुसार बीएलओ के साथ सभी राजनीतिक दलों एवं प्रेस प्रतिनिधियों की बैठक कराने का निर्देश प्राप्त है लेकिन बीडीओ अपनी मनमर्जी करते हुए किन्ही जनप्रतिनिधि व प्रेस प्रतिनिधियों को नहीं बुलाया यह राजनीतिक दल के लोगों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ के साथ-साथ सरकारी निर्देश का खुला उल्लंघन है। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव ने कहा कि बीडीओ की मनमानी के कारण सरकार द्वारा की गई बैठक का उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। बीडीओ के खिलाफ शीघ्र ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत करेंगे। ज्ञात हो कि बालूमाथ बीडीओ ललिता बाखला किसी भी सरकारी या सामाजिक कार्यक्रम में राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधियों एवं प्रेस प्रतिनिधियों को नही पूछते है ना ही किसी पर्व त्यौहार में होने वाले शांति समिति की बैठक में भाग लेते हैं। इधर बालूमाथ बीडीओ ललिता बाखला ने बुधवार को होने वाली बैठक में बिना राजनीतिक दलों व प्रेस प्रतिनिधि के ही बीएलओ के साथ बैठक कर खानापूर्ति कर ली है।

## मनिका में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर किया गया बैठक

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर दिन बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने किया। वहीं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभुकों का चयन किया गया। बैठक में पशुपालकों के बीच मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरी पालन,मुर्गी पालन,बत्तख पालन,बॉयलर कुकुट पालन,सहित विभिन्न योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। योजनायो में एसटी,एससी एवं अन्य लाभुकों को 75 प्रतिशत और 90 प्रतिशत अनुदान पर सुविधा का लाभ देने के लिए पशु चिकित्सक नरेश कुमार गुप्ता के द्वारा जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,समेत कई पंचायत जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**लातेहार।** सदर अस्पताल के सभागार में जिला मलेरिया पदाधिकारी शंभू नाथ चौधरी की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सभी प्रखंड के बीपीएम, बेएम, एमटीएस को कार्यक्रम की शत-शत प्रतिशत सफलता को लेकर कई प्रकार के दिशा-निर्देश दिया गया। इस मौके पर जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. शंभू नाथ चौधरी, आदि मौजूद थे।

# कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




कार्यक्रम में शामिल अधिकारी व जनप्रतिनिधि

**सरयू।** लातेहार जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन मंगलवार को सरयू टिओपी परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत ने कहा कि प्रशासन के द्वारा लगातार कई सार्थक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत दोनों समुदायों के बीच आपसी सौहार्द बनाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। श्री भगत ने आम लोगों से अपील करते हुये कहा कि क्षेत्र में जब भी कोई त्योहार या अन्य किसी कार्यक्रम का आयोजन हो तो सभी लोग आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनायें। जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव ने पुलिस कप्तान के द्वारा चलाये जा रहे इस मुहिम की सराहना करते हुये कहा कि अभी तक सरजू प्रखण्ड में किसी भी तरह से शांति व्यवस्था भंग नहीं हुआ है। जिसके कारण जिले में इस क्षेत्र को लेकर अच्छा संदेश गया है। और आगे भी यहां के आम जनता से उम्मीद करते है कि ऐसे ही शांति व्यवस्था बनाकर रखें। इस मौके पर प्रमुख अमिता देवी, मुखिया अंकिता देवी, सीआरपएफ 214 के निरिक्षक चन्द्रकांश कुमार, गारू थाना के अवरनिरिक्षक पवन कुमार दास, ओपी प्रभारी घनश्याम उरांव, हवलदार जगदीश महतो, व कार्तिक उरांव, मनोज उरांव, अब्दुल खुदुस, मोजीब आलम, असगर हुसैन, मनोहर प्रसाद, सुनिल प्रसाद, जफरू खलिफा, फजलु रहमान, मुसलिम अंसारी, मो. कलाम, इजराइल खलीफा, अजीज अंसारी, समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# विडंबना : पलामू प्रमंडल वासियों के लिए सपना बनकर रह गई है संथाल के लिए रेल

### पलामू प्रमंडल को संथाल से जोड़ने वाली एक भी ट्रेन नहीं होने से लोगों में नाराजगी

दीपक राज

**बरवाडीह।** रेलवे नेटवर्क दुनिया में ट्रांसपोर्टेशन का सबसे पुराना तरीका है। कई देशों और राज्यों में फास्ट ट्रेनों से लेकर बुलेट ट्रेन तक दौड़ने लगी हैं। आजादी बाद जहां देश के हर राज्यों में रेल परियोजनाओं का विस्तार हुआ। जिससे आवागमन सुलभ हुआ। लेकिन आज भी कई ऐसे बड़े जिले है जो बुनियादी जरूरतों के लिए तरस रहें है। हम बता दें कि झारखण्ड राज्य को बिहार से अलग हुए 22 वर्ष हो गए पर राज्य के पलामू प्रमंडल को संथाल परगना से जोड़ने वाली रेल परियोजना को लेकर कोई भी विकास नहीं हुआ। इसका मुख्य कारण है कि पलामू प्रमंडल के नेताओं ने इसके लिए कभी सार्थक प्रयास भी नहीं किया। जबकि राज्य के इन दोनों प्रमंडल अंतर्गत हजारों ऐसे सरकारी कर्मचारी है। जिन्हें अपने गृह क्षेत्र आवागमन के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। वहीं प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन भी इन दोनों प्रमंडल में होता रहता हैं। लेकिन पलामू प्रमंडल से संथाल के लिए बस या ट्रेन नहीं होने के कारण यात्रियों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। लोगों की माने तो अब तक पलामू प्रमंडल को एक भी ऐसा नेता नहीं मिला है, जो बुनियादी सुविधाओं के लिए सदन में लोगों की आवाज को बुलंद कर सके। हालांकि आजादी के बाद से अब तक हर चुनाव में रेल का मुद्दा उठता रहा है। कई सांसद रेल का वादा कर संसद का तो सफर तय कर गए, लेकिन पलामू प्रमंडल की आवाम को रेल मार्ग से संथाल का सफर नहीं करा पाए। अगर सांसदो ने इसके लिए सकारात्मक प्रयास किया होता तो एक प्रमंडल को दूसरे प्रमंडल में जोड़ने के रेल का मार्ग प्रशस्त हो सकता था। बता दें कि पलामू प्रमंडल में तीन जिले शामिल है, जिनमें लातेहार गढ़वा और पलामू है। जबकि संथाल परगना प्रमंडल में छह जिले हैं। जिनमें गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ है। अगर इन दोनों प्रमंडल को रेल नेटवर्क से जोड़ दिया जाए तो आवागमन सुलभ तो होगा ही काफी हद तक बेरोजगारी भी दूर होगी।

स्पीड न्यूज

## शिक्षा विभाग का नया फरमान

**पटना।** बिहार सरकार अपने कारनामे को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। शिक्षा विभाग ने नया आदेश निकाला है। शिक्षक अब क्लास में खड़े होकर पढ़ाएंगे। आदेशपत्र के अनुसार सभी क्लासरूम से कुर्सी हटाने का आदेश दिया गया है। दरअसल, बेगूसराय जिला के चेरिया बरियारपुर प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी ने यह आदेश जारी किया है। वहीं, इस आदेश को लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## बिहार में नया सियासी चिराग जलाने के लिए दिया संदेश

पटना। एनडीए की बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने एनडीए के घटक दल के नेताओं से मुलाकात की। नेताओं से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने 'हनुमान' एलजेपी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को गले लगाया। चिराग ने पीएम मोदी के पांव छुए। इस पल की हर तरफ चर्चा हो रही है।

## विजय सिंह की मौत पर बीजेपी की जांच टीम ने जेपी नड्डा को सौंपी रिपोर्ट

**पटना।** राजधानी पटना में पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की घटना और पार्टी नेता विजय कुमार सिंह की मृत्यु की जांच के लिए गठित चार सदस्यीय बीजेपी समिति ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपी। इस टीम में टीम झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और सांसद मनोज तिवारी, सुनीता दुग्गल व विष्णु दयाल राम भी शामिल थे।

## आंवला की खेती करने पर बंपर सब्सिडी

**पटना।** बिहार सरकार किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। ऐसे में किसानों को बागवानी की फसलों को लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बिहार सरकार प्रदेश में आंवला की खेती करने पर बंपर सब्सिडी दे रही है। मुख्यमंत्री बागवानी मिशन योजना के तहत किसानों को राज्य में एक हेक्टेयर में आंवला लगाने पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। एक हेक्टेयर में आंवला की खेती के लिए 60 हजार रुपये इकाई रखी गई है। 50 प्रतिशत सब्सिडी के तौर पर किसान को 30 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी।

## मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर लालू से मिले नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार में 22 जुलाई या उसके पहले नीतीश कुमार अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं। इसी चर्चा के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजगीर से पटना लौटने के बाद अचानक से लालू यादव और तेजस्वी यादव से मिलने उनके आवास दस सर्कुलर रोड पहुंच गए और लगभग आधे घंटे तक बंद कमरे में तीनों नेताओं में मुलाकात हुई। इस मुलाकात में क्या बात हुई ये तो सामने नहीं आई लेकिन सूत्रों के हवाले से जो खबर आ रही है उसके मुताबिक 22 जुलाई के पहले नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। दरअसल मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा तब तेज हुई थी जब पटना में बीजेपी विरोधी राजनीतिक पार्टियों की जो बैठक हुई थी बैठक खत्म होने के बाद जब तमाम नेता हॉल से बाहर निकल रहे थे तभी राहुल गांधी ने नीतीश कुमार से पूछा था कि मंत्रिमंडल विस्तार कब कर रहे हैं। तब नीतीश कुमार ने कहा था कितना बनाना है और तभी से ये कयास तेज हो गए थे। जब बेंगलुरु की बैठक खत्म हुई है तो नीतीश मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा तेज हो गई है। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सूत्रों के हवाले से जो खबर आ रही है उसके मुताबिक आरजेडी कोटा से दो मंत्री बन सकते हैं वही कांग्रेस कोटा से भी दो लोगों को मंत्री बनाने की खबर आ रही है। जिन नामों की चर्चा तेज है उसके मुताबिक आरजेडी से भूमिहार कोटा से कार्तिक मास्टर फिर से रिपीट हो सकते हैं जिन्होंने तब मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था जब एक कानूनी मामले में फंस गए थे। जब कोर्ट से उनको राहत मिली तो फिर से मंत्रिमंडल में शामिल होने की चर्चा तेज है।

# एनआइए का मोस्ट वांटेड याकूब गिरफ्तार

### पीएफआइ के मुख्य सरगना से पूछताछ में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मोतिहारी।** पटना एटीएस के साथ मोतिहारी की पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए पीएफआई संगठन के मास्टरमाइंड उस्मान सुल्तान खान उर्फ याकूब को गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस पटना और जिला पुलिस की टीम ने चकिया थाना क्षेत्र से इसकी गिरफ्तारी की है। इसकी पुष्टि पूर्वी चंपारण के एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा ने की है। यह गिरफ्तारी चकिया थाना क्षेत्र के बांस घाट गांव से हुई है। पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस याकूब से पूछताछ में जुटी हुई है।

**पटना से पहुंची थी एटीएस की टीम :** पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक कान्तेश कुमार मिश्र ने बताया कि पटना के फुलवारी टेरर मॉड्यूल सामने आने के बाद चकिया के रहने वाले याकूब का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह पीएफआई का झंडा लगाकर कुछ युवकों को ट्रेनिंग देता दिखाई दे रहा है।

याकूब की तलाश एनआईए, एटीएस, सहित कई जांच एजेंसियां कर रही थी, लेकिन हर बार वह बार पुलिस और जांच एंजेसी को चकमा देकर फरार हो जाता था, लेकिन इस बार उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे एटीएस की टीम अपने साथ ले जाने की प्रक्रिया में जुटी हुई है।

**पिछले साल एनआईए ने फुलवारी शरीफ में किया था भंडाफोड़ :** बता दें कि बीते साल बिहार के फुलवारी शरीफ में एनआईए ने छापेमारी कर पीएफआई की एक बड़ी साजिश का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान एक मिशन 2047 नाम का सात पन्नों का दस्तावेज बरामद किया गया था। एनआईए के दावे के मुताबिक, इस दस्तावेज में 2047 तक भारत को इस्लामिक देश बनाने का रोडमैप दिया गया था। एनआईए के दावे के अनुसार, इस दस्तावेज में देश की सत्ता पर कब्जा करने का प्लान बताया गया था। इसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

# बेंगलुरु बैठक पर सीएम नीतीश की आई पहली प्रतिक्रिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** विपक्षी बैठक को लेकर इन दिनों सीएम नीतीश कुमार काफी सुर्खियों में हैं। बीजेपी नीतीश कुमार की नाराजगी की बात कह रही है। वहीं, राजगीर पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने बेंगलुरु में हुई विपक्ष की दूसरी बैठक पर प्रतिक्रिया दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सब बात बहुत अच्छी से हुई है। राजगीर आने का कार्यक्रम था इसलिए संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं हुए। वहीं, बीजेपी के आरोपों पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वे लोग वहां गए थे क्या? 2024 चुनाव के परिणाम पर उन्होंने कहा कि रिजल्ट बहुत अच्छा आने वाला है। इशारों-इशारों में उन्होंने कहा कि 2024 में नरेंद्र मोदी सरकार जा रही है। नीतीश कुमार ने कहा कि पटना में तो 16 पार्टियों के साथ बैठक हुई थी। बेंगलुरु में 16 पार्टियों के साथ बैठक हुई। इस बैठक को लेकर कुछ सुझाव मैंने भी दिया था। इस पर कांग्रेस की भी सलाह थी। मिलजुल कर बातचीत हुई है। मिलजुल कर एक साथ होकर आगे बढ़ना है। बैठक में सभी से बहुत अच्छे से बातचीत हुई है। सर्वसम्मति से सब हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि इस बार की चुनाव में हमलोगों की जीत पक्की है। मीडिया को भी चुनाव के बाद स्वतंत्रता मिल जाएगी।

### राजगीर में फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने की घोषणा

राजगीर में आयोजित राजकीय मलमास मेला का बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पूजा अर्चना कर विधिवत उद्घाटन किया, मुख्यमंत्री नीतश कुमार राजगीर आने के बाद सीधे ब्रह्मकुंड पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा अर्चना की, इस दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम भी दिखा। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री सभा स्थल पहुंचे, जहां पंडा कमेटी द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह घोषणा करते हुए कहा कि ब्रह्मकुंड से सूर्य कुंड तक फ्लाई ओवर का निर्माण कराया जाएगा। राजगीर में हमने बहुत काम किया है। हम सभी धर्म का सम्मान करते हैं।

# एनडीए की बैठक में शामिल 38 दलों के सवाल पर भड़के सीएम नीतीश

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** बेंगलुरु में एक तरफ विपक्ष के नेताओं ने बैठक की तो दूसरी तरफ दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की बैठक हुई। वहीं, विपक्षी बैठक को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने बयान दिया था। वहीं, एनडीए की बैठक को लेकर बीजेपी पर हमला बोलते हुए इशारों-इशारों में उन्होंने 'हम' संरक्षक जीतन राम मांझी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि यह लोग कह रहे हैं कि एनडीए में 38 दलों की बैठक हुई है तो उन्हें पार्टी का नाम भी तो बताना चाहिए कि कौन-कौन पार्टी है। हंसते हुए कहा उन्होंने कि उनमें सभी फालतू लोग, जिसको वे गिनती कर रहे हैं। जीतन राम मांझी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि जिसे हमने निकाल दिया वे लोग एनडीए की बैठक में शामिल हुए हैं।

**दो दिन का टाइम दिए थे :** नीतीश कुमार ने जीतन राम मांझी की ओर इशारा करते हुए कहा हम तो उसे लाना ही नहीं चाह रहे थे, लेकिन आ गया तो हमने कहा कि ज्वाइन करो नहीं तो बाहर जाओ। वह अगर रहता तो फिर कहता की 23 तारीख की बैठक में हम भी जाएंगे और फिर हम लोग जो बात करते हैं। उस बात को वह बीजेपी बताता। हमने इसलिए कहा कि मर्जर करो या बाहर जाओ और हम दो दिन का टाइम दिए।

**एनडीए की बैठक पर साधा निशाना :** नीतीश कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी बाजपेयी को याद करते हुए कहा कि इन लोग को एनडीए की याद कैसे आ गई। एनडीए 1999 में बना था, जब अटल बिहारी बाजपेयी थे। उस समय हमेशा एनडीए की बैठक होती थी, लेकिन यह लोग जब से आए हैं, एनडीए का नाम तक भूल गए है।

कभी बैठक ये लोग करते थे क्या? अब हम लोग बैठक कर रहे हैं तो यह लोग भी दिखावे के रूप में बैठक कर रहे हैं। इससे कुछ होने वाला नहीं है। वहीं, सुशील मोदी के बयान पर नीतीश कुमार का ने कहा कि हम तो चाहते थे कि सुशील मोदी डिप्टी सीएम बने, लेकिन काहे नहीं बीजेपी बनाया, ये पूछिए. सुशील मोदी अगर बन जाते तो शायद ये सब नहीं होता, लेकिन नहीं बनाया। अब वो कुछ कुछ बोलते रहते हैं, जिससे शायद कुछ मिल जाएगा।

# भारतीय जनता पार्टी का टिफिन बैठक संपन्न, निकाली गई बाइक रैली



बैठक करते भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में बुधवार को टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सदर प्रखंड के तिलदाग पंचायत से बाइक रैली निकाली गई। जो शहर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन पहुंच सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम की शुरुआत ड श्याम प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री केशरी ने कहा कि पार्टी आज टिफिन बैठक का आयोजन अपने कार्यकर्ताओं के साथ रखी है। जिससे यह साफ है कि भाजपा के सभी सच्चे सिपाही एक कार्यकर्ता नहीं बल्कि पार्टी के अंग हैं। एक परिवार हैं, जो एकजुट होकर पार्टी के लिए लड़ाई लड़ने का काम करते हैं। साथ ही पार्टी के द्वारा दिए हर एक कार्य को बखूबी पूरा करते हैं। पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि भाजपा टिफिन बैठक के माध्यम से अपने भाजपा परिवार के साथ एकजुटता कायम रखने के लिए एक साथ हुई है। उन्होंने कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा में इन दिनों लूट की डंका बजी हुई है। हम इसकी जांच जरूर कराएंगे। यहां के दोनों राजा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के पहलवान है। जो मंत्री के संरक्षण में पल रहे हैं। यहां के वर्तमान विधायक एवं राज्य के मंत्री भाजपा सरकार में हुए विकास कार्य को खराब कर कमीशन के लिए काम करवा रहे है। मौके पर जवाहर पासवान, हरेंद्र दुबे, सूरज गुप्ता, लक्ष्मण राम, संतोष दुबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता गुप्ता, संजय भगत, राजीव रंजन तिवारी, महेंद्र सिंह, रामपाल द्विवेदी, अखिलेश तिवारी, राजेंद्र गुप्ता, मंगल मूर्ति, उमेश कश्यप, वीणा पाठक, मीना गुप्ता, कंचन जायसवाल, अंजली गुप्ता, मीरा यादव, सरिता देवी, धीरेंद्र तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

# शहर में लोड शेडिंग की समस्या समाप्त, अब मिलेगी निर्बाध बिजली



नया ट्रांसफर्मर लगवाते विधायक प्रतिनिधि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के दानरो नदी किनारे स्थित नया विद्युत सब स्टेशन में 10 एमवीए का नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर दिया गया है। इससे लोड शेडिंग की समस्या समाप्त हो जाएगी और शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सकेगी। जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि इस सब स्टेशन से शहर के इस शक्ति उपकेंद्र से गढ़वा शहर, उंचरी, स्टेशन रोड, सोनपुरवा, मेन रोड, टंडवा, रांकी मुहल्ला, साईं मोहल्ला, पठान टोली मोहल्ला, गढ़देवी मोहल्ला एवं रंका मोड़ तक विद्युत आपूर्ति की जाती है।

यहां पूर्व से पांच एमवीए का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ था। इस कारण पिकआवर अर्थात संध्या के समय में ट्रांसफॉर्मर पर ओवरलोड हो जाने के कारण लोड शेडिंग करना पड़ता था। अब पांच एमवीए ट्रांसफॉर्मर के जगह पर 10 एमवीए का ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर दिया गया। जिससे शहर के उक्त क्षेत्र के लोगों को लोड शेडिंग का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# कुआं में गिरने से चार वर्षीय बच्चे की मौत



मृत बच्चे के साथ परिजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तलसबरिया पंचायत क्षेत्र के चाका गांव में कुआं में गिरने से छोटन राम के चार वर्षीय पुत्र जेबी कुमार की मौत हो गई। बताया जाता है कि बच्चे को कुआं से निकालने के बाद परिजनों ने स्थानीय रेफरल अस्पताल लाया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक ने जांच के उपरांत बच्चे को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे ने दम तोड़ दिया था। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि घर के ही एक छोटे बच्चे के साथ घर से कुछ दूरी पर कुआं के तरफ चला गया था। इसके बाद उसके कुआं में गिरने की खबर दूसरे बच्चे के द्वारा दी गई।

इसके बाद आनन-फानन में घर वाले कुआं के पास गए और कुआं से बच्चे को निकालने के तुरंत बाद रेफरल अस्पताल पहुंचे। मौत की खबर के बाद थाना के एएसआई आलोक कुमार दल बल के साथ अस्पताल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेते जांच शुरू कर दी गई। साथ ही पोस्टमार्टम के लिए शव को गढ़वा सदर अस्पताल भेजा।

# मनुष्य के लिए पेड़-पौधों का होना बेहद जरूरी : जोबा

### 74वां वन महोत्सव का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** पोड़ाहाट वन प्रमंडल के तत्वावधान में बुधवार को सोनुवा के पंसुवा में 74वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी शामिल हुई। मौके पर मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि पेड़ व मनुष्य के बीच संबंध अटूट है। इसके बिना हमारा जीवन असंभव है। पेड़ पर हमारा जीवन निर्भर करता है।

पेड़-पौधों का महत्व हमें समझना होगा। हमारा ग्रामीण जीवन वनोपज के उपर आश्रित है। वहीं हमारा आय का प्रमुख श्रोत है। कहा इस धरती पर मनुष्य आने से पूर्व पेड़, पौधे थे। हम पेड़, पौधों को बचा पाएंगे तो तभी वन महोत्सव को सफल होगा। मौके पर पोड़ाहाट के डीएफओ आलोक कुमार वर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे पहाड़ जंगल को बचाएंगे तो हम भी बचेंगे। जंगल की कटाई कानूनन जुर्म है। कहीं भी अगर जंगल की कटाई होती है तो इसकी सूचना वन विभाग या पुलिस को देन की अपील की। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में उपस्थित रहे बीडीओ नंदजी राम, सीओ सागरी बराल, प्रमुख नंदनी सोय, रेंजर शंकर भगत, अखिलेश कुमार त्रिपाठी, राजेश्वर प्रसाद, ललन उरांव, मुखिया सोहन माझी ने भी अपने संबोधन में पेड़-पौधों का महत्व बताते हुए पौधारोपण कर उसे पेड़ के स्वरुप तक जीवित रखने का प्रयास करने व जंगल की सुरक्षा को लेकर जागरुक होने का आह्वान किया। मौके पर मंत्री जोबा माझी समेत अन्य अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा की संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री जोबा माझी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके काफी संख्या में स्कूली बच्चे, शिक्षक, ग्रामीणों के अलावा वन विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

एक नजर में

## जालसाजी के आरोप में दो पूर्व प्रबंधक गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत चतरोचटी थाना क्षेत्र की पुलिस ने कृषि साख सहयोग समिति चिपरी से जालसाजी कर पैसे निकालने वाले समिति के दो पूर्व प्रबंधक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मगर विडंबना है कि शिकायतकर्ता का निधन हो चुका है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि 2017 में हुरलुंग पंचायत के करमाटांड निवासी दुखन महतो ने उक्त बैंक में एक लाख चालीस हजार रुपए जमा किया था। उक्त रकम को तत्कालीन प्रबंधक प्रभुनारायण महतो और कामेश्वर सिंह ने जालसाजी कर निकाल लिया। प्रभुनारायण महतो बड़की सिधाबारा गांव एवं कामेश्वर सिंह चिपरी गांव के रहने वाले हैं।

पेज 1 का शेष

### सरकार हर मुद्दे पर...

उन्होंने केंद्र सरकार की योजना के तहत गरीबों के लिए लंबित सात लाख से अधिक मकान के निर्माण तथा संविधान की आठवीं अनुसूची में हो, मुंडारी और भूमिज को शामिल किये जाने की मांग भी रखी। **दोनों पक्षों के नेता हुए शामिल :** सत्र में सुचारू कामकाज के लिए चर्चा को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में दोनों सदनों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भाग लिया। संसदीय ग्रंथालय भवन में हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा कांग्रेस सांसद जयराम रमेश, अधीर रंजन चौधरी आदि शामिल हुए। बैठक में आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल, तेलुगु देशम पार्टी के जयदेव गल्ला, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, अन्नाद्रमुक के एम थम्बीदुरई, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, अपना दल की अनुप्रिया पटेल, आईयूएमएल के ई टी मोहम्मद बशीर आदि ने भी भाग लिया।

### भारत ने पाकिस्तान को...

**भारत की शानदार जीत :** पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद हारिस ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उनकी टीम 48 ओवर में 205 रन पर सिमट गयी। जवाब में टीम इंडिया ने 36.4 ओवर में दो विकेट पर 210 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। अभिषेक शर्मा 20 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान यश ढुल 21 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए मुबासिर खान और मेहरान मुमताज ने एक-एक विकेट लिये। इमर्जिंग एशिया कप के ग्रुप बी भारत ए एक भी मैच नहीं हारा। टीम इंडिया इस जीत के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर रही। उसके तीन मैच में छह अंक हैं। वहीं, पाकिस्तान को पहली हार का सामना करना पड़ा है। उसके तीन मैच में अब चार अंक हैं। ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर दो अंक के साथ नेपाल है। वहीं, यूएई की टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई। भारत ने पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। 21 जुलाई को उसका मुकाबला बांग्लादेश से होगा। वहीं, एक अन्य सेमीफाइनल में पाकिस्तान की टीम उसी दिन श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी।

### बेहतर शिक्षा के साथ खेलों...

**शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर विशेष ध्यान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा सरकारी विद्यालय में देंगे। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इसका उदाहरण है। यहां के शिक्षकों को आईआईएम से प्रशिक्षण दिलाया गया है। प्रिंसिपलए वाइस प्रिंसिपल और विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। वहीं, खेल और संगीत की भी पढ़ाई होगी। राज्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास की दिशा में भी कई योजनाएं चल रही हैं। गांव-पंचायतों में खेल मैदान विकसित किये जा रहे है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। **महाराष्ट्र में मजदूरों का सेंटर खुलेगा :** सीएम ने कहा कि राज्य से रोजगार के लिए बड़ी संख्या में मजदूरों का पलायन होता है। इन मजदूरों के कल्याण एवं हितों के संवर्धन के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में विभिन्न राज्यों के साथ समझौता करने की कार्य योजना बनायी है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र के साथ समझौता हो चुका है। वहां झारखंड के मजदूरों के लिए सेन्टर होगा। अधिकारी भी प्रतिनियुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी बुजुर्गों दिव्यांगों और विधवाओं को पेंशन दे रहे हैं। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना है। इस मौके पर उन्होंने 793810.621 लाख रुपये की लागत वाली 188 योजनाओं की गिरिडीह वासियों को सौगात दी। 15 हजार लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। समारोह में मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री बेबी देवी, विधायक सरफराज अहमद, वनोद कुमार सिंह,योगेंद्र महतो और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे के साथ जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### डीएसपी को गोली मारने वाला...

**क्या है पूरा मामला :** एटीएस की टीम ने अमन साहू गिरोह के चंदन साव समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने गैंग के सदस्य बॉबी खान के बारे में जानकारी दी थी। पुलिस ने बॉबी खान का लोकेशन ट्रैक किया था। एटीएस और रामगढ़ पुलिस की टीम संयुक्त रूप से बॉबी खान को गिरफ्तार करने के लिए पतरातू इलाके में गयी थी। टीम रात करीब 8.30 बजे जब सरना उच्च विद्यालय के पास पहुंची तो उस वक्त बॉबी खान एक अन्य युवक के साथ बाइक से जा रहा था। टीम ने जैसे ही बॉबी खान को पकड़ने की कोशिश की तो बाइक के पीछे बैठे अपराधी ने ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान डीएसपी और दारोगा को गोली लग गयी।

### नमामि गंगे प्रोजेक्ट में करंट...

हादसा इतना भयंकर था कि एक को करंट से बचाने के लिए जानेवाले सभी लोग इसके शिकार बनते गये। जानकारी के अनुसार नमामि गंगे प्रोजेक्ट में बीती रात को साइट पर बिजली का तीसरा फेस डाउन हो गया था और सुबह इसी तीसरे फेज को जोड़ा गया था। इसके बाद परिसर में करंट दौड़ गया। एसटीपी का केबिन लोहे का बना है, वहां स्पार्किंग हुई और लोहे की रेलिंग से करंट फैला। साइट के केयर टेकर गणेश लाल का कॉल नहीं लग रहा था, जिसके बाद उसके परिजनों ने साइट पर आकर देखा तो पता चला कि गणेश की करंट लगने से मौत हो गयी है। कई अन्य ग्रामीण भी साइट पर पहुंचे। इस दौरान वहां दोबारा से करंट फैल गया, जिससे पुलिस सहित कई लोग करंट की चपेट में आ गये। **लैंडस्लाइड से 8 की मौत, वैष्णोदेवी हेलीकॉप्टर सेवा रुकी :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के ऊपरी इलाकों में बुधवार को बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी। पुलिस और स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। पहाड़ दरकने से कई रास्ते बंद हो गये हैं। इससे उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों के कई इलाके कट गये हैं। खराब मौसम के कारण राहत-बचाव कार्य में भी परेशानी आ रही है। एहतियात के तौर पर माता बैष्णो देवी के लिए हेलीकाप्टर यात्रा फिलहाल रोक दी गयी है।

### मुझे किसी पद का लालच...

इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस के नाम और उनको संयोजक नहीं बनाने के सवाल पर नीतीश कुमार ने कहा कि मुझे संयोजक या किसी भी पद का कोई लालच नहीं है। मैंने जो सुझाव दिये हैं, उनपर विचार किया गया है। सीएम ने कहा कि मुझे राजगीर आना था, इसलिए शाम को ही पटना के लिए निकलना पड़ा। मेरा मन तो राजगीर आने का हो रहा था। वैसे सुबह आने वाले थे लेकिन फ्लाइट की वजह से शाम को ही निकलना पड़ा। भाजपा के लोगों के चक्कर में मत पड़ें। वो लोग बैठक में गये थे क्या? सर्वसम्मति से सारी बातों पर सहमति बन गयी है। मुझे किसी पद का कोई लालच नहीं है। मेरा एक ही मकसद है भाजपा को सत्ता से हटाना।

स्पीड न्यूज

### पाक में इमारत की दीवार ढही, 11 मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के नून थाना क्षेत्र में पेशावर रोड पर बुधवार को मूसलाधार बरसात के दौरान एक इमारत की दीवार ढह गई। मलबे में दबने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। मलबे में और भी लोगों के दबे होने की आशंका है।सभी मृतक मजदूर हैं। छह घायलों को भी लाया गया है। इनमें एक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इस्लामाबाद और रावलपिंडी शहर में मानसून की बरसात आफत बनकर आई है। दोनों शहर लगभग जलमग्न हैं।

### इमरान की जमानत 26 जुलाई तक बढ़ी

**इस्लामाबाद,।** इस्लामाबाद की आतंकवाद निरोधी अदालत ने संघीय न्यायिक परिसर और इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर हिंसा से संबंधित तीन मामलों में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जमानत अवधि 26 जुलाई तक बढ़ा दी है। इमरान के खिलाफ मार्च में राजधानी की रमना पुलिस ने दो मामले दर्ज किए थे। उन पर दोनों स्थानों में हिंसक भीड़ का नेतृत्व करने का आरोप लगाया गया था।

### उत्तर कोरिया ने दागी दो बैलिस्टिक मिसाइल

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार तड़के पूर्व की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। उत्तर कोरिया ने यह कदम उठाकर वाशिंगटन, जापान और दक्षिण कोरिया को संकेत दिया है कि उसे कमजोर न समझा जाए।जापान और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने कहा है कि चार दशक में पहली बार अमेरिकी बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी के दक्षिण कोरिया के बंदरगाह पर पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद उत्तरी कोरिया ने यह हरकत की है। सियोल ने कहा है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया सुरक्षा वार्ता के उद्घाटन सत्र के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर में दो कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। यह वार्ता सियोल से 320 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व बुसान में प्रमुख नौसैनिक अड्डे पर हुई।

### विदेशी यात्रियों की अब नहीं होगी आरटी-पीसीआर जांच

**नयी दिल्ली।** दुनिया में कोरोना की स्थिति में सुधार को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को भारत आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए दिशा-निर्देशों में बदलाव किया है। संशोधित कोरोना दिशा-निर्देशों में 2 प्रतिशत लोगों के आरटी-पीसीआर टेस्ट की आवश्यकता को हटा दिया गया है। यानी अब एयरपोर्ट पर विदेशी यात्रियों को कोरोना की जांच से नहीं गुजरना पड़ेगा। यह नियम 20 जुलाई से लागू होंगे।हालांकि हवाई यात्रा के दौरान उदघोषणा, मास्क लगाने और शारीरिक दूरी जैसे आवश्यक उपाय जारी रहेंगे।

### कर्नाटक विस से भाजपा के 10 विधायक निलंबित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू टी कादर ने बुधवार को सदन में अशोभनीय और अपमानजनक आचरण के लिए भाजपा के 10 विधायकों को विधानसभा के शेष सत्र से निलंबित कर दिया। वहीं, विपक्षी दल भाजपा और जद(एस) ने कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यू टी कादर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सचिव को दिया है।

### जोधपुर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या

**जोधपुर/जयपुर।** राजस्थान के जोधपुर जिले में बुधवार को एक ही परिवार के चार सदस्यों की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई और शवों को जलाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों में छह महीने की बच्ची भी शामिल है। पुलिस इस मामले में मृतकों के एक रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है।

# 11 दलों के 91 सांसद एनडीए और इंडिया के साथ नहीं

**एजेंसी**

**वाईएसआर कांग्रेस , बीआरएस बीजद, एआईएमआईएम, तेदेपा, शिअद, एआईयूडीएफ, जनता दल (सेक्युलर), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और शिरोमणि अकाली दल (मान) भी अभी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं**

- **लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा : मायावती**
- **एआइएमआइएम को अछूत की तरह किया जा रहा है व्यवहार : ओवैशी**

**नयी दिल्ली।** देश में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सत्ताधारी और विपक्षी दलों की तैयारियां शुरू हो गईं हैं। एक ओर जहां कांग्रेस के नेतृत्व में बंगलूरू में 26 विरोधी दल इकट्ठा हुए। वहीं दूसरी ओर भाजपा नीत एनडीए के जमावड़े में 39 दलों ने चुनावी रणनीति पर माथापच्ची की। हालांकि, इस बीच देशभर के 11 राजनीतिक दल ऐसे भी हैं जो दोनों में से किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनें। इन 11 दलों के कुल 91 सांसद हैं और अपने-अपने असर वाले राज्यों में उनकी प्रभावी उपस्थिति भी है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा से लोकसभा में कुल 63 सदस्य चुनकर पहुंचते हैं। इन तीनों राज्यों की सत्तारूढ़ पार्टियां क्रमशः वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और बीजू जनता दल (बीजद) दोनों गठबंधनों से दूर हैं। कांग्रेस और 25 विपक्षी दलों ने मंगलवार को बेंगलुरु में बैठक कर अपने गठबंधन का नाम इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) तय किया। दूसरी तरफ, मंगलवार को ही भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की बैठक हुई जिसमें 39 दल शामिल हुए। वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस और बीजद के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी एक ऐसी महत्वपूर्ण पार्टी है जिसने तटस्थ रुख अपनाया है। बसपा का उत्तर प्रदेश में मुख्य आधार है और कई अन्य राज्यों में भी उसकी मौजूदगी है। वह एक राष्ट्रीय पार्टी है और लोकसभा में उसके 9 सदस्य हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा), शिरोमणि अकाली दल (शिअद), ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ), जनता दल (सेक्युलर), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और शिरोमणि अकाली दल (मान) भी अभी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। वाईएसआर कांग्रेस और बीजद ने ज्यादातर मौकों पर संसद में सत्तापक्ष के समर्थन में मतदान किया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने केंद्रीय योजनाओं को पर्याप्त समर्थन न देने के लिए भाजपा की आलोचना की है और पार्टी के सांसदों से, गुरुवार को शुरू होने जा रहे संसद के मानसून सत्र में यह मुद्दा जोरशोर से उठाने के लिए कहा है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी के साथ राजनीतिक अछूत की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी देश के कुछ अन्य हिस्सों में विस्तार का प्रयास कर रही है।

**पेंच फंसा तो ये किंगमेकर**



| पार्टी | लोकसभा सांसद | राज्यसभा सांसद |
|---|---|---|
| वाईएसआर कांग्रेस | 22 | 9 |
| बीजद | 12 | 9 |
| बीआरएस | 9 | 7 |
| बसपा | 9 | 1 |
| एआईएमआईएम | 2 | 0 |
| टीडीपी | 3 | 1 |
| शिअद (मान) | 1 | 0 |
| एआईयूडीएफ | 1 | 0 |
| जेडीएस | 1 | 1 |
| आरएलपी | 1 | 0 |
| शिअद | 2 | 0 |

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मध्यस्थता विधेयक में संशोधन को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मध्यस्थता विधेयक में संशोधन को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी, जिसमें मध्यस्थता की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समयावधि को 360 दिन से घटाकर 180 दिन करने का प्रस्ताव किया गया है।

संसद के गुरुवार से शुरू होने वाले सत्र के दौरान यह संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। मध्यस्थता विधेयक दिसंबर 2021 में राज्यसभा में पेश किया गया था। बाद में इसे संसद की विधि एवं कार्मिक संबंधी समिति को भेज दिया गया था।

यह विधेयक उच्च सदन में लंबित है और इसे वाणिज्यिक या उससे अलग विवादों के समाधान के लिए, संस्थागत मध्यस्थता को बढ़ावा देने के साथ ही मध्यस्थता संबंधी समझौतों को लागू करने की खातिर लाया गया था।

# बेंगलुरु में 5 आतंकी गिरफ्तार

## भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**एजेंसी**

- **सात पिस्तौल, 45 कारतूस, बड़ी संख्या में वॉकी-टॉकी, 12 मोबाइल फोन समेत अन्य सामान जब्त**
- **सैयद सोहेल खान, मोहम्मद उमर, जाहिद तबरेज, सैयद मुदासिर पाशा और मोहम्मद फैसल सीसीबी के हत्थे चढ़े**

**बेंगलुरु।** आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए कट्टरपंथी बनाए गए पांच संदिग्धों को हथियार और गोलाबारूद के साथ बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने उनके कब्जे से सात पिस्तौल, 45 कारतूस, बड़ी संख्या में वॉकी-टॉकी, 12 मोबाइल फोन सहित अन्य सामान जब्त किए हैं। गिरफ्तार संदिग्धों के खिलाफ सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधान के तहत मामला दर्ज किया गया। संदिग्धों की पहचान सैयद सोहेल खान, मोहम्मद उमर, जाहिद तबरेज, सैयद मुदासिर पाशा और मोहम्मद फैसल के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पांचों संदिग्धों को एक बड़ी साजिश रचते समय शहर के सुल्तानपाल्या इलाके के कनकनगर में एक पूजा स्थल के पास गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पांचों संदिग्धों को लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी और सरगना टी. नजीर ने यहां के केंद्रीय कारागार में कट्टरपंथी बनाया था। इस मामले में नजीर आरोपी संख्या एक है जबकि उसके साथी जुनैद को दूसरा आरोपी बनाया गया है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बुधवार को बताया केंद्रीय अपराध शाखा ने असामाजिक ताकतों का भंडाफोड़ करने में सफलता हासिल की है और उनके नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया है। हेब्बल थाना क्षेत्र में एक स्थान पर छापेमारी कर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों को टी. नजीर ने जुनैद के साथ मिलकर कट्टरपंथी बनाया जो 2008 में बेंगलुरु में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में आरोपी है और मौजूदा समय में पराप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में कैद है जबकि जुनैद विदेश भाग गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार संदिग्धों पर हत्या, डकैती, लाल चंदन की तस्करी और कई अन्य



आरोप हैं। ये लोग नजीर के संपर्क में थे। दयानंद ने कहा कि हमने उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आगे की जांच से पता चलेगा कि आतंकी गतिविधि में और कितने लोग शामिल हैं और वे किस संगठन से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार संदिग्धों को विदेश में छिपे उसके एक आतंकी सरगना ने हथियार और अन्य सामान उपलब्ध करवाया और उसे शहर में बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने के निर्देश दिये थे। उन्होंने बताया कि गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के साथ-साथ संदिग्ध आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 121 के तहत भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने, हथियार इकट्ठा करने का मामला भी दर्ज किया गया। इन संदिग्धों को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इस सफलता के लिए पुलिस को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया कि विनाशकारी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे पांच संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार करके एक बड़े हमले को रोकने में सफल सीसीबी को बधाई। हम आतंकवादी गतिविधियों सहित किसी भी प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों का पता लगाने और ऐसी ताकतों को राज्य से उखाड़ फेंकने के लिए हमेशा तैयार हैं। हमारी सरकार प्रदेश में हर किसी को सुरक्षित जीवन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### लश्कर के साथ हमले की बना रहे थे योजना

पुलिस आयुक्त ने बताया कि नजीर का पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंध है तथा उसके गिरोह के सदस्य बड़ी आंतकी साजिश को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जुनैद पर 2017 में अपने कारोबारी प्रतिद्वंद्वी नूर अहमद की हत्या का आरोप है। दयानंद ने बताया कि अहमद की हत्या के मामले में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, पांचों संदिग्ध इसी हत्या मामले में गिरफ्तार किये गये 21 लोगों में से हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पांचों संदिग्ध आतंकवादी एक हत्या मामले में 18 महीने जेल में थे और जमानत पर बाहर आए हैं।

# जगदीश टाइटलर के खिलाफ फैसला कल

**सिख दंगा मामला**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में कांग्रेस के पूर्व नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 21 जुलाई को फैसला सुनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 7 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।इसके पहले कोर्ट ने आर्म्स डीलर अभिषेक वर्मा के बयान दर्ज करने में देरी पर सीबीआई को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि इस मामले के 35 साल बीत गए और कई बार जांच में तेजी लाने के आदेश दिए गए। गवाह भी आगे आए, लेकिन सीबीआई केवल धारा 161 के तहत बयान दर्ज कर संतुष्ट हो गई। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा था कि उन बयानों पर गवाहों के दस्तखत तक नहीं हुए हैं। कोर्ट ने कहा था कि अगर सीबीआई चाहती है तो वो अभिषेक वर्मा का बयान धारा 164 के तहत दर्ज कर सकती है। धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट बयान दर्ज करता है। अभिषेक वर्मा ने 2017 में दिल्ली पुलिस को



शिकायत दी थी और अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की थी। अभिषेक वर्मा को ई-मेल के जरिये जान से मारने की धमकी दी गई थी। अभिषेक वर्मा 1 नवंबर, 1984 में दिल्ली के पुलबंगश में तीन सिखों की हत्या के मामले में गवाह हैं। 1 नवंबर, 84 को जिन सिखों की हत्या हुई थी उनमें बादल सिंह, ठाकुर सिंह और गुरचरण सिंह हैं। तीनों की हत्या पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद की गई थी। इस केस को नानावटी कमीशन ने दोबारा खोलने का आदेश दिया था। सीबीआई ने इस मामले में टाइटलर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 109 और 302 के तहत लगाया है।

# सियाचिन में आग से सेना के एक अधिकारी शहीद

**एजेंसी**

**सियाचिन।** सियाचिन ग्लेशियर में बुधवार को सैन्य कैंप के अंदर आग लगने से सेना के एक अधिकारी की मौत हो गई, जबकि तीन जवान घायल हो गए। सेना के अधिकारियों ने बताया कि ग्लेशियर में आग लगने से घायल हुए जवानों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचा दिया गया है। उन्होंने कहा कि घटना के दौरान गंभीर रूप से झुलसने के कारण रेजिमेंटल मेडिकल ऑफिसर कैप्टन अंशुमान सिंह की मौत हो गई है। तीन अन्य जवानों को धुएं के कारण सांस लेने में तकलीफ हुई और वह गंभीर रूप से झुलस गए। उपचार के लिए उन्हें सुरक्षित हवाई मार्ग से अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां पर उनका उपचार जारी है। आग लगने की घटना की जांच जारी है।

### तीन जवान झुलसे



### इंडिया की टैगलाइन होगी जीतेगा भारत

नयी दिल्ली। विपक्ष के 26 दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की टैगलाइन जीतेगा भारत तय की गई है। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस टैगलाइन को क्षेत्रीय भाषाओं में भी तय किए जाने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में मंगलवार को हुई बैठक के दौरान कई नेताओं को लगा कि गठबंधन के नाम में भारत शब्द भी शामिल होना चाहिए। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि जीतेगा भारत को टैगलाइन में इस्तेमाल करने का फैसला किया गया। सूत्रों का कहना है कि विपक्ष के कई नेताओं की सहमति और प्रयास से यह टैगलाइन चुनी गई

# सेंसेक्स पहली बार 67,000 पार

## निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड, 19833 पर पहुंचा

**एजेंसी**

**मुंबई।** शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 302 अंक से अधिक चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने तथा वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख से बाजार में तेजी रही।कारोबारियों के अनुसार, सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। सेंसेक्स 302.30 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 67,097.44 अंक पर बंद हुआ। यह पहली बार है जबकि सेंसेक्स



67,000 अंक के स्तर के पार बंद हुआ है। कारोबार के दौरान यह 376.24 अंक की तेजी के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 67,171.38 अंक पर भी पहुंचा। निफ्टी भी 83.90 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 19,833.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 102.45 अंक चढ़कर 19,851.70 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, आईटीसी, पावर ग्रिड और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहें। इंडसइंड बैंक का वित्तीय परिणाम आने के बाद बैंक का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एयरटेल, मारुति, यूनिलीवर, नेस्ले शामिल हैं।

### असम के सीएम ने सोशल मीडिया की प्रोफाइल से इंडिया हटाकर लिखा भारत

गुवाहाटी। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफाइल बदल दी है। सोशल मीडिया के ट्विटर और फेसबुक एकाउंट पर मुख्यमंत्री ने अपनी पहले की प्रोफाइल पर चीफ मिनिस्टर असम, इंडिया को बदलकर चीफ मिनिस्टर असम, भारत कर दिया है। देश की 26 विपक्षी राजनीतिक दलों ने भाजपा को हराने के लिए विपक्षियों ने एक मोर्चा इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्ल्युएसिव अलायंस' बनाया है, जिसका संक्षिप्त नाम इंडिया रखा गया है। सरमा ने इस गठबंधन के गठन के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उसके बाद मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर प्रोफाइल में इंडिया नाम हटाकर भारत शब्द जोड़ दिया है।

# परमार ने स्विमिंग पूल के किनारे फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

**मुंबई।** एक्ट्रेस दिशा परमार और उनके पति गायक राहुल वैद्य जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। प्रेग्नेंट के दौरान फिलहाल इस फेज को खूब एन्जॉय कर रही हैं, हाल ही में उन्होंने अपने लिए कुछ समय निकाला और आराम किया। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली दिशा ने हाल ही में एक फोटो शेयर की है और ये काफी चर्चा में है। स्विमिंग पूल के किनारे रिलैक्स करते हुए दिशा ने मोनोकिनी में अपना बेबी बंप भी फ्लॉन्ट किया। मैरून कलर की इस ड्रेस में दिशा का लुक इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब वायरल है।

दिशा का ये नया अवतार कई लोगों को पसंद आया। उनकी फोटो पर कई लोगों ने लाइक और कमेंट किए हैं, लेकिन कुछ फैंस को उनका ये लुक बिल्कुल भी पसंद



नहीं आया। कई लोगों ने दिशा को मोनोकिनी पहनने के लिए ट्रोल भी किया है। इस पर कई कमेंट्स आए हैं, जिनमें से कुछ को साफ तौर पर यह लुक पसंद नहीं आया। दिशा सीरियल ह्यप्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्याराह्न में पंखुड़ी के किरदार से लोकप्रिय हुईं। इस शो में वह नकुल मेहता के साथ नजर आईं थीं।

### भोजपुरी फिल्म सुंदरी का फर्स्ट लुक रिलीज

भोजपुरी सिनेमा में धमाकेदार एंट्री कर रहे हैंडसम हीरो मैचोमैन आकाश यादव मोस्ट अवेटेड फिल्म सुंदरी को लेकर इन दिनों सुर्खियों में हैं। फिल्म में उनकी सुंदरी बनी हैं भोजपुरी की ड्रीम गर्ल शुभी शर्मा। उनकी रोमांटिक जोड़ी में इस फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज किया है। भोजपुरी जगत की अब तक की बड़ी हॉरर कॉमेडी भोजपुरी फिल्म सुंदरी में जय यादव और आकाश यादव दो हीरो हैं। इस फिल्म की हीरोइन शुभी शर्मा और यामिनी सिंह हैं। उनकी चौकड़ी फुल टू धमाल मचाने वाली है, जोकि ऑडियंस के लिए बहुत रोमांचक होगी। एक्टर आकाश यादव भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में जोर शोर से पदार्पण कर रहे हैं और




अपने लुक व प्रतिभा से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। वे बॉडी फिटनेस और एक्टिंग पर काफी मेहनत कर रहे हैं। वे अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर जहां काफी उत्साहित हैं, वहीं फिल्म की शूटिंग और एडिटिंग के समय उनके अभिनय व लुक की काफी प्रशंसा की गई है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



### दया माता को हिमालय में दिया दर्शन

मनाते हैं। बताते हैं अनेक वर्षों के पश्चात सन् 1963 में बाबाजी ने वाईएसएस/एसआरएफ की तीसरी अध्यक्ष दया माता को अपनी पूरी महिमा के साथ दर्शन दिये थे, जब वे हिमालय में द्वाराहाट के निकट पवित्र गुफा की तीर्थयात्रा पर गयी हुई थीं, जहां ऐसा माना जाता है कि बाबाजी ने कुछ समय तक निवास किया था। इसी पवित्र स्थल पर उन्होंने श्री श्री लाहिड़ी महाशयजी को क्रियायोग के लुप्त विज्ञान की दीक्षा प्रदान की थी। दया माताजी ने महागुरु से उनके सच्चे स्वरूप के विषय में जानने की इच्छा व्यक्त की थी तो उनके इस मधुर प्रश्न का उत्तर दिया था, मेरी प्रकृति प्रेम है क्योंकि केवल प्रेम ही इस संसार को परिवर्तित कर सकता है।

### आधुनिक युग महाअवतार

महावतार बाबाजी के जन्म और जीवन से सम्बंधित कोई ऐतिहासिक अभिलेख नहीं है। अपनी योगी कथामृत में परमहंस योगानन्दजी ने लिखा है कि अमर अवतार बाबाजी अनगिनत वर्षों से भारत के सुदूर हिमालय की कंदराओं में निवास करते हैं। बाबाजी कभी कभी सौभाग्यशाली शिष्यों के समक्ष प्रकट होते हैं।

समय युवा संन्यासी (योगानन्दजी) अपने उस महान् उद्देश्य जो उन्हें अमेरिका में पूरा करना था उसकी सफलता के लिए दैवीय आश्वासन हेतु गहन प्रार्थना कर रहे थे। बाबाजी ने उनसे कहा था, ह्लअपने गुरु की आज्ञा का पालन करो और अमेरिका जाओ, डरो मत; तुम सुरक्षित रहोगे। पश्चिम में क्रियायोग का विस्तार करने के लिए मैंने तुम्हारा चुनाव किया है।

प्राचीन भारत में कृष्ण, राम, बुद्ध तथा पतंजलि जैसे अवतार हुए। दक्षिण भारत के एक अवतार अगस्त्य पर विपुल काव्य-साहित्य की रचना हुई है। उन्होंने ईसा के पूर्व और ईसा के बाद की अनेक शताब्दियों में अनेक चमत्कार किये हैं और उनके विषय में यह मान्यता है कि वे आज भी सशरीर इस संसार में विद्यमान हैं।भारत में बाबाजी का कार्य रहा है, जिन विशेष कार्यों के लिए अवतार इस जगत में आते हैं, उन कार्यों की पूर्ति में उनकी सहायता करना। इस प्रकार शास्त्रीय वर्गीकरण के अनुसार वे एक महावतार हैं। उन्होंने स्वयं बताया है कि संन्यास आश्रम के पुनःसंगठक एवं अद्वितीय तत्त्वज्ञानी जगद्गुरु आदि शंकराचार्य तथा सुप्रसिद्ध मध्ययुगीन संत कबीर को उन्होंने योग दीक्षा दी थी। 19वीं शताब्दी के उनके मुख्य शिष्य, जैसा कि हम जानते हैं, लाहिड़ी महाशय थे, जिन्होंने लुप्त क्रियायोग विद्या का पुनरुद्धार किया।

# है प्रेम जगत का सार, सार कुछ और नहीं है

**एनके मुरलीधर**

**श्री श्री परमहंस** योगानन्द ने अपने गौरव ग्रन्थ योगी कथामृत में आधुनिक भारत के महावतार बाबाजी के इस वचन का उल्लेख किया है, मैं अपने भौतिक शरीर का कभी त्याग नहीं करूंगा। मेरा यह भौतिक शरीर इस पृथ्वी पर कम से कम कुछ लोगों को सदा दिखाई देता रहेगा। इसी पुस्तक के माध्यम से इस संसार को पहली बार महान अवतार बाबाजी के बारे में पता चला था। उनके अनुयायी मानते हैं कि दैवी आदेश अथवा गहन विनम्रता के कारण ये एकान्तवासी महान लंबे अरसे से बद्रीनारायण के आसपास के उत्तरी हिमालय पर्वतों के पूर्ण निर्जन प्रदेश में अपने स्थूल शरीर में वास कर रहे थे।

उनके अनुयायी मानते हैं कि महागुरु अपने शिष्यों के एक छोटे से समूह के साथ हिमालय के निर्जन पर्वतों में एक स्थान से दूसरे स्थान तक भ्रमण करते रहते हैं। अनासक्त महागुरु के रहस्यमय शब्द डेरा डण्डा उठाओ उनके शिष्यों के समूह के लिए सूक्ष्म शरीर के माध्यम से तत्क्षण किसी अन्य स्थान पर पहुंचने का संकेत होते हैं।

### परमहंस योगानन्द ने योगदा मठ की स्थापना की

जनवरी, 1894 में, प्रयागराज कुम्भ मेले में, बाबाजी ने स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी से भेंट की थी और उन्हें वचन दिया था कि वे उनके पास एक शिष्य को भेजेंगे, जिसे उनको क्रियायोग परम्परा में प्रशिक्षित करना होगा। वे विशेष शिष्य थे श्री श्री परमहंस योगानन्द, जिन्होंने कालान्तर में योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इण्डिया/सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप की स्थापना की, जिसके माध्यम से एक शताब्दी से अधिक समय से ईश्वरीय सेवा की भावना के साथ प्राचीन क्रियायोग विज्ञान का प्रसार कार्य किया जा रहा है।

अपना पवित्र कार्य प्रारम्भ करने के लिए पाश्चात्य जगत को प्रस्थान करने से पूर्व योगानन्दजी को दैवी आश्वासन की आवश्यकता अनुभव हुई। जैसा कि उन्होंने अपनी पुस्तक योगी कथामृत में लिखा है, ह्यअमेरिका जाने का संकल्प तो मेरे मन ने कर लिया था, पर साथ ही ईश्वर की अनुमति और आश्वासन-वाणी सुनने के लिए वह और भी अधिक कृतसंकल्प था।

25 जुलाई, 1920 को योगानन्दजी प्रातःकाल से ही अत्यन्त दृढ़ संकल्प के साथ प्रार्थना करने बैठ गए। जब उनकी प्रार्थना की उत्कटता पराकाष्ठा तक पहुंच गयी, ठीक उसी क्षण उनके कोलकाता स्थित घर के दरवाजे पर दस्तक सुनाई दी। युवा शिष्य को हिमालय के सर्वव्यापी महागुरु का तेज ह्यसहस्त्रों सूर्यों के उदय के समान प्रतीत हो रहा था। उन्होंने मधुर स्वर में बात की, हां, मैं बाबाजी हूं। हम सबके परमपिता ने तुम्हारी प्रार्थना सुन ली है। उन्होंने मुझे तुमसे यह बताने का आदेश दिया है अपने गुरु की आज्ञा का पालन करो और प्रवास करो। डरो मत; तुम्हारा पूर्ण संरक्षण किया जायेगा ह्ल यह अनुभव श्री श्री लाहिड़ी महाशय के दृढ़ विश्वास का साक्षी है कि, श्रद्धापूर्वक स्मरण से भक्त को तत्क्षण आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### हिमालय के द्वाराहाट में बाबाजी का दर्शन

उस महत्वपूर्ण दिवस की स्मृति में सम्पूर्ण विश्व के भक्त प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को बाबाजी स्मृति दिवस के रूप में

### महावतार बाबा ने लुप्त वैज्ञानिक क्रिया योग को पुर्नजीवित किया

महावतार बाबाजी ने ही लुप्त हो चुकी इस वैज्ञानिक क्रियायोग की तकनीक को इस युग में पुनर्जीवित किया है। अपने शिष्य लाहिड़ी महाशय को क्रियायोग की दीक्षा देते हुए बाबाजी ने कहा था, ह्लमैं तुम्हारे माध्यम से उन्नीसवीं शताब्दी में जो क्रियायोग इस संसार को दे रहा हूँ, यह इसी क्रियायोग का पुनःप्रवर्तन है जिसे आज से सहस्त्रों वर्ष पूर्व श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिया था, तत्पश्चात जिसमें पतंजलि, जीसस क्राइस्ट, सेंट जॉन, सेंट पॉल और कुछ अन्य शिष्यों को दीक्षित किया गया था ह्व

### परमहंस योगानन्द जी को 1920 को बाबा ने कहा डरो मत अमेरिका जाओ

1920 में परमहंस योगानन्दजी के अमेरिका गमन से कुछ पूर्व महावतार बाबाजी योगानन्दजी के कोलकाता स्थित निवास में उनके समक्ष प्रकट हुए थे। उस

### बाबाजी ईसामसीह के संपर्क में रहते थे

बाबाजी सदा ईसामसीह के सम्पर्क में रहते हैं। वे दोनों मिलकर जगत के उद्धार के स्पन्दन भेजते रहते हैं और इस युग के लिए मोक्ष प्रदायिनी आध्यात्मिक विधि भी उन्होंने तैयार की है। एक शरीर में रहने वाले और दूसरे शरीर के बिना रहने वाले, इन दो पूर्ण ज्ञानी महागुरूओं का कार्य है राष्ट्रों को युद्ध, वंशविद्वेष, धार्मिक भेदभाव तथा भौतिकवाद की पलटकर आघात करने वाली बुराइयों को त्यागने के लिए प्रेरित करना। बाबाजी आधुनिक युग की प्रवृत्तियों से, विशेषतः पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव और उसकी जटिलताओं से पूर्णतः अवगत हैं, और पूर्व तथा पश्चिम, दोनों में समान रूप से योग के आत्मोद्धारक ज्ञान का प्रसार करने की आवश्यकता का उन्हें भान है।

रांची और लॉस एजेल्स शहर में योगदा मठ आश्रम की स्थापना की गयी जो निश्चित तौर पर भारतीय अध्यात्म के उच्च शिखर है।

## आचार्य श्रीराम शर्मा वचनामृत



इस संसार में प्यार करने लायक.दो वस्तुएँ हैं-एक दुख और दूसरा श्रम। दुख के बिना हृदय निर्मल नहीं होता और श्रम के बिना मनुष्यत्व का विकास नहीं होता। - आचार्य श्रीराम शर्मा

संपदा को जोड़-जोड़ कर रखने वाले को भला क्या पता कि दान में कितनी मिठास है। - आचार्य श्रीराम शर्मा

जीवन में दो ही व्यक्ति असफल होते हैं- एक वे जो सोचते हैं पर करते नहीं, दूसरे जो करते हैं पर सोचते नहीं। - आचार्य श्रीराम शर्मा

मानसिक बीमारियों से बचने का एक ही उपाय है कि हृदय को घृणा से और मन को भय व चिन्ता से मुक्त रखा जाय। - आचार्य श्रीराम शर्मा

मनुष्य कुछ और नहीं, भटका हुआ देवता है। - आचार्य श्रीराम शर्मा

असफलता यह बताती है कि सफलता का प्रयत्न पूरे मन से नहीं किया गया। – श्रीराम शर्मा आचार्य

शारीरिक गुलामी से बौद्धिक गुलामी अधिक भयंकर है। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

ग्रन्थ, पन्थ हो अथवा व्यक्ति, नहीं किसी की अंधी भक्ति। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

जैसी जनता, वैसा राजा। प्रजातन्त्र का यही तकाजा॥ – श्रीराम शर्मा, आचार्य

केवल वे ही असंभव कार्य को कर सकते हैं जो अदृष्य को भी देख लेते हैं। – श्रीराम शर्मा आचार्य

नहीं संगठित सज्जन लोग। रहे इसी से संकट भोग॥ – श्रीराम शर्मा, आचार्य

मनुष्य की वास्तविक पूँजी धन नहीं, विचार हैं। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

प्रज्ञा-युग के चार आधार होंगे - समझदारी, इमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

मन?स्थिति बदले, तब परिस्थिति बदले। - पं श्रीराम शर्मा आचार्य

रचनात्मक कार्यों से देश समर्थ बनेगा। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

संसार का सबसे बडा दिवालिया वह है जिसने उत्साह खो दिया। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

समाज के हित में अपना हित है। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

सुख में गर्व न करें, दु?ख में धैर्य न छोड़ें। - पं श्री राम शर्मा आचार्य

उसी धर्म का अब उत्थान, जिसका सहयोगी विज्ञान॥ – श्रीराम शर्मा, आचार्य

बड़प्पन अमीरी में नहीं, ईमानदारी और सज्जनता में सन्निहित है। – श्रीराम शर्मा आचार्य

जो बच्चों को सिखाते हैं, उन पर बड़े खुद अमल करें तो यह संसार स्वर्ग बन जाय। – श्रीराम शर्मा आचार्य

विनय अपयश का नाश करता हैं, पराक्रम अनर्थ को दूर करता है, क्षमा सदा ही क्रोध का नाश करती है और सदाचार कुलक्षण का अंत करता है। – श्रीराम शर्मा आचार्य

जब तक व्यक्ति असत्य को ही सत्य समझता रहता है, तब तक उसके मन में सत्य को जानने की जिज्ञासा उत्पन्न नहीं होती है। - पं. श्रीराम शर्मा

अवसर तो सभी को जिन्दगी में मिलते हैं, किंतु उनका सही वक्त पर सही तरीके से इस्तेमाल कुछ ही कर पाते हैं। - श्रीराम शर्मा



# भगवान शिव से जुड़ा है उतराखंड का रुद्र प्रयाग शिव की साक्षात अनुभूति के लिए जाना जाता है

उत्तराखंड में स्थित रुद्रप्रयाग अलंकनंदा नदी के पांच प्रयाग में से एक है। अलकनंदा और मंदाकिनी नदी यहां मिलती हैं। पवित्र स्थल केदारनाथ की यहां से दूरी महज 86 किलोमीटर है। हरिद्वार और ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से रुद्रप्रयाग पहुंचा जा सकता है।

कहा जाता है कि इसी जगह पर भगवान शिव ने नारद को आशीर्वाद दिया था और रुद्र अवतार में प्रकट हुए थे। हिमालय के नजदीक होने की वजह से यह जगह काफी खूबसूरत दिखाई पड़ती है और पर्यटक भी यहां आते रहते हैं। रुद्रप्रयाग में कई पवित्र मंदिर भी है जिसे देखने के लिए सालों भर भक्त पहुंचते हैं।

इनमें जगदंबा और शिव मंदिर प्रमुख हैं। इसके साथ-साथ अलकनंदा नदी के पास स्थित कोटेश्वर मंदिर भी श्रद्धालुओं के बीच काफी प्रसिद्ध है। दिल्ली के रुद्रप्रयाग की दूरी करीब 357 किलोमीटर है।

केदारनाथ के अलावा बद्रीनाथ जाने के लिए भी रुद्रप्रयाग से रास्ता है। इसलिए यहां काफी संख्या में लोग आते रहते हैं। 2013 में उत्तरखंड में आई बाढ.की वजह से रुद्रप्रयाग को काफी क्षति हुई थी। कई मकान और पुल ढह गए थे।

दुनिया के बेहतरीन स्थलों में हिमालय के इस संगम स्थल का शुमार है जिसके कारण पूरी दुनिया से लोग यहां घूमने आते हैं। निश्चित तौर पर देश दुनिया के लोग के लिए यह स्थल विशेषकर गर्मियों में एक बड़ा भ्रमण का स्थल है।

## चैतन्य महाप्रभु के विचार



भगवान श्रीचैतन्य महाप्रभु जी ने कहा, 'एकादशी पालन शुद्ध भक्ति का अंग है, उसको न मानने से भक्ति का सर्वनाश हो जाएगा। एकादशी के दिन प्रसाद को प्रणाम करके, उसको अगले दिन पाओ, जब तिथि सम्पूर्ण हो जाए। एकादशी तिथि के दिन वैष्णव लोग केवल मात्र श्रीकृष्ण नाम रस का ही पान करते हुए तृप्त रहते हैं। वे न तो कोई अन्य रस लेते हैं, न ही अन्य कोई बात बोलते हैं। वैष्णव लोग इस दिन सभी प्रकार के भोगों का त्याग करते हैं।'

'शुद्ध वैष्णव तो सदा प्रसाद का ही सेवन करते हैं, अन्य कोई द्रव्य तो वे चखते भी नहीं हैं। एकादशी के दिन तो वैष्णव जन निराहार रहते हैं व अगले दिन पारण करते हुए प्रसाद भोजन करते हैं। एकादशी के दिन वैष्णवजन केवल अनुकल्प अर्थात अन्नरहित फलाहार का प्रसाद लेते हैं। जो अवैष्णव हैं वे एकादशी के दिन नाम प्रसाद पर छल से दिन-रात अपना इन्द्रिय तर्पण करते हैं। पापियों के संग अन्नहार करते रहते हैं व हरिवासर व्रत को अर्थात एकादशी व्रत को नहीं मानते हैं। भक्ति के सभी अंगों को मानने से, भक्ति का सम्मान करने से भक्ति देवी की कृपा प्राप्त होती है। अत? अवैष्णव का संग छोड़, एकादशी का व्रत पालन करना चाहिए।'

प्रसाद सेवन व हरिवासर आपस में विरोधी नहीं हैं, हमें अन्तर समझना चाहिए। भक्ति के एक अंग को मानता और दूसरे से द्वेष करता हो, उस व्यक्ति को बुद्धिहीन जानो। हरिभक्ति के जो भी अंग हों, उसकी जो भी विधि हो, देश-काल नियमानुसार उसको एकान्त भाव से पालन करते हुए भक्ति मार्ग में अग्रसर हो जाओ। सभी भक्ति-अंगों के अधिपति श्रीव्रजेन्द्रनन्दन हैं, जिससे वे सन्तुष्ट होते हों, वही पालन करो।

एकादशी के दिन निद्रा-आहार का वर्जन कर, अन्य दिनों में प्रसाद का निर्मल चित्त से सेवन करना चाहिए। एकादशी का विधान भगवान श्रीचैतन्य महाप्रभु जी से सुनकर सभी वैष्णव बड़े प्रसन्न हुए तथा आनन्द से 'गोविन्द-गोविन्द' पुकारने लगे। राय रामानन्द जी, स्वरूप दामोदर जी इत्यादि 'उड़िया' 'गौड़िया' सभी भक्तों को बड़ा आनन्द आया। हे भाई ! श्रीगौरांग महाप्रभु हमारे प्राणधन हैं। निष्कपट भाव से उनका भजन करो, वे तुम्हें इस भव-सागर से पार कर देंगे तथा साथ ही साथ तुम्हारे शरीर व मन को भी शीतलता प्रदान करेंगे।

# परमहंस योगानन्दजी की योगी कथामृत (अध्याय 33) से उद्धृत

**आधुनिक भारत के महावतार बाबाजी**

बद्रीनाथ के आसपास के उत्तरी हिमालय के पहाड़ आज भी लाहिड़ी महाशय के गुरु बाबाजी की जीवंत उपस्थिति से पावन हो रहे हैं। जन संसर्ग से दूर निर्जन प्रदेश में रहने वाले ये महागुरु शताब्दियों से, शायद सहस्त्राब्दियों से अपने स्थूल शरीर में वास कर रहे हैं। मृत्युंजय बाबाजी एक अवतार हैं। इस संस्कृत शब्द का अर्थ है नीचे उतरना।यह अव, अर्थात नीचे और तृ, अर्थात तरण शब्दों से बना है। हिंदू शास्त्रों में अवतार शब्द का प्रयोग ईश्वरत्व का स्थूल शरीर में अवतरण के अर्थ में होता है।

बाबाजी की आध्यात्मिक अवस्था मानवी आकलन शक्ति से परे है, श्रीयुक्तेश्वरजी ने एक दिन मुझे बताया। मनुष्यों की अल्प बुद्धि को उनकी परात्पर अवस्था का ज्ञान कभी नहीं हो सकता। इस अवतार के योगैश्वर्य की केवल कल्पना करने का प्रयास भी व्यर्थ है। यह अकल्पनीय है।

उपनिषदों में आध्यात्मिक उन्नति की प्रत्येक अवस्था का सूक्ष्मातिसूक्ष्म वर्गीकरण किया गया है। सिद्ध पुरुष जीवन



मुक्त अवस्था (जीवित अवस्था में मुक्ति लाभ) से आगे बढ़ने पर परामुक्त अवस्था (सम्पूर्ण मुक्त – मृत्यु पर विजय) में प्रवेश करता है। परामुक्त पुरुष माया के नागपाश और जन्म-मरण के चक्र से पूर्णतः मुक?त हो चुका होता है। इसलिए परामुक्त कदाचित ही पुनः स्थूल शरीर धारण करता है; और यदि वह पुनः जन?म लेता है, तो संसार पर ईश्वर की आशीर्वाद-वर्षा का माध्यम बन कर आता है। उसे ही अवतार कहते हैं। अवतार पर सृष्टि के कोई नियम लागू नहीं होते; उसका शुद्ध शरीर प्रकाश की मूर्ति मात्र होता है, उस पर प्रकृति का कोई ऋण नहीं होता।

सामान्य दृष्टि को अवतार बाबा जी के शरीर में कोई असाधारण बात नजर नहीं आती; परन्तु कभी-कभी प्रसंगानुरूप उस शरीर की न तो छाया पड़ती है, न ही जमीन पर पदचिन्ह बनता है। ये माया के अंधकार और भौतिक बन्धनों से आंतरिक मुक्ति के बाह्य प्रतीकात्मक प्रमाण हैं। केवल ऐसा भागवत पुरुष ही जीवन और मृत्यु की परस्पर सम्बद्धता के पीछे विद्यमान सत्य को जानता है। उमर खय्याम ने, जिन्हें लोगों ने पूर्णतः गलत समझा है, ऐसे मुक्त मानव के विषय में अपने अमर ज्ञानकाव्य रूबाइयां में लिखा है : **ओ सुहासिनी, ओ विधुवदनी,**

**तेरी आभा है अक्षय।**
**प्रिये देख, हो रहा चन्द्रमा**
**स्वच्छ गगन पर पुनः उदय।।**
**होगा कितनी बार आज के**
**बाद यह उदय इसी प्रकार।**
**और इसी झुरमुट में मुझको**
**खोज-खोज जायेगा हार।।**

अक्षय आभा युक्त सुहासिनी, विधुवदनी, प्रिया पराशक्ति अर्थात ईश्वर है जो एकमात्र कालदोषरहित, स्वयं तेज से भी तेजस्वी शाश्वत तारा है। स्वच्छ गगन पर पुनः उदित चन्द्रमा तो बाह्य सृष्टि है जो उदय-अस्त के नियतकालिक आवर्तनों के नियम से बँधी हुई है। आत्म-साक्षात्कार के द्वारा इस फारसी सन्त ने अपने आपको इस जगत में या माया, अर्थात प्रकृति के झुरमुट में बार-बार लौट आने की विवशता से सदा के लिए मुक्त कर लिया था। और इसी झुरमुट में मुझको खोज-खोज जायेगा हार। किसी चिरमुक्त की खोज करते ब्रह्माण्ड के लिए कैसी घोर निराशा!

*ईसामसीह ने अपने मुक्तात्मा होने का संकेत दूसरे प्रकार से दिया : और एक शास्त्री ने पास आकर उनसे कहा, हे गुरु, आप जहाँ भी जायेंगे, मैं आप के पीछे-पीछे आऊँगा। और यीशु ने उससे कहा, लोमड़ियों के रहने के लिए माँदें हैं, आकाश के पक्षियों के लिए भी घोंसले हैं, परन्तु मानव-पुत्र के लिए सिर टेकने के लिए भी कहीं ठौर नहीं है।*

सर्वव्यापकता के कारण दिग-दिगान्तर में व्याप्त ईसामसीह के पीछे-पीछे जाना क्या सर्वव्यापी परमतत्त्व में विलीन हुए बिना संभव था?इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि इतिहास में बाबाजी का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। किसी भी शताब्दी में बाबाजी कभी जनसाधारण के सामने प्रकट नहीं हुए। उनकी युग-युगान्तर की योजनाओं में गलत अर्थ लगाने वाली प्रसिद्धि की चकाचौंध के लिए कोई स्थान नहीं है। सृष्टि में एकमात्र शक्ति होते हुए भी चुपचाप अपना काम करते रहने वाले स्त्रष्टा की तरह ही बाबाजी भी विनम्र गुमनामी में अपना कार्य करते रहते हैं।